राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 रवींद्र जडेजा पर उठे सवालों के बीच भारतीय टीम प्रबंधन ने मैच रैफरी...

दक्षिण अफ्रीका में बिजली संकट के कारण आपदा की स्थिति की घोषणा.. 12

वर्ष : 10 | अंक : 270 | पटना, शनिवार, 11 फरवरी, 2023 | पौष शुक्ल द्वादशी, विक्रम संवत् 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

इसरो ने एसएसएलवी की सफलता के साथ लघु उपग्रह प्रक्षेपण बाजार में कदम रखा

श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश), एजेंसी

लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) एलवी डी2 ने शुक्रवार को यहां से उड़ान भरने के बाद ईओएस-07 उपग्रह एवं दो अन्य उपग्रहों को उनकी कक्षा में स्थापित कर दिया और इसी के साथ भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एसएसएलवी क्षेत्र में शुक्रवार को अपनी पहली सफलता हासिल कर ली। इसरो को कुछ महीनों पहले अपने पहले मिशन में अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पाए थे। इसरो के इस साल के पहले मिशन और एसएसएलवी की दूसरी विकास उड़ान के दौरान अद्भुत संयोग देखने को मिला। इसे सुबह नौ बजकर 18 मिनट पर प्रक्षेपित किया था और सात अगस्त 2022 को यहां सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से एसएसएलवी ने ठीक इसी समय पहली विकास उड़ान भरी थी। पहली विकास उड़ान कक्षा संबंधी विसंगति और रॉकेट के उड़ान पथ से भटक जाने के कारण अपेक्षित परिणाम हासिल

नहीं कर सकी थी। एसएसएलवी के पहले अपेक्षा पर खरे नहीं उतर पाने के कारण दूसरी विकास उड़ान में सुधारात्मक कदम उठाए गए थे। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने राहत की सांस लेते हुए कहा कि एसएसएलवी ने अपनी दूसरी उड़ान में तीन उपग्रहों को उनकी सटीक कक्षा में स्थापित किया। उन्होंने सभी के चेहरे पर मुस्कान लाने वाले सफल प्रक्षेपण के तुरंत बाद मिशन कंट्रोल सेंट्रल (एमसीसी) से कहा, भारत के अंतरिक्ष समुदाय को बधाई हमारे पास एक नया प्रक्षेपण यान है, लघु उपग्रह एसएसएलवी। एसएलएलवी डी2 ने अपनी दूसरी कोशिश में उपग्रहों को उनकी अपेक्षित कक्षा में सटीकता से स्थापित कर दिया। तीनों उपग्रह दलों को बधाई। सोमनाथ ने कहा कि पिछले एसएसएलवी प्रक्षेपण से संबंधित सभी समस्याओं की पहचान की गई है, सुधारात्मक कदम उठाए गए और उचित समय पर उन्हें लागू किया गया। मिशन निदेशक एस विनोद ने कहा कि इसरो टीम ने सात अगस्त, 2022 की विफलता के तुरंत बाद वापसी की। उन्होंने कहा कि इसरो के पास प्रक्षेपण वाहन समुदाय के लिए अब एक नया प्रक्षेपण यान है। इससे पहले, 34 मीटर लंबे एसएसएलवी ने साढ़े छह घंटे की उल्टी गिनती के बाद सुबह नौ बजकर 18 मिनट पर साफ आसमान में पृथ्वी प्रेक्षण उपग्रह ईओएस-07 और दो अन्य उपग्रहों- अमेरिका के अंतारिस द्वारा निर्मित जानुस-1 और चेन्नई स्थित स्पेस किड्ज इंडिया के आजादीसैट-2 के साथ उड़ान भरी।

मौसम

अधिकतम तापमान 26.0°C

न्यूनतम तापमान 16.0°C

बाजार

सोना	55,00
चांदी	54,300
सेंसेक्स	53,306
निफ्टी	21,503

संक्षिप्त खबरें

मुख्यमंत्री ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व शरद यादव के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व शरद यादव की धर्मपत्नी एवं पुत्र से उनके मधेपुरा स्थित आवास पर जाकर मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। मुख्यमंत्री ने स्व शरद यादव को प्रखर समाजवादी नेता बताया और कहा कि स्व शरद यादव से मेरा बहुत गहरा संबंध था। मुलाकात के दौरान जल संसाधन सह सूचना एवं जन-सम्पर्क मंत्री संजय कुमार झा, शिक्षा मंत्री चन्द्रशेखर एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

राज्यपाल ने पूर्व विधायक के निधन पर जताया शोक

पटना। राज्यपाल फागू चौहान ने सहरसा के पूर्व विधायक संजीव कुमार झा के असामयिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। राज्यपाल ने अपने शोकोद्गार में कहा है कि वह एक कुशल राजनेता तथा समाजसेवी थे। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की चिरशांति तथा शोक संतप्त परिजनों एवं प्रशंसकों को धैर्य, साहस एवं संबल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है।

पूर्व विधायक के निधन पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सहरसा के पूर्व विधायक संजीव कुमार झा के असामयिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे एक कुशल राजनेता एवं समाजसेवी थे। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने समाधान यात्रा के क्रम में पूर्णिया जिले में विकास योजनाओं का लिया जायजा, समस्याओं के समाधान हेतु अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

उपमुख्यमंत्री ने संजीव कुमार झा के निधन पर जताया दुख

पटना। पूर्व विधायक संजीव कुमार झा के निधन पर उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और कहा कि वे सहरसा के कुसल सामाजिक एवम राजनीतिक कार्यकर्ता व स्वयं सेवी के रूप मे पहचाने जाते थे। अपने क्षेत्र की समस्याओं और उनके निदान के प्रति सजग रहा करते थे। ईश्वर उनकी आत्मा को चिर शांति दे।

मुख्यमंत्री ने समाधान यात्रा के क्रम में पूर्णिया जिले की समीक्षा बैठक की, अधिकारियों को दिये निर्देश

आज कल काम न करके सिर्फ प्रचार-प्रसार किया जाता है : नीतीश कुमार

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केन्द्र सरकार पर तंज कसा है। कहा है कि आज कल काम न करके सिर्फ प्रचार-प्रसार किया जाता है। शुक्रवार को पूर्णिया में समीक्षा बैठक के पश्चात पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने यह बाते कही। ईडी के डर से समूचा विपक्ष एकजुट हुआ है वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बारे में उन्हीं से पूछिए। काम के बारे में आज कल कोई चर्चा नहीं कर रहा है। स्व अटल बिहारी बाजपेयी के सरकार में हुए कार्यों की आज कोई चर्चा नहीं करता है। हमको इन सब चीजों से कोई लेना-देना नहीं है। कई राज्यों की सरकारों ने भी बहुत अच्छा काम किया है। हमलोगों ने काफी काम करवाया है। यहां पर किये गये कार्यों की दूसरे जगहों पर प्रशंसा हुई है।

आज कल काम न करके सिर्फ प्रचार-प्रसार किया जाता है। जदयू नेता उपेंद्र कुशवाहा के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग के काम की चर्चा कहीं नहीं होती है लेकिन हमलोगों के खिलाफ लोग कुछ भी बोलते हैं तो उनकी बातें छपती रहती हैं। ऐसी बातों का कोई मतलब नहीं है। किसी ने अपनी इच्छा प्रकट की तो हमने अपनी पार्टी में शामिल कर लिया, अब फिर से खिलाफ में बोल रहे हैं। मुझे इसकी कोई चिंता नहीं है। इसको लेकर हमलोगों की पार्टी में कोई समस्या नहीं है। कही से कोई एलाइनमेंट हो चुका होगा इसलिए वे ऐसा बोल रहे हैं। हमलोग इस पर कोई बात नहीं करना चाहते हैं। विपक्षी दलों की एकजुटता के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी हमलोग समाधान यात्रा पर हैं। पहले हमलोग यहां का काम कर रहे हैं। इसके बाद बिहार विधान मंडल का बजट सत्र है, इसके बाद आगे का देखेंगे। 25 फरवरी को पूर्णिया में होने वाली महागठबंधन की रैली के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि महागठबंधन में शामिल सभी सात पार्टियों का यह कार्यक्रम है। महागठबंधन की यह पॉलिटिकल मीटिंग है। यह अलग चीज है। अभी हमलोग सभी इलाकों का विकास और लोगों की समस्याओं के समाधान का काम देख रहे हैं। सीनियर आईपीएस अधिकारी विकास वैभव के द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारी पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सब फालतू बात

है। हम हमेशा अधिकारियों से कहते हैं कि अगर कोई कुछ बोलता है तो उसकी जांच करा लीजिए, देख लीजिए कि क्या मामला है? अधिकारी का काम ट्वीट करना नहीं है, ये सबसे गंदी चीज है। अगर किसी को कोई समस्या है तो अपने डिपार्टमेंट या अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अपनी समस्या बतानी चाहिए। समस्या को निजी तौर पर बताना चाहिए न कि सार्वजनिक तौर पर। आपको अगर किसी प्रकार की समस्या है तो सही जगह पर जाकर अपनी समस्या बता दीजिए, तुरंत उस पर कार्रवाई होगी। ये तो विचित्र बात है कि कोई ट्वीट कर देगा, कुछ लिख देगा। इसका कोई मतलब नहीं है। इसके बावजूद हमने अधिकारियों को कह दिया है कि कोई भी बात है तो उसे देख लीजिए और फिर हमको बताइए।

केन्द्र सरकार की वजह से एयरपोर्ट के निर्माण में हो रही देरी

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि पूर्णिया में एयरपोर्ट का निर्माण जल्द होगा। पूर्णिया में एयरपोर्ट निर्माण के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि एयरपोर्ट के निर्माण में विलंब होने से मुझे काफी दुख है। सबसे पहले यहां के एयरपोर्ट का निर्माण होना था। वर्ष 2017 में इसको लेकर कई बार मीटिंग हुई थी। दो बार केंद्र सरकार के अधिकारियों ने यहां आकर मीटिंग की थी। मीटिंग कर एक-एक चीजें तय कर दी गयी थीं। अब इतनी देर क्यों हुयी? हमने बिहार सरकार के मंत्री संजय कुमार झा को कहा है कि दिल्ली जाकर बात कीजिए। दरभंगा एयरपोर्ट से पहले पूर्णिया में एयरपोर्ट बनना था लेकिन हमारी बातें नहीं सुनी गई। मुझे आश्चर्य होता है कि पहले से तय होने के बावजूद यहां एयरपोर्ट क्यों नहीं बन रहा है। यहां पर एयरपोर्ट के निर्माण होने से लोगों को बाहर आने-जाने में काफी सुविधा होगी। यहां के अगल-बगल के लोग भी इससे लाभान्वित होंगे। हमलोग लगे हुए हैं कि पूर्णिया में जल्द से जल्द एयरपोर्ट का निर्माण हो जाय। एयरपोर्ट निर्माण को लेकर केंद्र के लोग जो चाहेंगे हमलोग करने को तैयार हैं।

जहां पर वे लोग तय करेंगे वहीं पर हमलोग जमीन उपलब्ध करवा देंगे लेकिन कोई बात ही नहीं कर रहा है। संसद में भी कोई सवाल पूछ रहा है तो उसका जबाव नहीं दिया जा रहा है। मुझे इस पर कुछ भी बोलना अच्छा नहीं लगता है। एयरपोर्ट का निर्माण कराना केंद्र सरकार का काम है। यह राज्य सरकार का काम नहीं है। यहां पर एयरपोर्ट का निर्माण होने से बहुत अच्छा होता, सभी लोगों को सुविधा होती। केंद्र सरकार की तरफ से इस काम में टालमटोल क्यों किया जा रहा है? यह समझ से परे हैं। पूर्णिया एयरपोर्ट के लिये जो तय हुआ था उसके अनुरूप राज्य सरकार ने जमीन मुहैया कराया और केंद्र की मांग पर एनएच तक उसकी कनेक्टिविटी भी कर दी गई, बावजूद इसके काम में विलंब हो रहा है। उन्होंने कहा कि बिहटा में एयरपोर्ट निर्माण के लिये दो बार दिल्ली से टीम आई। 108 एकड़ जमीन की मांग की गई थी। राज्य सरकार ने जमीन भी उपलब्ध करा दी। इसके बाद भी काम रूका हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ से होने वाले कटाव के मद्देनजर कटाव निरोधी कार्य करवाये जा रहे हैं। बाढ़ से क्षतिग्रस्त हो चुके मकानों के पुनर्निर्माण के लिये भी सरकार की तरफ से लोगों को मदद की जा रही है। कटाव को रोकना बहुत आवश्यक है ताकि लोग सुरक्षित रहें। वर्ष 2009 में यहां हर प्रकार से काम करवाया गया। नेपाल की नदियों से आने वाले जल के कारण यहां बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होती है। यह इलाका पष्चिम बंगाल से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी स्थल निरीक्षण कर वहां की जरूरतों के मुताबिक काम करायें ताकि लोगों को बाढ़ की स्थिति में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। बरसात के मौसम में नेपाल से आने वाले पानी के कारण पूर्णिया के समीपवर्ती चार जिलों में काफी तबाही होती है। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के कार्यकाल में बाढ़ की समस्या से निजात दिलाने के संबंध में नेपाल के लोगों से बातचीत भी की गई थी। नेपाल का बिहार से प्रेम का संबंध रहा है।

हम अभी भी दिल्ली जाते हैं तो नेपाल के एंबेसेडर हम से मिलते हैं। आम तौर पर यह देखा गया है कि जिस वर्ष सुखाड़ होता है उसके अगले साल बाढ़ आने का खतरा रहता है। इसको देखते हुए अलर्ट रहिये। बाढ़ हो या सुखाड़ राज्य सरकार की तरफ से हमलोग प्रभावित क्षेत्र के लोगों को राहत पहुंचाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार का एक हिस्सा बाढ़ से, जबकि दूसरा हिस्सा सुखाड़ से प्रभावित रहता है। इसको ध्यान में रखते हुए हमलोगों ने जल-जीवन-हरियाली अभियान शुरू कराया। बैठक में जल संसाधन सह सूचना एवं जन-संपर्क मंत्री संजय कुमार झा, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह, पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री मोआफाक आलम, सांसद संतोष कुमार, विधायक बीमा भारती, विधायक अख्तरुल इमान, विधायक मो सैयद रुकनुद्दीन अहमद, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक आर एस भट्टी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, आयुक्त पूर्णिया प्रमंडल मनोज कुमार, पुलिस महानिरीक्षक पूर्णिया प्रक्षेत्र सुरेश प्रसाद चैधरी, जिलाधिकारी पूर्णिया सुहर्ष भगत, पुलिस अधीक्षक पूर्णिया आमिर जावेद सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

आत्मा की शुद्धि के लिए योग जरूरी : राष्ट्रपति

- ज्ञान प्रभा मिशन के स्थापना दिवस समारोह में राष्ट्रपति शामिल हुईं, बच्चों को संस्कार देने में परिवार व माताओं की भूमिका सबसे अधिक

भुनेश्वर, एजेंसी। जब तक हम आत्मा की शुद्धि पर ध्यान नहीं देंगे तब तक शरीर की शुद्धि नहीं हो सकती। शरीर व आत्मा दोनों को हमें शुद्ध रखना होगा। शरीर की शुद्धि लिए हम काफी कुछ करते हैं। आत्मा की शुद्धि के लिए बाहरी चीजों की आवश्यकता नहीं है, बल्कि योग व ध्यान की आवश्यकता है।' भुवनेश्वर में ज्ञान प्रभा मिशन के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि केवल सामाजिक व आर्थिक उत्थान से काम नहीं चलेगा। यह अधूरा होगा। आत्मिक व आध्यात्मिक विकास भी जरूरी है। भारत पूर्व में विश्वगुरु था। उस समय आध्यात्मिक विकास भी था। उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से हम सुख व शांति से रह पायेंगे। मानसिक शांति का मार्ग है योग। योग कहने पर लोग आमतौर पर शारीरिक क्रिया समझते हैं लेकिन मेरी दृष्टि में योग शरीर व आत्मा का योग है। उन्होंने कहा कि लोगों की भौतिक आशा व आकांक्षाएं बढ़ती जा रही है। हम आध्यात्मिकता पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। सभी लोगों की सभी आकांक्षाएं पूर्ण होना संभव नहीं है। इसलिए जीवन में संतुष्टि आवश्यक है। यह केवल योग द्वारा ही हो सकता है।

केंद्र सरकार आकलन के अनुसार समय पर खाद आपूर्ति सुनिश्चित करे : राजीव रंजन

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जनता दल (यूनाईटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद राजीव रंजन सिंह ललन ने शुक्रवार को लोकसभा में बिहार को कम खाद आपूर्ति किये जाने का मामला उठाते हुए कहा कि केंद्र सरकार अपने आकलन के अनुसार समय पर इसकी आपूर्ति सुनिश्चित करे ताकि कृषि प्रधान राज्य बिहार के किसानों को समय पर खाद मिल सके, उन्हें दिक्कत न हो, उनका पैदावार ढ़ंग से हो सके। क्योंकि बिहार की अर्थव्यवस्था पूर्णतः कृषि आधारित है। श्री सिंह ने खाद आवंटन में भारत सरकार की गलत नीति की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए आज लोकसभा में कहा कि इस वर्ष रब्बी के मौसम में भारत सरकार ने बिहार के लिए 12.70 मैट्रिक टन यूरिया का आकलन किया था। अक्टूबर से फरवरी तक यूरिया खाद की अधिक आवश्यकता है, क्योंकि वह सर्वाधिक आवश्यकता का समय है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस अवधि में आकलन किए गए मात्रा का मात्र 86 प्रतिशत आपूर्ति ही किया गया। 14 प्रतिशत कम आपूर्ति होने के चलते पूरे बिहार में अफरा-तफरा की स्थिति बन गयी। इससे फसल की उत्पादकता प्रभावित होती है, सीधे-सीधे किसान इससे प्रभावित होते हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग किया कि रब्बी का मौसम हो या खरीफ का मौसम हो, आंकलन किए गए मात्रा के अनुसार समय पर आवंटन सुनिश्चित किया जाए। तभी समय पर किसानों को खाद मिल सकेगा और पैदावार प्रभावित नहीं होगी। उन्होंने आगे कहा कि चूँकि खाद पूरे तौर पर केंद्र सरकार के हाथ में है और इसमें राज्य सरकार कुछ नहीं कर सकती।

मुख्यमंत्री ने सात निश्चय के तहत पूर्णिया में कई योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

हमारी इच्छा है कि हर हिंदुस्तानी की थाल में बिहार का एक व्यंजन हो : मुख्यमंत्री

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी ये इच्छा रही है कि हर हिंदुस्तानी की थाल में बिहार का एक व्यंजन हो। उसको आगे बढ़ाने की दिशा में काम हो रहा है, इससे मुझे प्रसन्नता हो रही है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को समाधान यात्रा के क्रम में पूर्णिया जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का जायजा लेने के दौरान कही। कहा कि कहा कि आप सभी जो भी उत्पाद तैयार कर रहे हैं और उसे बाहर सप्लाई कर रहे हैं उस पर पूर्णिया के साथ-साथ बिहार भी अवश्य अंकित कराएं ताकि लोगों को पता चल सके कि यह उत्पाद बिहार के पूर्णिया जिले में तैयार किया गया है।

आज मुख्यमंत्री ने पूर्णिया जिले के कस्बा प्रखंड अंतर्गत सब्दलपुर पंचायत के ढोलबज्जा टोले का भ्रमण कर सात निश्चय योजना एवं अन्य विकास योजनाओं के तहत किये गए विकास कार्यों का जायजा लिया। भ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों

की समस्याएं सुनीं और उनके यथाशीघ्र समाधान हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने मदरसा रियाजुल उलूम, इस्लामपुर सब्दलपुर, ढोलबज्जा का मुआयना कर वहां अध्ययनरत विद्यार्थियों से संवाद किया। विद्यार्थियों ने मदरसे में पठन-पाठन एवं मिल रही सुविधाओं के संबंध में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। मदरसे की छात्राओं ने मुख्यमंत्री के आगमन पर स्वागत गान प्रस्तुत किया। साथ ही मुख्यमंत्री के समक्ष शराब के सेवन से होने वाले नुकसान पर आधारित गीत भी प्रस्तुत किया गया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया गया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने पूर्णिया समाहरणालय प्रांगण में कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, जीविका और समाज कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तीकरण छात्र योजना के तहत मुख्यमंत्री ने दिव्यांगों को बैट्री चालित ट्राई साइकिल की चाबी प्रदान की। प्रदर्शनी अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से कारा विभाग अन्तर्गत केंद्रीय कारा, पूर्णिया में 30 क्षमता वाले महिला कक्षपाल बैरक भवन का शिलान्यास किया। साथ ही अल्पसख्यंक कल्याण विभाग अन्तर्गत डगरुआ प्रखंड में सद्भावना मंडप भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। पूर्णिया जिला मुख्यालय में सहकारिता विभाग अन्तर्गत सहकार भवन के निर्माण कार्य का भी उन्होंने शिलान्यास किया। कृषि विभाग अन्तर्गत मुख्यमंत्री ने कृषि उत्पादन बाजार प्रांगण, गुलाबबाग, पूर्णिया के आधुनिकीकरण कार्य का शिलान्यास किया, जिसकी लागत 1159.10 लाख रुपए होगी।

बैठक | **मुख्यमंत्री ने समाधान यात्रा के क्रम में मधेपुरा जिले की समीक्षात्मक बैठक की**

किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से काम हो : नीतीश

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समाधान यात्रा के क्रम में मधेपुरा जिले में विभिन्न विभागों द्वारा चलायी जा रही विकास योजनाओं की प्रगति के संबंध में बीपी मंडल अभियंत्रण महाविद्यालय, मधेपुरा में जिलास्तरीय समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अन्य जो भी माध्यम हैं उस पर तेजी से काम करें। मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का लाभ सभी को मिले। उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

कृषि कार्य हेतु जो भी इच्छुक किसान विद्युत संपकर्ता के लिए आवेदन देते हैं उन्हें कनेक्शन उपलब्ध कराएं। बैठक में मधेपुरा के जिलाधिकारी श्याम बिहारी मीणा ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिले में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अपने प्रस्तुतीकरण में हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली-नालियां, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, कुशल युवा कार्यक्रम, सात निश्चय-1 के तहत जिले में निर्माण किए जाने वाले भवनों की स्थिति, पॉलिटेक्निक संस्थानों में सेंटर ऑफ एक्सलेंस की स्थापना, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सेंटर ऑफ एक्सलेंस की स्थापना, मत्स्य संसाधन का विकास एवं मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के संबंध में जानकारी दी। क समीक्षा बैठक में जल संसाधन सह सूचना एवं जन-सम्पर्क मंत्री संजय कुमार झा, शिक्षा मंत्री चन्द्रशेखर,

अनुसूचित जाति/जनजाति, कल्याण मंत्री संतोष कुमार सुमन समेत विधान पार्षदगण, विधायकगण, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक आरएस भट्टी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिदार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने मधेपुरा जिले में विकास योजनाओं का लिया जायजा: मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समाधान यात्रा के क्रम में मधेपुरा जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने कचरा प्रसंस्करण इकाई का भी उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने जजहट सबैला पंचायत के ही झिटकिया गाँव में जीविका दीदी द्वारा संचालित पुस्तकालय का उद्घाटन किया। साथ ही जल-जीवन-हरियाली अभियान अंतर्गत पोखर एवं विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने अल्पसंख्यक कल्याण योजना के तहत विद्यार्थियों को प्रोत्साहन योजना के तहत चेक प्रदान किया।

मुख्यमंत्री मुस्लिम परित्यक्तता/तलाकशुदा महिला सहायता योजना के तहत लाभुक को भी मुख्यमंत्री ने चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छात्र योजना के तहत लाभुकों को निःशुल्क बैटरी चालित ट्राई साइकिल वितरित किया गया। मुख्यमंत्री अंतजार्तीय विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत लाभुक को प्रोत्साहन राशि के साथ ही सावधि जमा प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा महिला उद्यमी योजना अंतर्गत श्रीमती प्रीति गोपाल को मखाना प्रोसेसिंग यूनिट लगाने के लिए 10 लाख रुपए की राशि प्रदान की गयी। यह मखाना प्रोसेसिंग यूनिट राष्ट्रीय राजमार्ग-107 पर राजपुर में स्थित है। मुख्यमंत्री को उद्यमी प्रीति गोपाल ने मखाने की माला पहनाकर एवं प्रतीक चिह्न प्रदान कर उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना अंतर्गत लाभुकों को देय राशि का चेक प्रदान किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया एवं लगाये गये स्टॉलों का भी मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया।

संक्षिप्त खबरें

रंतो एक्सप्रेस का डीडीयू मंडल के गया जं. पर ठहराव

पटना। रेल प्रशासन द्वारा सियालदह और बीकानेर के मध्य सप्ताह में चार दिन चलने वाली गाड़ी सं. 12259/12260 सियालदह-बीकानेर-सियालदह एसी दूरंतो एक्सप्रेस का डीडीयू मंडल के गया स्टेशन पर ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है । दिनांक 09.02.2023 से 06.04.2023 तक सियालदह से खुलने वाली गाड़ी सं. 12259 सियालदह-बीकानेर एसी दूरंतो एक्सप्रेस 23.10 बजे गया जं. पहुँचेगी और 23.12 बजे वहां से आगे के लिए प्रस्थान करेगी । इसी तरह दिनांक 09.02.2023 से 06.04.2023 तक बीकानेर से खुलने वाली 12260 बीकानेर-सियालदह एसी दूरंतो एक्सप्रेस 06.47 बजे गया जं. पहुँचेगी और वहां से 06.49 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

पूर्व विधायक के निधन पर शोक

पटना। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने पूर्व विधायक संजीव कुमार झा के निधन पर दुख व्यक्त किया है। अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए पांडेय ने कहा कि विद्यार्थी परिषद से अपनी राजनीति की शुरूआत करनेवाले संजीव झा भाजपा के कई पदों पर रहे। कोसी क्षेत्र में भाजपा के पहले विधायक बने थे। वो सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष के लिए चर्चित थे। ईश्वर दिवंगत नेता की चिर आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य प्रदान करें।

ट्रक से कुचल कर एसएसबी जवान की मौत

दीदारगंज थाना क्षेत्र के सुकुलपुर स्थित फोरलेन पर एसएसबी जवान विवेक कुमार की मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दीदारगंज थाना पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेजा। पुलिस ने उसके पास मिले पहचान पत्र के आधार पर उसकी पहचान की। स्कूटी चला रहे करीब 30 साल के विवेक कुमार की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि नालंदा जिला के परवलपुर थाना क्षेत्र के शंकरडीह गांव के रहने वाले हैं। वे पटना में पदस्थापित थे। किसी काम से वह दीदारगंज गए थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हेंकुचल दिया। इससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना बुधवार की देर रात की है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। इस दौरान एसएसबी के जवानों ने तिरंगा में लपेट जवान विवेक कुमार को अंतिम विदाई दी।

मैरिज हॉल से शादी, घर का ताला तोड़ चोरी

अगमकुआं थाना क्षेत्र के चाणक्य नगर की घटना

अगमकुआं थाना क्षेत्र के चाणक्य नगर में बंद मकान का ताला तोड़ चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान चोरों ने करीब छह लाख की संपत्ति की चोरी कर ली। घटना के संबंध में पीड़ित शिव शंकर पांडेय ने बताया कि बेटी की शादी मैरिज हॉल से होनी थी। इसके लिए परिवार के लोग मैरिज हॉल में गए थे। इसी बीच चोरों ने खिड़की तोड़ कर घर में प्रवेश कर गए और आलमीरा का ताला तोड़ उसमें रखे लगभग तीन लाख नगद और तीन लाख से अधिक के सोने-चांदी के जेवरात की चोरी कर ली। पीड़ित ने इस संबंध में लिखित शिकायत अगमकुआं थाना की पुलिस से की है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामलें में छानबीन की। इस दौरान आसपास के सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाल रही है।

सशक्त समिति के सदस्यों का हुआ शपथ ग्रहण

फतुहा। नगर परिषद के सशक्त समिति सदस्यों का शुक्रवार को पटना सिटी अनुमंडल एसडीओ कार्यालय में एसडीओ मुकेश रंजन की उपस्थिति में शपथ ग्रहण कराया गया। सशक्त समिति सदस्य में मुख्य पार्षद रुपा कुमारी, उपमुख्य पार्षद अंजनी कुमारी, वार्ड नं 11के पार्षद सुजाता देवी, वार्ड नं 16 के पार्षद संतोष कुमार चंद्रवंशी और वार्ड नं 21के पार्षद अवधेश यादव ने शपथ ग्रहण किया। शपथ ग्रहण समारोह में फतुहा कार्यपालक प्रवीण कुमार, सिटी मैनेजर साकेत कुमार सिन्हा, हरिशंकर प्रसाद, बबन यादव, संजीत कुमार, मनोज कुमार, रौशन कुमार, कुन्दन कुमार, राजेश कुमार, मौजूद रहे।

प्रखंड बगहा एक के सेविका सहायिका ने सीडीपीओ ऑफिस के सामने दिया धरना

प्रात :किरण संवाददाता

बगहा प्रखंड बगहा-1 में संचालित सीडीपीओ ऑफिस के सामने अपनी 21 सूत्री मांगों को लेकर बगहा एक प्रखंड के सेविका सहायिका ने धरना प्रदर्शन किया। सेविका सहायिका की अध्यक्ष रूबी देवी ने बताया कि हम लोगों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देते हुए ग्रेड सी और ग्रेड डी में सम्मिलित किया जाए। जब तक सरकारी कर्मचारी का दर्जा प्राप्त नहीं हो जाता है तब तक सेविकाओं को 25000 एवं सहायिका को 18,000 प्रतिमाह मानदेय की राशि सरकार के द्वारा दिया जाए। 54 दिन हड़ताल उपरांत 16 मई 2017 को हुए समझौते का आलोक में देश लंबित मांगों का निष्पादन शीघ्र किया जाए। सुप्रीम कोर्ट का आदेश के आलोक में बिहार में भी ग्रेच्युटी भुगतान करना सुनिश्चित किया जाए। पीएलआई के तहत प्रसार राशि 15000 प्रतिमा भुगतान किया जाए। आंगनबाड़ी विकास समिति द्वारा पारित वाउचर को ही मान्यता दी जाए तथा बाउचर समायोजन कराने की अनिवार्यता से सेविका को मुक्त किया जाए। सेविका सहायिका ओं का कार्य अवधि 8 घंटा निर्धारित किया जाए। सेवा शर्त के अलावे अतिरिक्त कार्यों के लिए उचित पारिश्रमिक के साथ लिखित आदेश पत्र निर्गत करना सुनिश्चित किया जाए। प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा योजना का लाभ सेविका सहायिका ओं को देना सुनिश्चित किया जाए। गोवा केरल यादी राज्यों की भांति बिहार सरकार द्वारा 8000 सेविका एवं 5500 सहायिका का अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दी जाए। सेवानिवृत्ति के पश्चात 10,000 प्रतिमा पेन सॉन्ग अथवा एक मोस्ट 1000000 की आर्थिक सहायता एवं स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया जाए। 25000 राशि सभी देवताओं को उत्तम क्वालिटी के एंड्राइड मोबाइल हेतु उपलब्ध कराई जाए तथा रिचार्ज का पर्याप्त राशि देवताओं को अग्रिम वार्षिक भुगतान किया जाए। सेविका और सहायिकाओं के बच्चे को उच्च शिक्षा के लिए अनिवार्य छात्रवृत्ति योजना लागू किया जाए। किराए के मकान में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों का किराए की रकम में बढ़ोतरी करते हुए प्रतिमा नियमित भुगतान करना सुनिश्चित किया जाए। रजिस्टार का पूर्ण अधिकार दिया जाए अथवा सेविका को इस दायित्व से मुक्त किया जाए। समान काम के लिए समान पारिश्रमिक के माने सिद्धांत के तहत मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाओं को भी सामान्य माने दे दिया जाए। बजट में आंगनबाड़ी के लिए आवंटन राशि में वृद्धि की जाए। प्री स्कूल को आंगनबाड़ी से अलग नहीं किया जाए तथा वार्ड पोषक क्षेत्र में निर्बाध रूप से स्वतंत्र संचालित करना सुनिश्चित किया जाए। पोषाहार की राशि सभी वास्तविक लाभुकों के लिए वर्तमान बाजार भाव से उपलब्ध कराई जाए। करेंसी राशि का नियमित भुगतान किया जाए। तथा पुरानी सेविका सहायिका ओं को शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं उम्र जांच कर हटाने की कार्रवाई पर रोक लगाई जाए। रूबी कुमारी ने बताया इसकी एक प्रति बगहा-1 सीडीपीओ मधुलता कुमारी भी दिया गया है जिससे वे सरकार से हमारी मांगों को पूरा करने के लिए लिखें। इस मौके पर विभा देवी, कुमारी अर्चना मिश्रा, श्यामा देवी, सुमन कुमारी, रिंकी कुमारी, रीना देवी सहित दर्जनों सेविका सहायिका उपस्थित रही।

भारत जोड़ो यात्रा का पटना साहिब पहुंचने पर अभिनंदन

धार्मिक स्थल पर जाकर किया पूजा-अर्चना

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की नफरत छोड़ो भारत जोड़ो यात्रा के पहुंचने पर नेताओं ने शुक्रवार को अभिनंदन किया। धनुकी मोड़ से पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी रहे प्रवीण कुशवाहा के नेतृत्व में 28 जगहों पर स्वागत किया गया। मोर्चा रोड में कांग्रेस के पटना साहिब कार्यालय का उद्घाटन कराया गया, जिसका संचालन डॉ विनोद अवस्थी ने किया। इसका नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह, यात्रा के राष्ट्रीय संयोजक सह पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, प्रदेश प्रभारी भक्त चरण दास, विधायक दल के नेता अजीत शर्मा, सचिव मुरारी गौतम, विधायक मुन्ना तिवारी, राजेश राम, आनंद शंकर, पूर्व विधायक बंटी चौधरी, संतोष मिश्र, पूर्व विधान पार्षद प्रेमचंद मिश्र, राजकुमार राजन, परवेज अहमद, अभिनेता कुणाल सिंह, सुजीत कसेरा, डॉ विनोद अवस्थी, अमिताभ शरण, ब्रजेश पांडेय, अभय जायसवाल, जयप्रकाश त्रिवेदी, शम्मी कपूर, अशोक यादव, देवव्रत मेहता, किसान कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अनूप कुमार, लाला प्रकाश, इबरार अहमद रजा आदि ने किया। नून की चौराहा में कांग्रेसी नेता मो हनीफ शेख की अध्यक्षता में यात्रा में शामिल लोगों को सम्मानित किया गया। पदयात्रियों ने तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में मत्था टेका आओर गुरु घर की परिक्रमा की। इसके बाद अधिकांश ने लंगर छका। अगमकुआं स्थित शीतला माता मंदिर और शक्तिपीठ श्री बड़ी पटनदेवी मंदिर में पूजा-अर्चना, पादरी की हवेली चर्च में प्रार्थना और दरगाह रोड स्थित मजार पर चादरपोशी की गई।

तीसरे चरण के पड़ाव को पटना पहुंची बिहार कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा

भारत जोड़ो यात्रा से बिहार कांग्रेस नए युग की शुरूआत करेगी: अखिलेश सिंह

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। बिहार कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का तीसरा चरण शुक्रवार को पटना पहुंची। राजधानी में प्रवेश के दौरान आज ऐतिहासिक 20 किमी लंबी पदयात्रा में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने शिरकत किया। वैशाली जिले में झंडोतोलन के उपरांत शुरू हुई यह यात्रा सबसे पहले धनकी मोड़ पहुंची जहां वैशाली कांग्रेस अध्यक्ष प्रो. महेश प्रसाद राय ने पटना महानगर अध्यक्ष शशि रंजन को राष्ट्रीय ध्वज सौंपा। आज सुबह धनकी मोड़ (गांधी सेतु के समीप) पटना से राजधानी में भारत जोड़ो यात्रा बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डा0 अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में प्रवेश करने के बाद यह यात्रा अगमकुंआ पुल, गुलजारबाग चौराहा , नून का चौराहा, पटना साहिब स्टेशन, पूरब दरवाजा मारूफगंज होते हुए पटना साहिब गुरूद्वारा में मत्था टेककर वहां लंगर छका गया जिसके बाद पदयात्रियों ने दोपहर का विश्राम किया। पूर्व मंत्री शकिलउज्जमा अंसारी ने भारत जोड़ो यात्रा के पदयात्रियों को नाश्ता कराया जिसके बाद वहां नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया जिसमें बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह और इस यात्रा में बिहार कांग्रेस के प्रभारी भक्तचरण दास जो मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल रहें,ने अपना सम्बोधन दिया। लंगर टोली वार्ड नम्बर 4 में भी नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया।इसके बाद अपराह्न से चौक खाजेकला, पश्चिम दरवाजा, बड़ी पटनदेवी में दर्शन, आलमगंज, त्रिपोलिया, पत्थर की मस्जिद होते हुए दरगाह रोड में चादरपोशी कर अमन का पैगाम मांगा गया। मुसल्लहपुर हाट पहुंची भारत जोड़ो यात्रा का जोरदार स्वागत और अभिनंदन क्षेत्रवासियों के द्वारा किया गया जहां विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए बिहार कांग्रेस के प्रभारी भक्तचरण दास ने कहा कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा ने आम भारतीयों, युवाओं, नौजवानों, महिलाओं को बुलंद आवाज दिलाने का काम किया है। देश के वर्तमान हालात पर चिंता जताते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रभारी ने कहा कि भ्रष्टाचार को राष्ट्रवाद के चासनी में डुबोकर केंद्र की मोदी सरकार पेश कर रही है। बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने यह पूर्णतया गैर राजनीतिक यात्रा शुरू की थी जिसको युवाओं व महिलाओं का व्यापक जनसमर्थन मिलता गया। उन्होंने बिहार कांग्रेस के बारे में कहते हुए बोला कि देश का बच्चा-बच्चा यह जान गया कि कांग्रेस ने कैसे जनता के हिट में कदम उठाए थे न कि कुछ पूंजीपतियों के लिए अवसर पैदा करने में अपने देशवासियों के गाढ़ी कमाई को झोंक दिया। सार्वजनिक क्षेत्र के बहुत से लाभकारी संस्थाओं को बेचने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि बात केंद्र सरकार नैतिकता पर टिकी है कि आखिर ऐसी विषम परिस्थिति में भी उनके सबसे बड़े नेता ने जनता को सफाई तक नहीं पेश किया। साथ ही उन्होंने कहा कि बिहार में कांग्रेस नया अध्याय लिखने की ओर अग्रसर है, सभी कांग्रेसजनों को एकजुटता के साथ साम्प्रदायिक ताकतों से लड़ना है और देश में अमन चैन और शांति स्थापित करने में अपना सर्वश्रेष्ठ समर्थन देना है।मुस्सलहपुर हाट के बाद भीखना पहाड़ी, हथुआ मार्केट होते हुए गांधी मैदान गेट नं0-1 में संध्या के समक्ष गांधी मूर्ति पर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने माल्यार्पण कर तृतीय चरण के यात्रा को विराम दे दिया गया।।दयात्रा में बिहार कांग्रेस के प्रभारी भक्त चरण दास, प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह, कांग्रेस विधायक दल के नेता अजित शर्मा, विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डा0 मदन मोहन झा, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार सहित,बिहार सरकार के मंत्री द्वय मुरारी गौतम, आफाक आलम, पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक , मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, विधायक मुन्ना तिवारी, विधान पार्षद प्रेमचंद मिश्र, डॉ समीर कुमार सिंह,संतोष मिश्र, इजहारुल हुसैन, पूर्व विधायक अमित कुमार टुन्ना, बंटी चौधरी, ब्रजेश पांडेय, राज कुमार राजन, प्रवीण कुशवाहा, प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण लव सिंहा, निर्मल बर्मा , अमिताभ जी ,अजय चौधरी, नागेंद्र विकल, , कुमार आशीष, शशि रंजन, सत्येंद्र बहादुर सिंह, डॉ आशुतोष शर्मा, अजय कुमार सिंह ,असफर अहमद, ,धनंजय शर्मा , दौलत इमाम, मनोज मेहता, धर्मवीर शुक्ल, एवं कार्यकर्तागण भारी संख्या में उपस्थित रहें।

होली धमाल 26 को

पटना सिटी (प्राकि)। तेरापंथ ओसवाल समाज की बैठक सिंधी दलाल में हुई। इसकी अध्यक्षता बसंत सिंधी ने किया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष होली के अवत्र पर होली धमाल 2023 का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम श्री गुरु गोविंद सिंह पथ स्थित रामदेव महतो सामुदायिक भवन में 26 फरवरी रविवार को किया जाएगा। इसमें कोलकाता के पगलिया ग्रुप द्वारा होली धमाल प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें लगभग 50 कलाकारों की टोली होगी। विशाल दुग्गड़ और पारस बोथरा ने बताया कि राजस्थान की संस्कृति को उतारा जाएग। इस कार्यक्रम के माध्यम से राजस्थानी वेशभूषा, राजस्थानी धमाल के साथ रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की जाएगी कार्यक्रम की सफलता बनाने के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया है, जिसमें हेमराज चौररिया, विजय भाटिया कमल सांड सज्जन दुग्गड़, कमल बरमेचा, गणेश दुग्गड़, अरविंद छाजेड़, पीयूष मनोत, संदीप कोठारी, गगन बरमे,चा चेतन चिंडालिया, नगीन भाटिया, महेंद्र कोठारी, विकास चौररिया, अशोक शेखानी को बनाया गया है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी संजीव देवड़ा ने दिया।

दूरंतो एक्सप्रेस का डीडीयू मंडल के गया जं. पर ठहराव

पटना। रेल प्रशासन द्वारा सियालदह और बीकानेर के मध्य सप्ताह में चार दिन चलने वाली गाड़ी सं. 12259/12260 सियालदह-बीकानेर-सियालदह एसी दूरंतो एक्सप्रेस का डीडीयू मंडल के गया स्टेशन पर ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है । दिनांक 09.02.2023 से 06.04.2023 तक सियालदह से खुलने वाली गाड़ी सं. 12259 सियालदह-बीकानेर एसी दूरंतो एक्सप्रेस 23.10 बजे गया जं. पहुँचेगी और 23.12 बजे वहां से आगे के लिए प्रस्थान करेगी । इसी तरह दिनांक 09.02.2023 से 06.04.2023 तक बीकानेर से खुलने वाली 12260 बीकानेर-सियालदह एसी दूरंतो एक्सप्रेस 06.47 बजे गया जं. पहुँचेगी और वहां से 06.49 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

स्पेशल ट्रेन आनंद विहार-राजगीर, सहरसा-अंबाला तथा मुजफ्फरपुर-बलसाड के मध्य चलेगी होली स्पेशल ट्रेन

होली के अवसर पर 03 जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

प्रात : किरण ब्यूरो।

पटना। होली के अवसर पर यात्रियों को सुगम आवागमन की सुविधा मुहैया कराने के लिए रेलवे द्वारा आनंद विहार एवं राजगीर, सहरसा एवं अंबाला तथा मुजफ्फरपुर एवं बलसाड के मध्य होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन निम्नानुसार किया जायेगाः 03251/03252 राजगीर-आनंद विहार- राजगीर सुपरफास्ट होली स्पेशलः 03251 राजगीर-आनंद विहार सुपरफास्ट होली स्पेशल दिनांक 10 से 24 मार्च तक प्रत्येक शुक्रवार एवं सोमवार को राजगीर से 20.00 बजे प्रस्थान करेगी तथा विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 15.15 बजे आनंद विहार पहुंचेगी । गाड़ी संख्या 03252 आनंद विहार-राजगीर सुपरफास्ट होली स्पेशल 11 से 25 मार्च तक प्रत्येक शनिवार एवं मंगलवार को आनंद विहार से 23.30 बजे प्रस्थान करेगी एवं विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 19.30 बजे राजगीर पहुंचेगी । अप एवं डाउन दिशा में यह ट्रेन बिहार शरीफ, बख्तियारपुर, पटना जं, दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज जं, कानपुर सेंट्रल स्टेशनों पर रूकेगी । 05577/05578 सहरसा-अंबाला-सहरसा होली स्पेशलः गाड़ी संख्या 05577 सहरसा-अंबाला होली स्पेशल 10 से 17 मार्च तक प्रत्येक शुक्रवार एवं मंगलवार को सहरसा से 19.10 बजे प्रस्थान करेगी तथा विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन दूसरे दिन 00.15 बजे अंबाला पहुंचेगी । गाड़ी संख्या 05578 अंबाला-सहरसा होली स्पेशल दिनांक 12 से 19 मार्च तक प्रत्येक रविवार एवं गुरुवार को अंबाला से 04.10 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 09.45 बजे सहरसा पहुँचेगी । अप एवं डाउन दिशा में यह ट्रेन सिमरी बख्तियारपुर, मानसी, हसनपुर, समस्तीपुर, दरभंगा, कमतौल, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी, बैरगनिया, रक्सौल, नरकटियागंज, बगहा, गोरखपुर, सीतापुर कैंट स्टेशनों पर रूकेगी । 05269/05270 मुजफ्फरपुर-बलसाड-मुजफ्फरपुर सुपरफास्ट साप्ताहिक होली स्पेशलः गाड़ी संख्या 05269 मुजफ्फरपुर-बलसाड होली स्पेशल दिनांक 09 से 16 मार्च तक प्रत्येक गुरुवार को मुजफ्फरपुर से रात्रि 20.10 बजे प्रस्थान करेगी तथा विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए शनिवार को 12.30 बजे बलसाड पहुंचेगी । गाड़ी संख्या 05270 बलसाड-मुजफ्फरपुर साप्ताहिक होली स्पेशल 12 से 19 मार्च तक बलसाड से प्रत्येक रविवार को 13.45 बजे प्रस्थान करेगी एवं विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए मंगलवार को 02.30 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी । अप एवं डाउन दिशा में छह ट्रेन हाजीपुर, छपरा, मऊ, आजमगढ़, शाहगंज, अयोध्या कैंट, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, इटावा, समसाबाद टाउन, आगरा कैंट, बयाना, गंगापुर सिटी, कोटा, रतलाम, बड़ोदरा, भरूच एवं सूरत स्टेशनों पर रूकेगी ।

तिरहुत कैनाल के सायफन पर लगे क्रॉस मेटल बैरियर को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई।

● मुखिया ने ग्रामीणों और सवारियों को दुर्घटना के बचाव हेतु खुले हुए पुल के संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर क्रॉस मेटल बैरियर लगाने की मांग की।

प्रात :किरण संवाददाता

बगहा बटेसरा एनएच से मोहना प्रधानमंत्री सड़क में तिरहुत कैनाल पर सायफन पर बने पुराने पुल पर ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा सड़क निर्माण के दौरान सुरक्षा दृष्टिकोण से लगाए गए क्रॉस मेटल बैरियर को गुरुवार की रात में अज्ञात चोरों द्वार चुरा लिया गया है । जिससे कारण इस पुल से आवाजाही करने वाले यात्रियों को दुर्घटना का शिकार होना पड़ सकता है। सायफन पुल पर पारापेट नही होने के कारण हमेशा किसी न किसी दुर्घटना की संभावना बनी रहती थी, जिसके कारण स्थानीय मुखिया अरविन्द कुमार, लक्ष्मण गुमास्ता , म.जावेद सहित दर्जनों स्थानीय लोगों के आग्रह पर ग्रामीण कार्य विभाग , बगहा 1 द्वारा इससे सायफन स्थल पर जंगरहित धातु का क्रॉस मेटल बैरियर लगवाया गया था, लेकिन चोरों द्वारा चोरी कर लिए जाने के कारण उक्त स्थल पर पुनः दुर्घटना की संभावना उत्पन्न हो गई । विदित हो कि उक्त पथ के बन जाने से हरनाटांड दोन आदि 50 गांवो के लोगों को बिहार से उत्तरप्रदेश की दूरी बहुत कम हो गई थी। बताते चलें कि या क्षेत्र थारू बहुल इलाका है। जिसके कारण इस इलाके के ग्रामीणो का दवा अथवा अपने व्यवसाय के लिए उत्तर प्रदेश से सीधे जुड़ाव हो गया है। स्थानीय मुखिया अरविंद कुमार के द्वारा ग्रामीणों और आने जाने वाले सवारीओ के सुरक्षा की दृष्टि से इसके संबंधित पदाधिकारियों से क्रॉस मेटल बैरियर लगाने की मांग की गई है।

समुदाय की भागीदारी से फाइलेरिया रोग का उन्मूलन सुनिश्चित : तेजस्वी यादव

राज्य के 24 जिलों में शुरू होने वाले सर्वजन दवा सेवन अभियान का उप मुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री ने किया शुभारंभ

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। उप मुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि समुदाय की भागीदारी से राज्य से फाइलेरिया रोग का उन्मूलन शीघ्र सुनिश्चित होगा । हम सब फाइलेरिया रोग के उन्मूलन हेतु प्रतिबद्धता के साथ मिलकर कार्य करें और विकसित बिहार का निर्माण करें। उक्त बातें उपमुख्यमंत्री शुक्रवार को मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए एवं स्वयं फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन करते हुए कही। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि समुदाय को फाइलेरिया या हाथीपांव रोग से बचाने के लिए मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में बिहार सरकार द्वारा आज से फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 8 जिलों औरंगाबाद, अरवल, बेगूसराय, मुजफ्फरपुर, सारण, शेखपुरा, शिवहर और वैशाली के चुनिन्दा ब्लाकों में तीन दवा यानी अल्बेंडाजोल, डीईसी, और आइवरमेक्टिन के साथ तथा 16 जिलों बांका, भागलपुर, चंपारण पूर्व, चंपारण पश्चिम, गया, गोपालगंज, जमुई, जहानाबाद, कैमूर, कटिहार, खगड़िया, मुंगेर, सहरसा, सीतामढ़ी, सीवान और सुपौल के चुनिन्दा ब्लाकों में दो दवा यानी अल्बेंडाजोल और डीईसी के साथ मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा समुदाय के सभी लाभार्थियों को घर घर जा कर निःशुल्क फाइलेरिया रोधी दवाइयाँ अपने सामने खिलाई जायेगी। ये दवायें पूरी तरह से सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के प्रत्येक गांव के अंतिम छोर तक रहने वाली आबादी तक दवाओं की उपलब्धता एवं इसके लिए आवश्यक मानव संसाधन सुनिश्चित होना चाहिए । राज्य के स्वास्थ्य सचिव के सेंथिल कुमार ने कहा कि एमडीए के सफल क्रियान्वयन हेतु उपरोक्त 24 जिलों में लक्षित लाभार्थियों हेतु दवाओं की उपलब्धता, आवश्यक मानव संसाधन एवं अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति की जा चुकी है और कार्यक्रम के पश्चात, प्रतिदिन इसके अंतर्गत होने वाली गतिविधियों की गहन समीक्षा की जायेगी ताकि किसी भी प्रकार की कमी रहने न पाए। इस अवसर पर उपस्थित अन्य अधिकारियों एवं सभागार में उपस्थित प्रतिभागियों ने भी फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन किया। कार्यक्रम में दवाओं का वितरण कदापि नहीं किया जायेगा और सभी लाभार्थियों को स्वास्थ्य कर्मियों के सामने ही दवाओं का सेवन करवाया जाएगा । कार्यक्रम में स्वास्थ्य सचिव सह कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति ,संजय कुमार सिंह ने बताया कि फाइलेरिया या हाथीपांव रोग सार्वजनिक स्वास्थ्य की गंभीर समस्या है। यह रोग संक्रमित मच्छर के काटने से फैलता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के अनुसार फाइलेरिया दुनिया भर में दीर्घकालिक विकलांगता के प्रमुख कारणों में से एक है। किसी भी आयु वर्ग में होने वाला यह संक्रमण लिम्फैटिक सिस्टम को नुकसान पहुंचाता है और अगर इससे बचाव न किया जाए तो इससे शारीरिक अंगों में असामान्य सूजन होती है। उन्होंने बताया कि आंकड़ों के अनुसार राज्य में अभी हाथीपांव के लगभग 95 हजार और हाइड्रोसील के लगभग 17 हजार मरीज हैं। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर से जिला स्तर तक समन्वय बनाकर कार्य किया जा रहा है और अथक प्रयास किये जा रहें हैं कि इस कार्यक्रम में 100 प्रतिशत पात्र लाभार्थियों को फाइलेरिया दवाओं का सेवन सुनिश्चित कराया जाये। उन्होंने यह भी बताया कि इस अभियान में फाइलेरिया से मुक्ति के लिए 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाये स्वास्थ्यकर्मियों के सामने ही खिलाई जायेंगी। दवाईयों का सेवन खाली पेट नहीं करना है। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर से ब्लॉक स्तर तक कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सारी तैयारियाँ की जा चुकी हैं। किसी भी विषम परिस्थितियों से निपटने हेतु रेपिड रेस्पॉन्स टीम का भी गठन किया गया हैं।

हर कोई चुनाव में नालंदा जाता है जहां से पटखनी खाकर वापस आता है: अशोक चौधरी

राधाचरण साह प्रकरण पर बोलें- साह के प्रचार में भाजपा के लोग भी गए थे

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि एक साल में चुनाव होने वाला है, चुनावी साल देश चुनावी मोड में जा रहा है तो सब लोग पॉलीटिकल एक्टिविटी करेंगे ही। आरसीपी सिंह केंद्रीय मंत्री रहे हैं वो नालंदा में, छपरा में, कर्नाटक और चेन्नई में कहीं भी मीटिंग करने को स्वतंत्र हैं। क्या मुख्यमंत्री के जिला में पहले नरेंद्र मोदी या चिराग पासवान नहीं गए हैं, नालंदा में हर कोई चुनाव में जाता है लेकिन हर बार पटखनी खाकर वापस आता है। आरसीपी सिंह बिहार बदलाव रैली कर रहे हैं तो 17 साल में वही तो सब कुछ किये हैं, अपने ही किए हुए का क्या बदलाव करेंगे? एक अन्य सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि राधाचरण सेठ को लगता है कि हमारे साथ नाजायज किया जा रहा है तो वो अपना डिफेंस लेंगे और हमलोग देखेंगे। वो जब हम लोगों के साथ आए थे तो उस समय भाजपा भी हमारे साथ थी, राधाचरण शाह के प्रचार में भाजपा के लोग भी गए थे, मंगल पांडे हमारे ही साथ गए थे। भाजपा के लोग फालतू बात करते हैं। भवन निर्माण मंत्री ने कहा कि हम सब की निष्ठा अपने नीतीश कुमार में है। उनको डेमोरलाइज करने के प्रयास में उनके खिलाफ कोई आदमी अपशब्दों का इस्तेमाल करेगा तो हम लोग उसके खिलाफ खड़े होंगे ही घर में अभिभावक के विरुद्ध कोई कुछ बोलेगा तो उसके बाल- बच्चे बोलने वाले के खिलाफ क्यों नहीं खड़े होंगे? मेरे जीवन में बहुत सारे लोग आए और आने वाले जीवन में भी बहुत लोग आएंगे। अपने राजनैतिक जीवन में मैं अपना काम करने और जो जिम्मेवारी मिली है उसका निर्वहन निष्ठा के साथ करने में लगा रहता हूं। बतातें चले कि जदयू के प्रदेश कार्यालय में होने वाले कार्यकताओं के दरबार में मंत्री कार्यक्रम में शुक्रवार को भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी सम्मिलित हुए और विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुन उनका समाधान किया व आवश्यकतानुसार संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव अरुण कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

सहारा में फंसे गरीबों के पैसे लौटाए जाने की कार्रवाई तेजी से हो : रामकृपाल

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

- पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री ने लोकसभा में शून्य काल के दौरान सदन में रखा

पाटलिपुत्रा के भाजपा सांसद रामकृपाल यादव ने शुक्रवार को लोकसभा में शून्य काल के दौरान सहारा इंडिया में निवेशकों के फंसे पैसे का मामला उठाया। कहा कि सहारा इंडिया में लाखों गरीबों का पैसा फंसा हुआ है। मामला लगातार सेबी, सुप्रीम कोर्ट और सहारा के बीच गोल गोल घूम रहा है लेकिन पिछले दस वर्षों से कोई समाधान नहीं निकल रहा है। चिंता की बात यह है कि सहारा में अपनी मेहनत पसीने की कमाई जमा करने वाले गांव गरीब मजदूर हैं। सहारा कहती है सेबी ने पैसे रोका हुआ है, सेबी कहती है सहारा पैसे नहीं लौटा रहा। जांच सुप्रीम कोर्ट में चल रहा, दशक बीत रहा है कोई हल नहीं निकला है अब तकि हमारे गरीब भाई बहन कहां जाएंगे। ये बेचारे मजदूरी करने वाले गांव गरीब किसान जो बेटी की शादी, घर मकान आदि के लिए एक एक पाई जोड़कर जमा किया था, आज अपने ही पैसों के लिए तरस रहा है। जमीन पर बहुत गंभीर स्थिति है। सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूँ की सहारा में फँसे गरीबों पैसे को लौटाए जाने की कार्रवाई तेजी से की जाये। सेबी ने जो पैसे जब्त किया है या सहारा से दिलायें लेकिन उसे तुरंत गरीबों को वापस कराने की व्यवस्था की जाये।

15 फरवरी की रैली की तैयारी में पटना की सड़कों पर उतरे माले विधायक

- रैली में कामकाजी तबकों की होगी उल्लेखनीय भागीदारी: आलम

पटना। भाकपा-माले विधायक दल के नेता कॉ. महबूब आलम के नेतृत्व में आज पटना की सड़कों पर 15 फरवरी की गांधी मैदान की रैली में शामिल होने की अपील के साथ माले नेताओं का एक जत्था सड़कों पर उतरा. इसमें आइसा के नेता-कार्यकर्ता भी शामिल थे। महबूब आलम के अलावा आशा आंदोलनों की नेता शशि यादव, जितेन्द्र कुमार, फुटपाथ दुकानदारों के नेता शहजादे आलम आदि शामिल थे। पटना स्टेशन स्थित दिहाड़ी मजदूरों, फुटपाथ दुकानदारों, ई रिक्शा चालकों के बीच घुम-घुम कर 15 फरवरी का आमंत्रण बांटा और उनसे आर्थिक सहयोग भी लिया। दुकानदारों ने उत्साहपूर्वक रैली के लिए चंदा दिया और हजारों की संख्या में गांधी मैदान पहुंचने का संकल्प लिया। माले विधायक दल के नेता महबूब आलम ने कहा कि 15 फरवरी को हम देश व लोकतंत्र बचाने के संकल्प के साथ गांधी मैदान पहुंच रहे हैं। भाजपा रूपी विपदा से मुक्ति देश के लिए आज सबसे अहम सवाल है। लोगों के रोजी-रोजगार पर हमला है। अल्पसंख्यकों को लगातार उत्पीड़ित किया जा रहा है। एनआइए की छापेमारी चल रही है। भाजपा के फासीवादी मंसूबे को बिहार की जनता ध्वस्त करेगी। उन्होंने कहा कि हम मेहनतकश तमाम समुदाय से आग्रह करते हैं कि अपने हक-अधिकार के लिए आवाज बुलंद करें और 15 फरवरी की रैली को ऐतिहासिक बना दें। रैली के प्रचार में पटना शहर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आज भी जारी रहा। कंकड़बाग के विभिन्न मुहल्लों में घुम-घुमकर संस्कृतिकर्मियों ने रैली में शामिल होने का आमंत्रण आम लोगों को दिया। इस अभियान में सामाजिक कार्यकर्ता गालिब, अनिल अंशुमन, प्रमोद यादव, राजन, पुनीत सहित कई संस्कृतिकर्मी लगे हुए हैं।

भाजपा व अडानी के बीच के रिश्ते को जानता चाहती है जनता : गगन

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने हिंडनवर्ग के खुलासे के बाद भाजपा द्वारा उधोगपति गौतम अडानी का बचाव किये जाने पर कहा है कि आखिर भाजपा और अडानी के बीच कौन सा रिश्ता है जिसे देश की जनता जानना चाह रही है। चुंकि इस खुलासे के बाद देश की जनता के गाढी कमाई का हजारों करोड़ रूपया डूब गया है। जिसे उन्होंने अपने भविष्य की सुरक्षा के लिए एलआईसी और विभिन्न बैंकों में जमा कराया था। राजद प्रवक्ता ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि महंगाई और बेरोजगारी को नियंत्रित करने में विफल केन्द्र की सरकार द्वारा जहां खाद सब्सिडी में कटौती कर दी गई , मनरेगा, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम किसान योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, मनरेगा, समग्र शिक्षा अभियान जैसे योजनाओं के बजट आवंटन को कम कर गांवों,किसानों, मजदूरों और नौजवानों को दोहरी मार का शिकार बनाया है वहीं दूसरी ओर अडानी जैसे कॉरपोरेट घरानों को बेजा फायदा पहुंचाने के लिए राष्ट्रहित को नजरंदाज करते हुए बैंक कर्ज का 72000 करोड़ रूपया बट्टे खाते (अंडर राईट) में डाल दिया गया जो अप्रत्यक्ष रूप से कर्जमाफी हीं है। एलआईसी और विभिन्न बैंकों के माध्यम से लगभग 80 हजार करोड़ रुपए का कर्ज दिलवाया गया है और बड़े पैमाने पर ऊंची किमतों में अंबानी कम्पनियों के शेयर खरीदे गए हैं। जो आज डूबने की स्थिति में है और एलआईसी के साथ हीं एसबीआई के उपर आर्थिक संकट का खतरा पैदा हो गया है । वहीं 2014 में विश्व के अमीर लोगों की सूची में 609 वें स्थान पर रहने वाले अडानी 2022 में जबरदस्त छलांग लगाकर दूसरे स्थान पर पहुंच गए। 2014 में जिस अडानी की सम्पत्ति मात्र 8 बिलियन की थी वह 2022 में यानी मात्र 8 वर्षों में 140 बिलियन पहुंच गई । जबकि सबसे आश्चर्य की बात यह है कि देश के टॉप 10 कर दाताओं में अडानी जी का एक भी कंपनी नहीं है। कहा कि इतने बड़े घोटाले के पदार्फाश होने के बाद भं ईडी , आईटी और सीबीआई जैसी संस्थाओं की चुप्पी काफी आश्चर्यजनक है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि अडानी मात्र एक उधोगपति हीं नहीं हैं बल्कि उनसे देश की आर्थिक व्यवस्था के साथ हीं देश की सुरक्षा और अन्तर्राष्ट्रीय संबंध भी जुड़ा हुआ है। देश के पोर्ट , एअरपोर्ट के अलावा कोयला, बिजली, सड़क , तेल और रेल के साथ हीं रक्षा उपकरण विनिर्माण आदि भी अडानी ग्रुप के हवाले किया जा रहा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश प्रवक्ता सारीका पासवान, प्रदेश महासचिव संजय यादव, ई.अशोक यादव, धर्मेंद्र पटेल, देवकिशुन ठाकुर एवं प्रमोद राम भी उपस्थित थे।

चिराग ने पीएम मोदी व रेल मंत्री को दी बधाई

बोलें- बजट में रेल परियोजन की सौगात मिलने से जमुई का होगा विकास

पटना। जमुई के लिए पटना। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह जमुई सांसद चिराग पासवान ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में अपने संसदीय क्षेत्र जमुई को कुल 352 करोड़ रुपए की रेलवे परियोजना की सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी का आभार जताया है। अपने संसदीय क्षेत्र जमुई के दौरे पर गए श्री चिराग ने आज उक्त परियोजना को लेकर जमुई की जनता की ओर से बधाई देते हुए अपने ट्वीट में लिखा है कि जमुई को कुल 352 करोड रुपए की रेलवे परियोजना की सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी , रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का जमुई की जनता की ओर से आभार एवं धन्यवाद। उक्त आशय की जानकारी लोजपा (रा) के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन पासवान ने दी।

आम बिहारियों के सभी समस्याओं का समाधान होना चाहिए

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने जमुई में मुख्यमंत्री के समाधान यात्रा पर सवाल उठाया है। शुक्रवार पत्रकारों से बातचीत करते हुए चिराग ने कहा कि उनसे अपेक्षा है कि बिहार के सभी ज्वलंत विषयों का समाधान करें। हम आम बिहारियों के सभी समस्याओं का समाधान चाहते हैं। श्री चिराग ने बिहार में बढ़ते अपराध की घटनाओं को लेकर बेहद चिंता जाहिर की। उन्होंने मुजफ्फरपुर और नवादा में घटी घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रतिदिन ना जाने कितनी अपराधिक घटनाएं घटित हो रही हैं लेकिन इसका समाधान नहीं हो पा रहा है जो चिंता का विषय है। उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र जमुई जिले का जिक्र करते हुए कहा कि जमुई जिले से जुड़े किसी भी विकास योजनाओं को क्यों मुश्किल से उतरने दिया जाता है? मुख्यमंत्री जी जब बिहार को लेकर विशेष राज्य का दर्जा की मांग करते हैं अभी बताना चाहिए बिहार का विकास क्यों नहीं हो पाया है।

पारस में सेंट्रल गर्वमेंट हेल्थ स्कीम से इलाज शुरू

बिहार सरकार के सभी कर्मचारियों का किफायती दर पर होगा इलाज

पटना। पारस हॉस्पिटल में अब बिहार सरकार के सभी कर्मचारियों का इलाज सीजीएचएस यानी सेंट्रल गर्वमेंट हेल्थ स्कीम से शुरू हो गया है। यह इलाज सीजीएसएच व एनएबीएच कैश दर पर होगा। बिहार के सभी सरकारी कर्मचारियों को इससे लाभ होगा। पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल में बहुत ही किफायती दर पर उनका विश्वस्तरीय इलाज होगा। उन्हें अच्छे इलाज के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस योजना के तहत यहां मरीजों के हर तरह की बीमारियाँ जैसे - अंकोलॉजी (कैंसर), कार्डियोलॉजी (हृदय रोग), गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, न्यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, युरोलॉजी, पल्मोनरी (फेफड़ा रोग), अथोर्पेडिक हड्डी रोग, ईएनटी लैप्रोस्कोपिक एंव जेनेरल सर्जरी का इलाज होगा। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 8809408586, 9264447381 पर कॉल करके मरीज ओपीडी अपॉइंटमेंट और डॉक्टरों के बारे में जानकारी ले सकते हैं। बता दें कि सीजीएसएच व एनएबीएच योजना के अंतर्गत सरकारी कर्मचारियों को अस्पताल में बेहद किफायती दर पर इलाज की सुविधा मिलती है।

अनएकेडमी के 6380 से ज्यादा लर्नर्स ने जेईई मेन में 90 पर्सेंटाईल से ज्यादा अंक हासिल किए

पटना। भारत के सबसे बड़े लर्निंग प्लेटफॉर्म, अनएकेडमी ने बताया कि जेईई मेन 2023 सत्र 1 की परीक्षाओं में इसके 6380 लर्नर ने 90 पर्सेंटाईल से ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं, जिनमें 864 से ज्यादा लर्नर ने 99 पर्सेंटाईल से ज्यादा अंक पाए, और 67 लर्नर को 99.9 पर्सेंटाईल अंक मिले। 3748 से ज्यादा लर्नर्स ने 95 से ज्यादा पर्सेंटाईल हासिल की। 6380 लर्नर्स ने 90 से ज्यादा पर्सेंटाईल अंक पाए। यह परीक्षा लर्नर्स को देश के सर्वोच्च इंजीनियरिंग कॉलेजों और टेक्निकल संस्थानों में प्रवेश पाने में मदद करेगी। इसके अलावा, 100 अनएकेडमी लर्नर्स ने परीक्षा में सर्वोच्च पर्सेंटाईल हासिल की, तथा 35 अनएकेडमी लर्नर्स को विषयवार 100 पर्सेंटाईल अंक मिले। इसके अलावा, 100 लर्नर्स ने परीक्षा में सर्वोच्च पर्सेंटाईल हासिल की, तथा 33 अनएकेडमी लर्नर्स को फिज़िक्स और मैथमैटिक्स में विषयवार 100 पर्सेंटाईल अंक मिले। टॉपर्स में मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश से देशांक प्रताप सिंह (100 पर्सेंटाईल); हापुड़, उत्तर प्रदेश से निपुण गोयल (100 पर्सेंटाईल); वडोदरा, गुजरात से तोषित जैन (99.98 पर्सेंटाईल); मुंबई, महाराष्ट्र से अर्णव अग्रवाल (99.94 पर्सेंटाईल) और फरीदाबाद, हरियाणा से आयुष झा (99.85 पर्सेंटाईल) हैं। जेईई मुख्य 2023 परीक्षा परिणामों के मुख्य बिंदु: 2 लर्नर्स ने 100 पर्सेंटाईल अंक हासिल किए। 33 लर्नर्स ने विषय-वार 100 पर्सेंटाईल अंक हासिल किए। 67 लर्नर्स ने 99.9 पर्सेंटाईल अंक हासिल किए। 864 लर्नर्स ने 99 पर्सेंटाईल से ज्यादा अंक प्राप्त किए। 1676 लर्नर्स ने 98 पर्सेंटाईल से अधिक अंक प्राप्त किए। अनएकेडमी जेईई परीक्षाओं के लिए अग्रणी ऑनलाईन लर्निंग प्लेटफॉर्म है।

बिहार में कोई व्यवस्था नहीं,अफसरशाही चरम पर : सम्राट

पटना। बिहार विधान परिषद में विपक्ष के नेता सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को नीतीश कुमार को बिहार के एक मंत्री द्वारा टाइगर बताए जाने पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अब टाइगर सर्कस वाला हो गया है, जिसके रिंग मास्टर लालू प्रसाद है, जो सिंगापुर से जैसा कहते है टाइगर वैसा करते है। पटना स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय में जन कल्याण संवाद कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि बिहार में अब कोई व्यवस्था नहीं है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि जहां अफसरशाही है वहां ऐसी ही व्यवस्था रहेगी। सरकार अफसर चला रहे। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विषय में जो नहीं जानते वे कुछ भी बोल सकते हैं। उन्होंने कहा कि आरएसएस ऐसा संगठन है जो छुआछूत के खिलाफ काम किया और नीचे तबके तक जाकर किसी भी स्थिति में जाकर कल्याण का काम किया। अडानी समूह से जुड़े एक प्रश्न के उत्तर में श्री चौधरी ने कहा कि अडानी समूह ने राजस्थान में जहां कांग्रेस की सरकार है वहां 65 हजार करोड़ निवेश किया। इसके अलावा केरल में जहां सीपीएम और कांग्रेस की सरकार है और महाराष्ट्र में तब जब वहां यूपीए की सरकार थी, तब निवेश किया। लेकिन यह कोई नहीं पूछ रहा कि वहां कैसे इतना बड़ा निवेश हुआ। कहा कि राजनीति और सामाजिक तौर पर बिहार में व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। उन्होंने दो आईपीएस अधिकारियों के बीच मचे घमासान के विषय में पूछे जाने पर कहा कि हाई लेवल कमिटी से इस मामले की जांच कराकर तुरंत कारवाई करनी चाहिए। डीजीपी को इस पर संज्ञान लेना चाहिए।

केन्द्र सरकार की योजनाओं से बिहार की तस्वीर बदली : ललन

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि 2014 तक बिहार में कृषि के अलावे कुछ नहीं था, बिहार में जो चमक है वह केन्द्र सरकार की देन है। केन्द्र सरकार के पैसे से बिहार की तस्वीर बदली गाँव से लेकर जिला और शहरों तक सड़क का जाल बिछा बिहार में 24 घंटे बिजली मिलना शुरू हो गया है यहां के छात्र उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाते थे वह आज बिहार में ही रहकर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। महागठबंधन की सरकार बनते ही बिहार के विकास रूक गया आज केन्द्र सरकार के द्वारा ही बिहार में बहुत सी कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है, जिसमें मुख्य रूप से मनरेगा, उज्जवला, अंत्योदय योजना, आयुष्मान कार्ड, हेल्थ आईडी कार्ड योजना बच्चियों के लिए बेटी पढ़ाओं बेटी बचाओं इन सभी योजनाओं से महिला सशक्तिकरण के माध्यम से महिलाओं को स्वाबलम्बी बनाया जा रहा है, व्यापार के लिए लोन देने की योजना के तहत 50 हजार से 10 लाख तक ऋण लेकर अपना व्यवसाय कर अपने कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं तथा कृषि पर निर्भर किसानों की आर्थिक व्यवस्था के तहत किसानों को मजबूत करने के लिए आनेवाली कठिनाईयों दूर करने के लिए भारत सरकार के द्वारा फसल बीमा योजाना देकर किसानों की स्थिति को मजबूत किया जा रहा है। चन्द्रवंशी ने कहा कि बिहार में कोई दूसरा उद्योग तो है नही जिसमें बिहार के लोग निर्भर रह सके इसलिए बिहार के लोगों को अपने परिवार के भरण पोषण करने के लिए बाहर पलायान करना पड़ रहा है।

छपरा कांड के दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी हो : लोजपा रा

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

छपरा के मांझी स्थित मुबारकपुर में बीते दिनों दबंगों के द्वारा बर्बरतापूर्वक पिटाई किये जाने से जख्मी हुए तीन में से दो युवकों की मौत पर लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास ने सरकार को आड़े हाथो लिया है। पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता राजेश भट्ट ने सरकार को चेताया है और कहा कि सरकार इस मामले की लीपापोती करने का प्रयास ना करे, बल्कि अविलंब दोषियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करे। श्री भट्ट ने कहा कि घटना को घटे कई दिन बीत गए लेकिन पुलिस अभी तक दोषियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। इस मामले में संलिप्त दोषी खुलेआम घूम रहे हैं और पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पा रही है जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है जिससे यह साबित होता है कि उन अपराधियों को बचाया जा रहा हैं। श्री भट्ट ने इस मामले में सलिप्त सभी दोषियों की अविलंब सरकार से गिरफ्तारी करते हुए उन पर कठोर से कठोर दंड सुनिश्चित कराने की मांग की है। उक्त आशय की जानकारी लोजपा (रा) के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन पासवान ने दी।

एनसीपी ने की जन अदालत अभियान की शुरूआत

पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी द्वारा आम आदमी को मदद पहुंचाने के लिए बिहार के हर जिला मुख्यालय एवं हर प्रखंड मुख्यालय में राष्ट्रवादी जन अदालत अभियान की शुरूआत शुक्रवार को पटना से की गई। जिसका नेतृत्व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राणा रणवीर सिंह ने किया। जिसमें बड़ी संख्या में आम जनता ने सरकारी कार्यालयों जैसे जिला प्रशासन,अनुमंडल एवं प्रखंड कार्यालयों में गरीबों की बात नहीं सुनी जाने की बात राष्ट्रवादी अदालत में कही। एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष राणा रणवीर सिंह ने बताया कि गरीब लोगों की बात सरकारी कार्यालय में ठीक से नहीं सुनी जाती अफसर से लेकर कर्मचारियों तक छोटा से छोटा काम के लिए आम आदमी को सरकारी कार्यालय का चक्कर लगाने को मजबूर किया जाता है जिससे परेशान होकर आम आदमी बिचौलियों के हाँथों ठगे जाते हैं। इन्ही सब समस्याओं को समाप्त करने के लिए बिहार एनसीपी के राष्ट्रवादी जन अदालत लगाने का फैसला किया है। आज से शुरू हुए राष्ट्रवादी जन अदालत में करीब दो सौ आवेदन आये,जिसमें कुछ मामले जमीन विवाद से जुड़े हुए थे। कुछ मामले जनवितरण प्रणाली द्वारा मिलने वाले राशन सामग्री सही से वितरण नहीं किए जाने की शिकायत थी। उक्त कार्यक्रम में एनसीपी के अनेक नेता उपस्थित थे जिनमें प्रमुख हैं-प्रेमानंद राय,अविनाश प्रशांत पाठक, सुनील कुमार सिंह,इन्दु सिंह,सुभाष चंद्रा,डॉ एम भारती,सतीश कुमार झा,रामजनम प्रसाद यादव,सरिता सिंह,वरुण कुमार, प्रियंका सिंह, आर्या राज,श्रुति कुमारी,राजेश कुमार,अफरोज सिद्दीकी, शंकर पासवान,जयकुमार चौधरी,राज सिंह,अजय कुमार,हरेश्वर सिंह,राजू भगत आदि।

चार दिवसीय एग्रो बिहार राज्यस्तरीय मेला में दो दिन में 347 कृषि यंत्रों की हुई खरीदारी

कृषि यांत्रिकरण मेला में दूसरे दिन उमड़ी भीड़, 232 कृषि यंत्रों की खरीद-बिक्री

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

एतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित एग्रो बिहार, 2023 राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेला में दूसरे दिन भीड़ उमड़ पड़ी। चार दिवसीय इस मेला में कृषि यंत्रों के निमार्ताओं एवं विक्रेताओं की व्यावसायिक बैठक का आयोजन भी किया गया। एग्रो फूड प्रोसेसिंग, डेयरी चिलिंग, मल्टी परपस कोल्ड स्टोरेज, फ्रूट रायपेनिंग चैंबर आदि के लिए रेफ्रीजरेशन सिस्टम प्रोभाईडर कम्पनी द्वारा भी अपने मशीनों का प्रदर्शन एवं जानकारी किसानों तथा उद्यमियों को दिया गया। इस मेला में बच्चों के मनोरंजन के लिए टॉय ट्रेन, जंपिंग बेड, मिक्की माऊस स्लाईड आदि की व्यवस्था की गई है। शुक्रवार को इस मेला में पटना, मुजफ्फरपुर, वैशाली, सीतामढ़ी, शिवहर, पू॰ चम्पारण, प॰ चम्पारण, सारण, सिवान एवं गोपालगंज जिले के किसानों ने भाग लिया। आज तक इस प्रदर्शनी-सह-मेला में राज्य के 15 हजार से अधिक किसान/आगन्तुक आये। इस मेले में किसी तरह का प्रवेश शुल्क नहीं है। कोई भी किसान/व्यक्ति स्वेच्छा से इस प्रदर्शनी/मेला में भाग ले सकते हैं। आज इस मेला में विभिन्न जिलों के किसानों द्वारा रीपर-कम-बाईंडर, स्ट्रॉ-रीपर, रोटरी मल्चर, थ्रेसर, चॉफ कटर, पावर स्प्रेयर सहित 232 कृषि यंत्रों का क्रय किया गया, जिस पर 1,28,44,000 रुपए अनुदान दिया गया। इस प्रकार 02 दिनों में कुल 347 कृषि यंत्रों का क्रय किया गया, जिस पर 280.69 लाख रुपए का अनुदान दिया गया। एग्रो बिहार मेला में जल-जीवन-हरियाली, समेकित कृषि प्रणाली एवं जल संरक्षण आदि विषयों पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन दो बैच सीनियर एवं जूनियर के बीच अलग-अलग किया गया, जिसमें पटना शहर के विभिन्न विद्यालयों के कुल 106 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। फसल अवशेष प्रबंधन से संबंधित कृषि यंत्रों का विशेष रूप से जीवन्त प्रदर्शन एवं बिक्री किया जा रहा है। सरकार द्वारा किसानों को फसल अवशेष जलाने के बदले उनका खेतों में ही प्रबंधन कर खाद के रूप में उपयोग करने को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कई नवीनत्तम कृषि यंत्रों यथा 9 से 11 टाईन का हैप्पी सीडर, स्ट्रॉ बेलर, स्ट्रॉ रीपर, सुपर सीडर, रोटरी मल्चर एवं स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम पर सामान्य वर्ग के किसान के लिए 75 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति/जनजाति और अत्यंत पिछड़ा वर्ग के किसानों के लिए 80 प्रतिशत अनुदान और स्वचालित/टैज्क्टर चालित रीपर-कम-बाईंडर पर 50 प्रतिशत अनुदान देने की व्यवस्था की गई है। कृषक अपनी पसंद एवं इच्छा से इन कृषि यंत्रों का क्रय सरकार द्वारा अनुदानित दर पर कर रहे हैं। मेला में कृषि यंत्रों के अतिरिक्त उद्यान, बीज, पौधा संरक्षण, भूमि संरक्षण, उर्वरक, प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों का प्रदर्शन एवं बिक्री के साथ एग्रो प्रोसेसिंग यंत्रों का भी बिक्री एवं प्रदर्शन किया जा रहा है। इस एग्रो बिहार-2023 में खेत की जुताई से लेकर फसल कटाई एवं प्रसंस्करण तथा भण्डारण तक तमाम मशीने यथा कम्बाईन हार्वेस्टर, पैडी ट्रांसप्लांटर, हैप्पी सीडर, राइस मिल, स्ट्रा रीपर, रीपर-कम- बाइन्डर, रेज्ड वेड प्लांटर, पोटैटो डिगर, पोटैटो प्लांटर, पम्प सेट, ट्रैक्टर, पावर टीलर, स्वचालित रीपर, स्ट्रा वेलर, धान/गेहूँ थ्रेसर एवं अन्य उपयोगी मशीन किसानों के बीच प्रदर्शित किये जा रहे हैं। संध्या में मुख्य मंच पर दर्शकों के मनोरंजन के लिए मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

पटना नगर निगम का स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

- सब करें सहयोग, स्वच्छ बनेगा अपना पटना: अनिमेष पाराशर

विभिन्न शहरों की रैंकिंग के लिए किए जा रहे स्वच्छता सर्वेक्षण के प्रति आम नागरिकों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए पटना नगर निगम द्वारा गंगा नदी के गांधी घाट पर सांस्कृतिक संध्या के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया।स्वच्छ भारत मिशन के मिशन निदेशक विनय झा तथा पटना नगर निगम के आयुक्त अनिमेष कुमार पाराशर में दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का उद्घाटन किया। पटना नगर निगम के आयुक्त अनिमेष कुमार पाराशर ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि नागरिकों के सक्रिय सहयोग से ही पटना शहर को पूरी तरह से साफ सुथरा बनाया जा सकता है और जब शहर साफ सुथरा होगा तो इसकी रैंकिंग में सुधार होगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए युवाओं के साथ-साथ बड़े बुजुर्गों को भी आगे आना चाहिए। पटना नगर निगम ने स्वच्छता जागरूकता के लिए अनेक अभियान चलाएं हैं। निगम द्वारा हर घर से गीला और सूखा कचरा अलग-अलग उठाने की व्यवस्था की गई है। अलग-अलग मोहल्लों में जो कचरा पॉइंट था, उसकी पूरी सफाई करके सौंदर्यीकरण किया गया है । बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका और पटना नगर निगम स्वच्छता सर्वेक्षण जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने गीतों के माध्यम से स्वच्छता का अलख जगाया। उन्होंने कहा कि पटना शहर साफ हो और पटना को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सब का हाथ हो। उन्होंने कहा कि अकेला व्यक्ति थक जाता है लेकिन सब लोग मिलकर के गंदगी के खिलाफ जंग छेड़ दें, तो स्वच्छ पटना का सपना साकार हो जाएगा। नगर वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए लोक गायिका नीतू नवगीत ने सबसे बड़ा है गहना साफ रहना ओ भैया साफ रहना, उत्तम दवा है सफाई बापू का कहना और घर घर अलख जगायेंगे स्वच्छ भारत बनेगाह्व जैसे गीत गाए। बापू को सच्चा सिपाही बताते हुए उन्होंने सत्य की राह दिखाए दियो रे लाठी वाले बापू ,अहिंसा का अलख जगाए दियो रे लाठी वाले बापू गीत भी गाया। गीत संगीत संध्या में युवाओं ने भी खुलकर भागीदारी निभाई और शहर को साफ सुथरा रखने का संकल्प लिया।

संक्षिप्त खबरें

बीडीओ ने कार्यपालक सहायक से मांगा स्पष्टीकरण

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायतों में कार्यरत कार्यपालक सहायक से (अमित कुमार दीपू कुमार अभिषेक कुमार को छोड़कर) लिखित पत्र भेजकर स्पष्टीकरण मांगा है। जिसमें बताया गया कि बिहार जाति आधारित गणना 2022 प्रथम चरण के आंकड़ों की आयोग की वेबसाइट पर एंट्री करने हेतु 9 फरवरी 2023 को पुस्तकालय भवन में उपस्थिति दर्ज होना था। लेकिन ये लोग उपस्थित नहीं हुए। जिसके कारण कार्य बाधित है।

लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान-2 के लाभुक का अभिलेख उपलब्ध कराने की मांग

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने प्रखंड समन्वयक से लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान-2 की जांच एवं निरीक्षण के क्रम में प्रत्येक लाभुक का संपूर्ण अभिलेख उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया है कि प्रत्येक लाभुक के आवेदन पर जांच एवं निरीक्षण के क्रम में भुगतान योग्य पाया लिखा हुआ हो तथा आपका हस्ताक्षर हो। साथ ही आवेदन का सत्यापन विकास मित्र, पंचायत सचिव अथवा मुखिया के द्वारा किया हो। कार्य में लापरवाही एवं शिकायत बरते जाने पर सारी जवाबदेही प्रखंड समन्वयक की होगी।

8 बोतल शराब किया बरामद, कारोबारी फरार

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के खोकसाहा वार्ड 18 से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर संतोष कुमार के घर पर छापेमारी कर पुलिस ने 8 बोतल शराब जिसकी कुल मात्रा 1.44 लीटर बरामद किया। वहीं कारोबारी संतोष कुमार भागने में सफल रहा। स्थानीय चौकीदार की पहचान पर पुअनि विनय कुमार झा ने मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करवाई है।

कल्याणपुर परतापुर से चोरी हुई बोलेरो पूसा के बिरौली से बरामद

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर पुलिस ने परतापुर गांव से हुए बोलेरो चोरी को पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस को सूचना मिली कि परतापुर से चोरी किए गए बोलेरो पूसा बिरौली में खड़ा है। जिसे पुलिस ने वहां से बरामद कर कल्याणपुर थाना ले आई। ज्ञात हो कि परतापुर गांव से गुरुवार की देर रात अज्ञात चोरों द्वारा बोलेरो चोरी कर लेने का मामला प्रकाश में आया था। इस मामले में गृह स्वामी परतापुर गांव निवासी सत्तो झा का बताना है कि प्रत्येक दिन की भांति वह अपनी बोलेरो दरवाजे पर खड़ी कर सोने चले गए। जब अहले सुबह जब नींद खुली तो दरवाजे पर बोलेरो नहीं देखकर होश उड़ गया। जिसके बाद बोलेरो की बहुत खोजबीन की कोई अतापता नहीं चलने पर संबंधित थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया था।

बीडीओ ने 2013-18 तक के कन्या विवाह योजना के लाभुकों का मांगा खाता आधार

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2013 से 2018 तक के कन्या विवाह योजना के तहत मिलने वाले लाभ हेतु लाभुकों का आधार कार्ड, बैंक खाता एवं प्राप्ति रसीद उपलब्ध कराने की मांग की गई है। इसको लेकर विभूतिपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी विकास मित्र, आवास सहायक एवं टोला सेवक को पत्र भेजते हुए 2 दिनों के अंदर लाभुकों से खाता, आधार एवं प्राप्ति रसीद की छायाप्रति उपलब्ध कराने की बात कही है।

समय पालन में सुधार हेतु दानापुर एवं समस्तीपुर मंडल के पैंसेजर ट्रेनों के समय में बदलाव

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। समय पालन में और सुधार हेतु दानापुर एवं समस्तीपुर मंडल के पैसेंजर ट्रेनों के आगमन/प्रस्थान समय में 12 फरवरी से संशोधन किया जा रहा है। दानापुर मंडल : गाड़ी सं. 03337 पटना-गया मेमू का गया स्टेशन पर संशोधित आगमन समय 09.30 बजे । गाड़ी सं. 03335 पटना-गया मेमू का गया स्टेशन पर संशोधित आगमन समय 08.20 बजे । गाड़ी सं. 03263 पटना-गया मेमू का गया स्टेशन पर संशोधित आगमन समय 01.05 बजे ।

4. गाड़ी सं. 03217 बरौनी-दानापुर मेमू का दानापुर स्टेशन पर संशोधित आगमन समय 09.30 बजे । गाड़ी सं. 03286 आरा-पटना मेमू का पटना स्टेशन पर संशोधित आगमन समय 05.30 बजे । गाड़ी सं. 03353 पटना-गया मेमू का गया स्टेशन पर संशोधित आगमन समय 11.00 बजे । गाड़ी सं. 03222 आरा-पटना मेमू का पटना स्टेशन पर संशोधित आगमन समय 08.45 बजे । गाड़ी सं. 03365 पटना-गया मेमू का गया स्टेशन पर संशोधित आगमन समय 16.45 बजे । गाड़ी सं. 03629 तिलैया-दानापुर पैसेंजर का दानापुर स्टेशन पर संशोधित आगमन समय 00.55 बजे । गाड़ी सं. 03268 पटना-किऊल मेमू का किऊल स्टेशन पर संशोधित आगमन समय 02.05 बजे । गाड़ी सं. 03224 फतुहा-राजगीर मेमू का राजगीर स्टेशन पर संशोधित आगमन समय 20.30 बजे । समस्तीपुर मंडल : गाड़ी सं. 05243 सहरसा-समस्तीपुर मेमू का समस्तीपुर स्टेशन पर संशोधित आगमन समय 20.35 बजे । गाड़ी सं. 05222 समस्तीपुर-सहरसा डेमू का सहरसा स्टेशन पर संशोधित आगमन समय 23.25 बजे । गाड़ी सं. 05259 मुजफ्फरपुर-नरकटियागंज मेमू का नरकटियागंज स्टेशन पर संशोधित आगमन समय 20.35 बजे । गाड़ी सं. 05514 जयनगर-समस्तीपुर पैसेंजर का समस्तीपुर स्टेशन पर संशोधित आगमन समय 12.43 बजे । गाड़ी सं. 05221 सहरसा-समस्तीपुर डेमू का समस्तीपुर स्टेशन पर संशोधित आगमन समय 15.35 बजे । गाड़ी सं. 05209 रक्सौल-नरकटियागंज डेमू का नरकटियागंज स्टेशन पर संशोधित आगमन समय 21.05 बजे । गाड़ी सं. 03284 पटना-बरौनी मेमू का बरौनी स्टेशन पर संशोधित आगमन समय 13.10 बजे ।

डीईओ से मिला शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभिन्न मांगों के समर्थन में बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ, समस्तीपुर के तत्वावधान में शिक्षकों का प्रतिनिधि मंडल प्रदेश सचिव सह जिला महासचिव कुमार गौरव और जिला उपाध्यक्ष राजा राम महतो के नेतृत्व में डीईओ मदन राय से मिला और विभिन्न मांगों के समर्थन में 13 सूत्री मांगों का स्मार पत्र भी सौंपा। विभिन्न मांगों में बच्चों को सत्र के प्रारंभ में हीं पाठ्य पुस्तक उपलब्ध हो, शिक्षकों को कालबद्ध प्रोन्नति मिले, जिले के सभी नगर परिषद की परिसीमा से 8किलोमीटर की परिधि में स्थित सभी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक शिक्षिकाओं को आवास भत्ता 8 प्रतिशत की दर से भुगतान हो, त्रुटिपूर्ण डाटा वाले शिक्षकों का व्यक्तिगत सेवा पुस्तिका का संधारण हो, 15 प्रतिशत की दर से एसएसए से वेतन पाने वाले शिक्षकों के बकाए अंतर्वेतन का भुगतान हो, वांछित योग्यताधारी शिक्षक शिक्षिकाओं को स्नातक ग्रेड में प्रोन्नति मिले एवं अन्य प्रखंड स्तरीय मांग शामिल थे। संघ के पदधारकों ने बताया कि जिला शिक्षा पदाधिकारी ने विभिन्न समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें अतिशीघ्र दूर करने के लिए सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में जिला उपाध्यक्षा सुमन कुमारी, कार्यालय सचिव शंभू कुमार सुमन, हरिमोहन चौधरी, अरुण कुमार यादव, अजीत कुमार एवं अन्य शिक्षक प्रतिनिधि भी थे।

ड्यूटी रात में, दिन में ही बन जाती हाजिरी; विधायक ने लिया जायजा

सिंघिया, प्रात : किरण संवाददाता

सिंघिया पीएचसी में पिछले कई वर्षों से की जा रही लापरवाही का राज अब धीरे-धीरे खुलने लगा है, स्थानीय विधायक विरेंद्र पासवान इन दिनों एक्शन मोड में है। बीते सोमवार को उन्होंने सिंघिया पीएचसी का जायजा लेने के लिए पहुंचे थे जहां पीएचसी को नर्क बना देख भड़क उठे। मौके पर उपस्थित प्रभारी व मैनेजर को स्थिति सुधार करने के लिए कई दिशा निर्देश भी दिए। जिसके बाद विधायक शुक्रवार को बिना किसी को बताए अचानक सिंघिया पीएचसी का जायजा लेने के लिए पहुंच गए, विधायक को अचानक पहुंचा देख मौके पर उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप मच गया। वहीं विधायक ने भी उपस्थित हेड क्लर्क सहित अन्य कमीर्यों की क्लास लगा दी। इस दौरान विधायक ने डॉक्टर तथा नर्सों की उपस्थिति पंजी खंगाली जिसमें अस्पताल में पदस्थापित एएनएम डिंपल को अनुपस्थित पाते हुए भी उपस्थिति पंजी में उनकी उपस्थिति दर्ज पाई। उपस्थिति पंजी की जांच करने पर पाया गया कि महीने के पूरे 30 दिन में 30 दिनों की हाजिरी बनी हुई मिली थी। वहीं स्थानीय लोगों ने लोगों ने विधायक को जानकारी देते हुए बताया कि अस्पताल में पदस्थापित एएनएम डिंपल तो महीने में कभी-कभार ही आती है, वे बमुश्किल महीने में एक-दो दिन हीं आती है। जबकि इस बात पूरी जानकारी चिकित्सा प्रभारी को होते हुए भी उनके मिलीभगत से मामले की लीपापोती की जाती है। विधायक ने पीएचसी के निरीक्षण उपरांत मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि डॉक्टरों की ड्यूटी रात की है और जब मैंने चेक किया तो हाजिरी सुबह ही बनी हुई मिली। इस मामले में हेड क्लर्क मिथिलेश झा से वजह पूछा गया तो वह भी झूठ बोलते हुए पकड़े गए हैं जिसकी शिकायत हम वरीय चिकित्सा प्रभारी से किया है, अगर उनके द्वारा कार्रवाई नहीं की जाती है तो हम इस बात को बड़े पदाधिकारी को बताकर इसे कार्यवाही के दायरे में लाएंगे। बीते सोमवार को निरीक्षण के दौरान दिए गए दिशा निर्देश के बाद साफ सफाई में बदलाव देखने को नहीं मिला।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दर्जनों गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की हुई जांच

प्रात : किरण संवाददाता

शिवाजीनगर, समस्तीपुर। शिवाजीनगर प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शिवाजीनगर में प्रधानमंत्री सुरक्षित महत्वपूर्ण दिवस को लेकर दर्जनों गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांच किया गया। इस दौरान शिवाजीनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर दर्जनों गर्भवती महिलाओं का जांच किया गया। स्वास्थ्य जांच कर रही महिला डॉक्टरों ने कहा कि महिलाओं को नियमित रूप से अस्पताल में गर्भवती महिलाओं को जांच करानी चाहिए ताकि जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ रह सके। साथ ही समय पर जरूरी उपचार दिया जा सके। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गणेश पंजियार ने बताया कि शिविर में दर्जनों गर्भवती महिलाओं के लिए खून की जांच, रक्तचाप, शुगर, बीपी, वजन आदि की जांच की गई है।

हवन कुंड पूजा के साथ ही नवाह यज्ञ शुरू

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत कल्याणपुर उत्तर पंचायत स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में हवन कुंड पूजा के साथ ही चतुर्थ नवाह यज्ञ महा जाप हरे कृष्ण, हरे कृष्ण, कृष्ण-कृष्ण, हरे हरे और राम हरे, हरे राम, राम-राम, हरे हरे।। महामंत्र के साथ शुभारंभ किया गया। यह नवाह यज्ञ समस्त कल्याणपुर वासियों के सहयोग से आयोजन किया गया है। मंदिर के पुजारी राम नारायण राय ने बताया कि 10 फरवरी शुक्रवार से शुरू होकर यह याद 19 फरवरी 2023 तक चलेगा। 4 वर्षों से लगातार नवाह का आयोजन किया जा रहा है। वहीं इस नवाह यज्ञ से समस्त गांव भक्तिमय बना हुआ है। मौके पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

बेटी से छह वर्षों तक यौन शोषण करने के आरोपी शिक्षक पिता को 20 वर्ष सश्रम कारावास, एक लाख जुमार्ना

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के रोसड़ा के बहुचर्चित वीडियो वायरल मामले में 9 महीने के अंदर एडीजे-6 सह विशेष न्यायधीश पॉक्सो कोर्ट कैलाश जोशी ने शुक्रवार को बेटी से छह वर्षो से यौन शोषण के आरोपी शिक्षक रविंद्र झा रोसड़ा निवासी को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही कोर्ट ने धारा 376 व 6 पॉक्सो एक्ट में दोषी पाते हुए दोनों में 50-50 हजार कुल एक लाख रुपए जुमार्ना भी लगाया। जुमार्ना नहीं देने पर दोनों मामले में 6-6 माह अतिरिक्त सजा काटनी होगी। इस मामले में शिक्षक का भांजा हसनपुर पटसा गांव निवासी माधव मिश्रा को भी दोषी पाया गया। हालांकि उन्हें जेल में बिताये अवधि को सजा मानकर मुक्त कर दिया गया। चुंकि इन पर आरोप था कि वह मामले को जानते थे। विशेष लोक अभियोजक पोक्सो कोट विनोद कुमार ने बताया कि गत वर्ष मई महीने में रोसड़ा के रहने वाले शिक्षक पर उनकी सगी पुत्री ने छह सालों से यौन शोषण करने का आरोप लगाया था। इस मामले में एक वीडियो भी वायरल हुआ था। जिसके बाद महिला थाने में 5 मई को 28/22 मामला दर्ज किया गया था। जिसके बाद मामले की जांच शुरू की गई। इस मामले में तत्कालीन एसपी ने स्पीडी ट्रालय के तहत कोर्ट से सजा दिलाने की अपील की थी। कोर्ट ने इस मामले में पीड़त का बयान, साक्ष्य व मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपी पिता रविंद्र झा को धारा 376 भादवि व 6 पॉक्सो एक्ट में दोषी पाया। जिसके बाद 20 वर्ष सजा सुनाई।

विकास वैभव का सम्मान होनी चाहिए: पप्पू यादव

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने आईपीएस विकास वैभव मामले पर बयान देते हुए कहा कि विकास वैभव एक अच्छे अधिकारी है। उनका सम्मान होनी चाहिए। इनके आरोपों की जांच होनी चाहिए। पप्पू यादव ने नीतीश सरकार को भी कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि प्रशासन पर सरकार का नियंत्रण कम होते जा रहा है। पप्पू यादव ने कहा, कई अधिकारी तो 30-40 साल से उच्च पदों पर बैठे हैं। इनके कारण कई काबिल अधिकारियों को बिना काम के रखा जा रहा है। इनसे ज्यादा काबिल अफसर कोई नहीं है क्या? बिहार में सब अधिकारी बिहार से भागना चाह रहे हैं। पप्पू यादव ने डीजी शोभा अहोतकर पर कहा कि महिला हैं, उनके बारे में हम क्या बोलें। लेकिन, मयार्दा का ख्याल रखना पड़ेगा। सुधार ऊपर से नीचे होना चाहिए। पटना एयरपोर्ट पर पत्रकार वार्ता करते हुए पप्पू यादव ने कहा भारतीय जनता पार्टी कि बिहार में छपरा के बहाने जातीय नरसंहार कराने की कोशिश कर रही है। छपरा दंगे में अस्थिरता फैलाने वाले सभी करनी सेना और यादव सेना पर प्रतिबंध करनी चाहिए। बिहार को जातीय दंगे कराने के लिए भाजपा प्रयासरत है। नफरत की भाषा बोलने वालों को जेल में बन्द करनी चाहिए।

एआईसीटीईआई स्टूडेंट रिप्रेजेंटेटिव का हुआ अभियंत्रण महाविद्यालय में गठन

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

सरायरंजन प्रखण्ड के नरघोघी स्थित गवर्मेंट इंजीनियरिंग कॉलेज समस्तीपुर में पहली बार गुरुवार को एआईसीटीआई स्टूडेंट रिप्रजेंटेटिव काउंसिल 2022-23 का गठन किया गया। इस काउंसिल के अंतर्गत चार पद स्पोर्ट्स कॉर्डिनेटर, कल्चरल कॉर्डिनेटर, एनएसएस कॉर्डिनेटर और गर्ल्स रिप्रजेंटेटिव के लिए 3 दिसंबर को इंटरव्यू रखा गया था। जिसमें संस्थान के बहुत से छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इंटरव्यू में सौरभ कुमार मिश्रा को स्पोर्ट्स कॉर्डिनेटर, राहुल कुमार को कल्चरल कॉर्डिनेटर, आशीष राज को एनएसएस कॉर्डिनेटर और आर्य कुमारी को गर्ल्स रिप्रजेंटेटिव के पद पर चयन किया गया। इसके बाद संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ राजकिशोर तुगनायत ने एआईसीटीआई के नियम के अनुसार जेनरल सेक्रेटरी पद के लिए एक इलेक्शन कमेटी बनाया। जिसमें स्टूडेंट रिप्रजेंटेटिव काउंसिल के फैकल्टी कॉर्डिनेटर प्रो० अभय कुमार, स्टूडेंट रिप्रजेंटेटिव काउंसिल के सारे सदस्य के साथ साथ सभी ब्रांच के सीआर को भी शामिल किया गया। इसके बाद गुरुवार को इलेक्शन किया गया। जिसमें सौरभ कुमार मिश्रा (स्पोर्ट्स कॉर्डिनेटर) को जेनरल सेक्रेटरी के रूप में सभी सदस्य के सहमति से चुने गये। इस मौके पर संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ राजकिशोर तुगनायत भी शामिल थे। उसके बाद संस्थान के प्रधानाचार्य और स्टुडेंट रिप्रजेंटेटिव काउंसिल के फैकल्टी कॉर्डिनेटर प्रो० अभय कुमार ने सौरभ कुमार मिश्रा को बधाई दिया। इसके तुरन्त बाद संस्थान के प्रधानाचार्य ने संस्थान में छात्र-छात्राओं के समस्याओं पर बात भी किया।

10 हजार घूस मामले में डीएसपी ने करायी शिनाख्त परेड, पीड़ित ने की पहचान

थानाध्यक्ष को हटाने की मांग को लेकर डीवाईएफआई करेगी धरना प्रदर्शन

- सीपीआईएम विधायक अजय कुमार ने कहा- आपका विधायक अभी मरा नहीं है, आपको न्याय मिलकर रहेगा

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर थाना प्रभारी द्वारा चौकीदार के माध्यम से वृद्ध से केस के मामले में रुपया लेने का मामला दिन प्रतिदिन तूल पकड़ता जा रहा है। बता दें कि विगत दिनों थाना क्षेत्र के एक 75 वर्षीय वृद्ध थाना प्रभारी पर चौकीदार के माध्यम से 10 हजार रुपए घूस लेने का आरोप लगाया था। मामला संज्ञान में आते ही समस्तीपुर पुलिस अधीक्षक के द्वारा रोसड़ा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में जांच टीम गठित की गई। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी टीम के साथ टीआर परेड लगभग 20 से 25 सिपाही और दरोगा के बीच करवाया। जिसमें सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित वृद्ध ने पहचान भी कर लिया है। पीड़ित को न्याय का पूरा भरोसा है। वहीं पीड़ित को बार-बार बयान बदलने एवं मारपीट की धमकी भी मिल रही है। लेकिन पीड़ित उन लोगों के साम, दाम, दंड, भेद की नीति को नकारते हुए अपने बयान पर अडिग है। इतना ही नहीं अपने बयान का पुख्ता रूप देते हुए उन्होंने अपने बयान संबंधी शपथ पत्र जारी करते हुए स्थानीय विधायक से भी इसकी शिकायत की है। वहीं स्थानीय विधायक अजय कुमार ने पीड़ित से बात करते हुए कहा कि आपका विधायक अभी मरा नहीं है। आपको न्याय मिलेगी। साथ ही मामले को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं जिला पुलिस अधीक्षक से बात कर न्याय दिलवाने की बात भी कही है। अब देखना है जांच टीम के द्वारा क्या रिपोर्ट आती है? क्या वृद्ध को न्याय मिल पाता है। दोषी पर क्या कार्रवाई होगी? फिलहाल मामला दिन प्रतिदिन गहराया ही जा रहा है। वहीं मामले को लेकर डीवाईएफआई के बबलू कुमार ने बताया कि 23 फरवरी से थाना अध्यक्ष के बदलाव के लिए धरना प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं रोसड़ा डीएसपी शिवम कुमार ने इस बाबत बताया कि वायरल वीडियो व अन्य बिंदुओं के आधार पर जांच की जा रही है और जांच उपरांत रिपोर्ट समस्तीपुर पुलिस अधीक्षक को सौंप दी जाएगी। वहीं, वह शिनाख्त परेड में शिकायतकर्ता के द्वारा आरोपी पुलिसकर्मी की शिनाख्त किए जाने के सवाल को टाल गए।

जिला परिषद हेमलता ने भूमि पूजन कर किया यात्री शेड निर्माण का शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर। 15वीं वित्त आयोग योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष-2022-26 अन्तर्गत जिला परिषद क्षेत्र से- 26 के जिला परिषद सदस्य हेमलता कुमारी ने पांच लाख 75 हजार छह सौ रुपये की प्राक्लन राशि से बनने वाली यात्री शेड का समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय कर ग्राम पंचायत राज केवटा के पुराने पंचायत भवन के नजदीक भूमि पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया। मौके पर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि नीरज कुमार ठाकुर, वीरेन्द्र दास, अशोक साह, अरविन्द कुमार चौधरी, रवि यादव, अनिल दास एवं अन्य ग्रामीण मौजूद रहें।

दिनदहाड़े पिस्टल दिखाकर 50 हजार की छिनतई

पूसा, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के पूसा थाना क्षेत्र अंतर्गत धोबगामा पंचायत के मालिकौर संस्कृत उच्च विद्यालय के पास शुक्रवार को बदमाशों ने दिनदहाड़े पिस्टल का भय दिखाकर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक कर्मी से 50 हजार रुपए की छिनतई की घटना को अंजाम दिया और फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार मालिकौर गांव से ही समूह का पैसा लेकर जा रहे क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक कर्मी बिट्टू कुमार से स्कूटी सवार तीन बैखौफ अपराधियों ने पिस्टल दिखाकर बलपूर्वक 50 हजार नगद, काम करने के लिए दिया गया टैब, जरूरी कागजात से भरा बैग छीनने की घटना को अंजाम दिया और फरार हो गए। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि अपराधी बड़ी तेजी से आकर बाइक से जा रहे बैंक कर्मी को रोका और हथियार दिखाकर घटना को अंजाम देते हुए देखते ही देखते वे सभी भाग निकले। सूचना थाने को प्रेषित की जा चुकी थी। मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन कर रही थी। खबर लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हो पाई थी। वहीं, इस बाबत पूसा थाना पुलिस का बताना है कि मामला उनके संज्ञान में आया है और पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

शोभा यात्राओं के प्रचार-प्रसार हेतु शिव-विवाह प्रचार रथ रवाना

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। महाशिवरात्रि की विभिन्न शोभा यात्राओं के प्रचार-प्रसार हेतु शिव-विवाह प्रचार रथ को शुक्रवार को पूर्व स्वास्थय मंत्री मंगल पांडेय, दीघा के विधायक सह कार्यक्रम संयोजक डॉ संजीव चैरसिया ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर महाषिवरात्रि महोत्सव आयोजन का कैलेण्डर का भी विमोचन किया गया। इस अवसर पर मंगल पांडेय, पूर्व मंत्री ने बताया कि इस बार महाशिवरात्रि पर विभिन्न 26 स्थानों से शोभा यात्रा निकल रही है। इस बार पटना की सड़कों पर अलग-अलग मनोमहोक झांकियों का लोग आनंद ले सकेंगे। डॉ चैरसिया ने इस अवसर पर बताया की यह विवाह रथ पटना के विभिन्न स्थानों जैसे दीघा, शास्त्रीनगर, गर्दनीबाग, अनिसाबाद, आशियाना, कुर्जी, पाटलिपुत्रा, ए.जी. कॉलोनी, राजीव नगर, कंकड़बाग एवं अन्य स्थानों से गुजरते हुए इस महोत्सव का प्रचार-प्रसार करेगी। डॉ चैरसिया ने जानकारी देते हुए बताया कि महाशिवरात्रि के आयोजन में आम जनता की सहभागिता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पूरे क्षेत्र के लगभग 251 मंदिरों में एक साथ शिव-चर्चा के का कार्यक्रम 13 फरवरी को रखा गया है। जिसमें ग्लोबल-20 लोग भी शामिल होगें। इस मौके पर महाशिवरात्रि समिति के कोर कमिटि के सदस्य प्रभात कुमार सिन्हा, साथ में भाजपा प्रवक्ता संतोष पाठक, मिडिया प्रभारी अषोक भट्ट, राजु झा, साथ समिति के अभय कुमार, जगन्नाथ सिंह, जय प्रकाश, पुनील जी, कुणाल, पंकज कुमार, विवेक सिन्हा, एवं समिति के अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहें।

संक्षिप्त खबरें

देसी नेपाली शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

मधुबनी/खजौली। मधुबनी जिला के खजौली स्थानीय थाना पुलिस ने इनरवा गांव से पश्चिम स्थित पुलिया के निकट से शुक्रवार को 270 बोतल नेपाली देसी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार शराब धंधेबाज की पहचान दरभंगा जिला के मनिगाछी थाना क्षेत्र के दहौरा ग्राम निवासी भरत सदाय के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष अजीत प्रसाद सिंह ने बताया की एएसआई इन्द्रदेव सिंह के नेतृत्व में थाना पुलिस द्वारा उन्हें 270 बोतल नेपाली देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। धंधेबाज की बिना नंबर की एक हीरो स्प्लेंडर बाइक बी जब्त की गई है। पूछताछ बाद उन्हें न्यायिक प्रक्रिया में भेज दिया गया।

बन्दरा में भी आइडीए कार्यक्रम की हुई शुरूआत

मुजफ्फरपुर।फाइलेरिया उन्मूलन के लिए चलाए जाने वाले सर्वजन दवा सेवन के तहत बन्दरा प्रखण्ड में आइडीए अभियान की शुरूआत शुक्रवार को बड़गांव से हुई। मुखिया अब्दुल सत्तार अंसारी ने खुद टेबलेट खाकर इसका शुभारंभ किया। प्रखण्ड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नौशाद अहमद ने बताया कि यह फाइलेरिया रोधी दवा लोगों के घर -घर जाकर खिलाई जाएगी। दवा खाने पर कुछ प्रतिकूल प्रभाव भी हो सकते हैं। हालांकि यह तात्कालिक हैं। इसके निवारण के लिए प्रखंड स्तर पर रैपिड रिस्पांस टीम की तैनाती की गयी है, जिनका नंबर प्रत्येक ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर के पास मौजूद है।

मुजफ्फरपुर-पटना पथ में सड़क दुर्घटना में पेट्रोल पंप कर्मी की मौत

मुजफ्फरपुर। जिले से इस वक्त बड़ी खबर सामने आ रही है। मुजफ्फरपुर-पटना हाईवे में सकरी गेट के पास भीषण सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई है। युवक की पहचान एक पेट्रोल पंप कर्मी महिर बाबू के रूप में की गई है। बताया जाता है कि तुर्की थाना क्षेत्र का यह मामला है। तुर्की गांव के निवासी दीपक राम के पुत्र महिर बाबू के रूप में युवक की पहचान हुई है। स्थानीय थाने के पुलिस मौके पर पहुंची है। आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया की जा रही है। लोगों की भीड़ मौके पर जुटी है। घटना की जानकारी मिलते हीं परिजनों में चीख-पुकार मच गई है। परिजन एवं ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे हैं।

रेलवे स्टेशन से किराए पर लिया गया स्कार्पियो चालक समेत हुआ गायब ,चालक के परिजनों को अनहोनी की आशंका

मुजफ्फरपुर।जिले के रेलवे स्टेशन से गुरुवार की रात पैसेंजर लेकर मोतीपुर के बरजी के लिए चला भाड़े का स्कार्पियो के चालक सहित गायब हो जाने की खबर है।इस घटना के बाद चालक के परिजन किसी अनहोनी की आशंका रो-रोकर बेहाल है।बताया जाता है कि चालक बहादुर राय तुर्की ओपी क्षेत्र का रहने वाला है और काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के माड़ीपुर का रहने वाला नवी आलम का स्कॉर्पियो चलाता है जो रेलवे स्टेशन से विभिन्न जगहों पर किराए में लोग ले जाते हैं। स्कार्पियो का नम्बर बीआर01पीई2892बताया गया है। परिजनों की मानें तो देर रात करीब 9 बजे के बाद से ही परिजनों द्वारा लगातार संपर्क करने की कोशिश हो रही है लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल पा रहा है। गाड़ी मालिक ने भी गाड़ी और ड्राइवर के गायब होने को लेकर अचंभित है। गाड़ी मालिक से पूछे जाने पर कहा कि बहादुर राय जिसकी उम्र करीब 50 वर्ष के आसपास है, काफी अच्छे चालक है और भरोसेमंद भी हैं।उनके यहां वे दो वर्षों से काम कर रहे है ,लेकिन अचानक ऐसी क्या परिस्थिति हुई है जो देर रात से ही गाड़ी सहित ट्रेसलेस है। स्टेशन पर अन्य वाहन चालकों ने कहा कि रामबहादुर देर रात पैसेंजर लेकर मोतीपुर गए थे जिसके बाद वे वापस नहीं लौटे। सुबह से परिजनों द्वारा रेलवे स्टेशन,तुर्की इलाका और मोतीपुर तक खोजबीन कर रहे हैं। पूछे जाने पर गायब हुए बहादुर राय के पुत्र राहुल कुमार ने बताया कि देर रात मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की गई तो कोई दूसरा व्यक्ति मोबाइल फोन उठाया था जब सन्देह हुआ तो पूछा गया कि पिता जी कहां हैं तो उसने कहा कि वापस लौट गए हैं उसके बाद से मोबाइल बंद आ रहा है और कोई पता नहीं चल रहा है। वही राहुल ने कहा कि गाड़ी मालिक के द्वारा भी खोजबीन की जा रही है लेकिन अब तक पुलिस में कोई शिकायत नहीं की गई है।

अरविन्द कुमार वर्मा ने जिले भर से आए परिवादियों से मुलाकात कर उनकी शिकायतों को गंभीरता सुना

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालयकक्ष में जिले भर से आए परिवादियों से मुलाकात कर उनकी शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुनकर संबधित अधिकारियों को त्वरित निष्पादन करने हेतु आवश्यक निर्देश भी दिये।बताते चलें कि प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को जनता के दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम के आयोजन के मौके पर जिलाधिकारी सभी परिवादियों से मुलाकात करते हैं और उनकी शिकायतों के निपटारे के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी देते हैं। इस परिप्रेक्ष्य में आज कुल 120 परिवादी अपनी शिकायतों के साथ आए थे । हमेशा की तरह सबसे अधिक शिकायतें भूमि विवाद से संबंधित रहीं। वहीं कई लोग अपनी निजी समस्यायों के निराकरण हेतु भी आए थे।लखनौर प्रखंड के मनमोहन के रहने वाले छेदी पासवान ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा जबरदस्ती उनकी निजी जमीन पर मिट्टी भरकर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। बिस्फी प्रखंड के रथौस पंचायत के रहने वाले नागेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि उनके पंचायत में मनरेगा के कार्य में जेसीबी द्वारा मिट्टी भराई का काम किया जा रहा है। रहिका प्रखंड के सेवानिवृत शिक्षक उपेंद्र राम द्वारा सेवांत लाभ दिलाए जाने का अनुरोध किया। जयनगर के राम अवतार पासवान ने शिकायत की है कि उनकी राष्ट्रीय सुरक्षा पेंशन योजना की राशि पर अकारण रोक लगा दी गई है। भवानीपुर, पंडौल के मो अब्बास ने आरोप लगाया कि उनके पुत्र ने उन्हें खाना खर्चा बंद कर दिया है जिससे उनके पास रहने खाने की समस्या उत्पन्न हो गई है। बासोपट्टी प्रखंड के राधे श्याम यादव द्वारा शिकायत की गई है कि उनके पैक्स अध्यक्ष द्वारा उनके धान खरीदी में टाल मटोल किया जा रहा है। वहीं जिला परिषद मधुबनी की सदस्या ललिता देवी द्वारा जिलाधिकारी का ध्यान लदनिया प्रखंड के अंतर्गत प्रमुख स्थानों पर यात्री शेड का निर्माण कार्य पूर्ण कराए जाने की ओर आकृष्ट किया गया। जिलाधिकारी द्वारा आए हुए सभी परिवादियों से बारी बारी जानकारी ली गई और उनके परिवाद के निवारण हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए गए।

कुर्सेला गांधी आश्रम में आहूत राज्य सम्मेलन में 50 प्रतिनिधि खगड़िया से रवाना : किरण देव यादव

प्रात : किरण संवाददाता

खगड़िया। अखिल भारतीय रचनात्मक समाज के प्रदेश युवा अध्यक्ष किरण देव यादव ने बताया कि 11: 12 फरवरी 2023 को अखिल भारतीय रचनात्मक समाज एवं हरिजन सेवक संघ का संयुक्त दो दिवसीय राज्य सम्मेलन कटिहार जिला के कुसेर्ला गांधी आश्रम में आहूत राज्य सम्मेलन में खगरिया से 50 प्रतिनिधि रवाना हुए।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि हरिजन सेवक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर सन्याल, उपाध्यक्ष पूर्व सांसद नरेश यादव एवं राम कुमार भाई सहित 200 प्रतिनिधि भाग लेंगे। वहीं खुला अधिवेशन में 2000 गांधीवादी भाग लेंगे। सम्मेलन में स्वच्छता अभियान, श्रद्धांजलि सत्र, उद्घाटन सत्र, प्रतिनिधि सत्र, सम्मान समारोह, सुबह शाम प्रार्थना सत्र एवं गंगा कोसी के समागम स्थल पर गांधी जी के अस्थि पिंड प्रवाहित स्थल पर जाकर गांधी जी को पुष्पांजलि समर्पित कर श्रद्धांजलि दी जाएगी एवं बटेश्वर स्थान का दर्शन नौका विहार के द्वारा किया जाएगा।

खगड़िया से प्रदेश उपाध्यक्ष के रामदेव यादव के नेतृत्व में तथा बेगूसराय पटना कटिहार भागलपुर आदि कई जिलों से प्रतिनिधि राजो देवी वर्षा रानी सुलेखा देवी कस्तूरी देवी उषा किरण देवी, इशरत खातून, मंजू वर्मा लालो देवी रुकमणी देवी, शांति देवी, चंपा राय तितली भारती मधुबाला देवी अनु देवी आदि ने पैसेंजर एवं एक्सप्रेस रवाना हुए, कुसेर्ला कूच किए।

21 सूत्री मांगों को लेकर आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं ने प्रखंड कार्यालय परिसर में किया धरना प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी/रहिका। मधुबनी जिला से सटे रहिका प्रखंड कार्यालय परिसर में 21 सूत्री मांगों को लेकर आंगनबाड़ी सेविका व सहायिकाओं ने अपनी मांग को लेकर मीणा कुमारी की अध्यक्षता में किया धरना प्रदर्शन। प्रदर्शन कारियो ने मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ सेविकाओं व सहायिकाओं का प्रमुख मांगे सरकारी कर्मी का दर्जा दिया जाए जब तक दर्जा नहीं मिलेगा तब तक सेविकाओं को 25 हजार सहायिकाओं को 18हजार प्रति माह मिले सुप्रीम कोर्ट का आदेश के आलोक में बिहार में भी ग्रेज्युटी भुगतान सुनिश्चित किया जाए पीएल आइ के तहत प्रोत्साहन राशि 1500 रूपया प्रतिमाह किया जाए प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाए सेविका सहायिकाओं के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए अनिवार्य छात्रवृत्ति योजना लागू हो किराए के मकान में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों का किराये की रकम में बढ़ोतरी करते हुए प्रतिमाह नियमित भुगतान किया जाए,उपरजिस्टार का पूर्ण अधिकार दिया जाए नहीं तो सेविका को इस दायित्व से मुक्त किया जाए समान मानेदय भी मिलनी चाहिए समान काम के बदले बजट में आंगनवाड़ी के लिए आवंटन राशि में वृद्धि हो पोषाहार की राशि सभी वास्तविक लाभुकों के लिए वर्तमान बाजार भाव से उपलब्ध कराई जाए। कंटजैसी राशि का नियमित भुगतान किया जाए पुरानी सेविका सहायिकाओ का शैक्षणिक प्रमाण पत्र उम्र जांच कर हटाने की कारवाई पर रोक लगाया जाए। अगर इन साड़ी मांगे पूरी नहीं होती है तो हमलोगो के द्वारा 28 फरवरी को जिला कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा।कार्यक्रम की अध्यक्षता मीना कुमारी ने की मौके पर कुमारी गीता,पूनम कुमारी,सबिता कुमारी,अनिता झा, चंदा मिश्रा, चंद्रावती देवी नूतन देवी, कुमारी लाल दाई,पूनम देवी,रंजना देवी , ज्योति कुमारी,निर्मला देवी,अनिता देवी,श्यामा देवी,सबीना खातून,सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मारपीट के घटना में एक ही परिवार के 6 वर्षीय बच्चा सहित करीब तीन व्यक्ति घायल

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। संग्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुमार पंचायत के मुर्गियां टोला में बुधवार की देर शाम लगभग 08 बजे हुई मारपीट में एक ही परिवार से 06 वर्षीय बच्चा सहित तीन घायल तीनों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर में कराया गया घायल गौरी लाल यादव ने संग्रामपुर थाना को आवेदन देते हुए कहा कि रात को करीब 08 बजे मेरा भाई मारुति यादव घर के सामने खड़ा था कि गांव के ही फंटूश यादव आया और गाली ग्लौज करने लगा। सिर्फ इतना कहते ही की गाली क्यों दे रहे हैं तो वह मारपीट करने लगा। मारपीट देख पिंटू यादव के अन्य परिजन वी दौड़ गया जिसमें 06 वर्षीय सोनाली कुमारी मारुति यादव एवं गोरे लाल यादव घायल हो गए। सोनाली कुमारी को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए भागलपुर रेफर कर दिया गया है।

वही घटना की खबर सुन संग्रामपुर पुलिस पहुंचे और मारपीट करने वाले फंटूश यादव को गिरफ्तार कर मुंगेर न्यायालय भेज दिया थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि मारपीट करने को लेकर गोरे लाल यादव द्वारा आवेदन दिया गया था जिसमें प्राथमिकी दर्ज करते हुए आरोपी फंटूश यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है तो वहीं अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन गया शाखा द्वारा एनपीएस के विरुद्ध शुरू किया गया हस्ताक्षर अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

गया। ईसीआरकेयू गया शाखा द्वारा कॉमरेड मिथिलेश कुमार पीएनएम प्रभारी डीडीयू के मार्गदर्शन में आज 10 फरवरी 2023 से न्यू पेंशन स्कीम के विरुद्ध हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत मानपुर से लेकर देव रोड स्टेशन जो ईसीआरकेयू गया शाखा के अधीन आते हैं, की गई। यह हस्ताक्षर अभियान 20 फरवरी तक प्रत्येक डिपो कार्य स्थलों एवं ऑफिसों में चलाया जाएगा।

रेलवे के विभिन्न विभागों जैसे इंजीनियरिंग, परिचालन, बुकिंग ऑफिस, सिग्नल ,टीआरडी, विद्युत, हॉस्पिटल ,माइक्रो, कैरिज एंड वैगन, टीएलआई, लोको एवं गार्ड रनिंग रूम ,टीआरएस आदि विभागों में सभी कर्मचारी एवं उनके आश्रित आज से हस्ताक्षर अभियान में भाग लेना शुरू कर दिए हैं। ईसीआरकेयू हाजीपुर के कार्यकारी अध्यक्ष कामरेड मिथिलेश कुमार ने बताया कि 20 फरवरी को हस्ताक्षर अभियान की समाप्ति के उपरांत सभी फॉर्मेट का पीडीएफ बनाकर ऑनलाइन महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार को भेजा जाएगा। आज गया शाखा एवं रफीगंज उपशाखा के यूनियन पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लिया। गया में इसका नेतृत्व कॉमरेड मिथिलेश कुमार, रामप्रवेश प्रसाद, लक्ष्मण प्रसाद, संतोष कुमार, राजन कुमार सिन्हा ,संजीत कुमार, कुणाल रंजन ,राजीव कुमार अवस्थी, अजय कुमार सिंह, मनोज कुमार, दिलीप कुमार, नित्यानंद प्रसाद के अलावा बहुत सारे यूनियन सदस्यों ने किया तथा रफीगंज में शाखा सचिव मुकेश सिंह एवं उपाध्यक्ष अवधेश कुमार के नेतृत्व में रामचंद्र यादव, रविंद्र कुमार, सुरेश यादव, मोहन कुमार ,सुरेश प्रसाद ,खुशबू कुमारी, नंदकिशोर प्रसाद के अलावा बहुत सारे सदस्यों ने किया। इस अभियान में रेलवे कर्मचारियों के परिवारों का उत्साह काफी सकारात्मक है।

बरियारपुर भाया खड़गपुर मननपुर रेलवे लाइन योजना एनडीए नेता के संज्ञान में नहीं : पूर्व जदयू प्रवक्ता

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। मुंगेर जिला जनता दल यू के पूर्व प्रवक्ता मनोज कुमार रघु ने प्रेस बयान जारी कर कहा हैं की भारत सरकार के द्वारा रेलवे बजट में बिहार की 20 योजनाओं के लिए रेलवे ने सिर्फ एक एक हजार की राशि दे कर जिंदा रखा है ,जिसमें बरियारपुर भाया खड़गपुर मननपुर रेलवे लाइन परियोजना भी शामिल है, इस योजना में 1000 रुपया देकर भारत सरकार ने इस योजना को जिंदा रखने का काम किया है, पूर्व प्रवक्ता श्री रघु ने बताया कि बरसों से अटके बरियारपुर भाया खड़गपुर मननपुर नई रेल लाइन परियोजना का काम फाइनल लोकेशन सर्वे पूरा हो चुका है, लेकिन जमुई के सांसद चिराग पासवान के द्वारा कभी भी बरियारपुर खड़गपुर मननपुर रेलवे लाइन का मुद्दा भारत सरकार के रेल मंत्री के पास कभी नहीं रखने का काम किया है लेकिन सांसद के द्वारा भी सुल्तानगंज तारापुर कटोरिया देवघर नई रेल लाइन परियोजना पर रेल मंत्री से मिलने का काम किया है लेकिन खड़गपुर के लोगों से वोट लेकर सांसद बने हैं लेकिन खड़गपुर पर अनदेखी का कार्य किया जाता है इसी कड़ी में बिहार विधान परिषद के विपक्ष के नेता सम्राट चौधरी ने सुल्तानगंज तारापुर कटोरिया होते देवघर नई रेल लाइन परियोजना पर रेल मंत्री से मिलने का काम किया। लेकिन बरियारपुर भाया खड़गपुर मननपुर रेलवे लाइन परियोजना पर किसी तरह का ध्यान आकृष्ट नहीं कराना यह सब खड़गपुर के साथ भेद-भाव दिखाई पड़ता है ,खड़गपुर के लोगों ने एनडीए के सांसद चिराग पासवान को भरपूर वोट देकर खड़गपुर से लीड देने का काम किया है लेकिन एक बार भी नई रेल लाइन परियोजना पर भारत सरकार के रेल मंत्री के पास अपना पक्ष नहीं रख पाते हैं यह दशार्ता है कि खड़गपुर के साथ भेदभाव किया जा रहा है । पूर्व प्रवक्ता मनोज रघु ने बताया कि भाजपा नेता सह विधान परिषद में विपक्ष के नेता सम्राट चौधरी का घर तारापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है जिसमें खरगपुर प्रखंड का कुछ भाग भी तारापुर विधानसभा क्षेत्र में आता है सम्राट चौधरी को भी खड़गपुर रेल लाइन परियोजना मामला को रेल मंत्री के समक्ष रखनी चाहिए थी। लेकिन एनडीए के नेता के द्वारा खड़गपुर के साथ भेदभाव किया जा रहा है आने वाला लोकसभा चुनाव 2024 में खड़गपुर की जनता वोट के माध्यम से इसका बदला आवश्य लेगी ।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रसव के नाम पर की जा रही अवैध उगाही पीड़िता के पति ने लगाया आरोप

मधुबनी/खजौली। मधुबनी खजौली स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रसव के नाम पर की जा रही अवैध उगाही का एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। मांगी गई अवैध राशि का भुगतान नहीं करने पर बच्चा (नवजात) को उसकी मां से अलग कर किसी अन्य कमरे में छुपाकर रख देने की बात भी कही जा रही है। इस बाबत प्रसव पीड़िता कबूतरी कुमारी के पति व प्रखंड के चतरा गोबरौड़ा दक्षिण पंचायत के चतरा मुसहरी वार्ड 11 निवासी शत्रुघ्न सदाय द्वारा शुक्रवार को स्थानीय प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी सहित विभाग के अन्य अला अधिकारियों को आवेदन दिया गया है। आवेदन में स्थानीय पीएचसी में ड्यूटी पर तैनात एएनएम पर प्रसव के नाम पर प्रसव पीड़िता के स्वजन से पांच हजार रुपये की मांग करने एवं देने में असमर्थता जताने पर जच्चा व बच्चा को पीएचसी से डिस्चार्ज नहीं करने तथा नवजात को किसी अन्य कमरे में छुपाकर रख देने का भी आरोप लगाया गया है। आवेदन में बिना अवैध राशि दिये जच्चा व बच्चा को पीएचसी से बाहर नहीं जाने देने का आरोप लगाते हुए ड्यूटी पर तैनात दोनों एएनएम के विरुद्ध उचित विभागीय कार्रवाई करने की मांग की गई है। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ज्योतेन्द्र नारायण ने कहा की इस सिलसिले में एक आवेदन प्राप्त हुआ है।

58 लाख लोगों को दी जाएगी फाइलेरिया रोधी दवा की खुराक, शुक्रवार से 14 दिन चलेगा अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।फाइलेरिया उन्मूलन के लिए चलाए जाने वाले सर्वजन दवा सेवन के तहत आइडीए अभियान की शुरूआत आज समाहरणालय सभागार से हुई। जिला प्रशासन, जिला स्वास्थ्य समिति और सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च के सहयोग से आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम सह मीडिया उन्मुखीकरण कार्यशाला के दौरान जिलाधिकारी प्रणव कुमार एवं उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी ने फाइलेरिया रोधी दवा की खुराक खाकर इसे सुरक्षित बताया। इस अवसर पर डीएम प्रणव कुमार ने कहा कि आशा दीदी के द्वारा यह फाइलेरिया रोधी दवा लोगों के घर -घर जाकर खिलाई जाएगी। दवा खाने पर कुछ प्रतिकूल प्रभाव भी हो सकते हैं। हालांकि यह तात्कालिक हैं। इसके निवारण के लिए प्रत्येक प्रखंड स्तर पर रैपिड रिस्पांस टीम की तैनाती की गयी है, जिनका नंबर प्रत्येक ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर के पास मौजूद है। इस बीमारी के उन्मूलन के लिए व्यापक दृष्टिकोण अपनाते हुए हर आयाम पर पूरी तैयारी की गयी है। कार्यशाला के दौरान केयर के डीपीओ सोमनाथ ओझा ने पीपीटी के माध्यम से बताया कि फाइलेरिया से बिहार के सभी जिले प्रभावित है। जिसमें मुजफ्फरपुर भी शामिल है। पीपीटी में दवा की डोज, दवा कैसे खिलानी है, दवा खिलाने के बाद दवा का प्रतिकूल प्रभाव और जिले के माइक्रो प्लान के बारे में विस्तार से बताया गया।

-शुभारंभ सह मीडिया कार्यशाला के दौरान जिला भीबीडीसी पदाधिकारी डॉ सतीश कुमार ने कहा कि जिले के ग्रामीण क्षेत्र में लाभुकों की संख्या लगभग 53 लाख व शहरी क्षेत्रों में करीब चार लाख 47 हजार लाभुक हैं। दवा खिलाने के लिए कुल 2493 टीम लगाए गए हैं। वहीं उनके मॉनिटरिंग के लिए कुल 242 सुपरवाइजर मौजूद है। कुल 14 दिनों के इस अभियान में 12 दिन दवा खिलाई जाएगी। वहीं सातवें और 14 वें दिन छूटे हुए लोगों को दवा की खुराक खिलाई जाएगी। सभी ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर को यह सख्त आदेश दिया गया है कि किसी भी कीमत पर दवा को बांटा नहीं जाएगा बल्कि इसे सामने ही लोगों को खिलाया जाएगा। दवा कभी भी खाली पेट में नहीं खिलाई जाएगी। इसके अलावा गंभीर रोगी, दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं को यह दवा नहीं खिलाई जाएगी।

बालिका शिक्षा और सशक्तिकरण पर संवाद आयोजित

मुजफ्फरपुर। आज किलकारी बाल केंद्र रोहुआ में बालिका शिक्षा और सशक्तिकरण पर संवाद का आयोजन किया गया।संवाद की अध्यक्षता लोक कलाकार सुनील कुमार ने की। अपने संबोधन में लोक कलाकार सुनील कुमार ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य हैं कि बच्चियों को सुरक्षित रखने के लिए सुरक्षित माहौल प्रदान करें।हिंसा और शोषण से बच्चों को सुरक्षा करना एक ऐसा मुद्दा हैं जिसमें सभी को मिलकर कदम उठाने की जरूरत हैं। बाल यौन दुर्व्यवहार और शोषण का अंत करने के लिए शिक्षा और सशक्तिकरण आवश्यक हैं।शिक्षा और सशक्तिकरण पर संवाद कार्यक्रम में "मेरा शरीर यहां मेरी मर्जी चलेगी" एवं "मेरा शरीर मेरा नियम" के साथ ही गुड टच और बैड टच के बारे में भी बताया गया।

वाहन चालकों का नगर के स्वच्छता में होता है महत्वपूर्ण योगदान : इंदु देवी

आज महापौर इंदु देवी व उपमहापौर पुनम देवी ने नगर निगम सभागार में निगम द्वारा संचालित वाहन चालकों के साथ बैठक किया। बैठक में शहर के सफाई व्यवस्था पर चर्चा की साथ ही साथ महापौर इंदु देवी ने वाहन चालकों से सफाई व कचरा डंप में आने वाले समस्याओं पर बात की। सभी चालकों ने गाड़ी मरम्मत से संबंधित संसाधन अभाव व कचरा डंपिंग की समस्या से अवगत कराया ।

उन्होंने कहा की कचरा डंपिंग करने पर लोगों द्वारा विरोध झेलना पड़ता है

इसका समाधान करने से शहर के कचरा डंप करने में सुविधा होगी। बैठक के दौरान महापौर इंदु देवी ने कहा की शहर के स्वच्छता व सौंदर्यकरण पर मैं काम करूगीं। उन्होंने कहा की जनता के सपने साकार करना प्राथमिकता है जिसमें शहर का सफाई, नाली उड़ाही, जल जमाव, अतिक्रमण जैसा गंभीर मुद्दे पर प्राथमिकता के साथ काम होगा।

और सफाई में किसी प्रकार का लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

हमलोग शीघ्र ही बहियार में ग्रामीणों के साथ बैठक कर कचरा डंपिंग के स्थायी समाधान करने वाले हैं। वहीं बैठक में उपमहापौर पुनम देवी ने कहा की शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में मैं संकल्पित हूँ। और इसके लिए हमलोग सभी संसाधन उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे ताकि हमारा आरा स्वच्छ व सुंदर बन सकें। आरा एतिहासिक व धार्मिक दृष्टि से देश भर में जाना जाता हैं ऐसे में आरा शहर को स्वच्छता में अव्वल बनाने में सबका सहयोग अपेक्षित हैं। तभी हमलोग मिलकर स्वच्छता के साथ सौंदयकरण के संकल्पों को पुरा कर सकेंगे। बैठक के दौरान महापौर प्रतिनिधि प्रेम पंकज ललन जी व उपमहापौर प्रतिनिधि सरोज सिंह ,गुड्डू सिंह मुन्ना, सुधीर , मुकेश , बंटी केशरी पप्पू, पिंटू सिंह ,सहित लगभग अस्सी वाहन चालक उपस्थित थें।

15 फरवरी तारापुर शहीद दिवस कार्यक्रम को लेकर एसडीओ ने किया बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर)।शहीदों की धरती तारापुर में आजादी के दीवानों ने सविनय अवज्ञा आंदोलन के फलस्वरूप जब अंग्रेज सरकार ने देश की सभी संगठनों को गैरकानूनी घोषित कर दिया तो 15 फरवरी 1932 को सरदार शार्दुल सिंह कविश्वर के आह्वान पर संपूर्ण भारत में झंडा सत्याग्रह एवं सरकारी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का निर्णय लिया गया।

जहां अभूतपूर्व संकल्प एवं बड़े उत्साह के साथ निश्चित तिथि पर झंडा सत्याग्रह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तारापुर की महान जनमानस ने बहादुरी दृढ़ता एवं उत्साह का परिचय देते हुए मातृभूमि की बलिवेदी के लिए अपनी जान गमाए । जिनकी याद में शहीद हुए लोगों के प्रति प्रत्येक वर्ष झंडोत्तोलन के साथ शहादत दिवस मनाया जाता है।

जानकारी के अनुसार 15 फरवरी के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी रंजीत कुमार की अध्यक्षता में अनुमंडल सभागार में सभी जनप्रतिनिधियों के साथ एक बैठक आयोजित किया गया । पिछले वर्ष काफी लंबे समय के बाद गोलीकांड में शहादत देने वाले सभी वीरों की मूर्ति एवं पार्क का वर्चुअल के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोकार्पण एवं उद्घाटन किया था। जहां उन्होंने प्रत्येक वर्ष तारापुर शहीद दिवस राजकीय समारोह के रूप में प्रत्येक वर्ष मनाए जाने की घोषणा भी किया था । कार्यक्रम की सफलता को लेकर जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए । बैठक में कार्यक्रम के दिन जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों द्वारा भाग लेने की बातें भी सामने आई। कार्यक्रम के पूर्व सभा स्थल, पुराना थाना भवन, शहीद स्मारक पार्क, एवं शहीद की मूर्ति के समीप साफ-सफाई रंग रोगन के अलावे उसके आसपास से अतिक्रमण को पूरी तरह से हटाने से लेकर लाइटिंग की बेहतर व्यवस्था बहाल करने का निर्णय सामूहिक रूप से लिया गया। इस मौके पर अनुमंडल के सभी वरीय पदाधिकारीगण सहित लोजपा के राष्ट्रीय सचिव मिथिलेश कुमार सिंह समाजसेवी चंद्रर सिंह राकेश प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार अंचलाधिकारी बंदना कुमारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

सम्पादकीय

पीएम का चुनावी जवाब

प्रधानमंत्री मोदी ने न तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिया और न ही अडानी-अंबानी सरीखे मित्र उद्योगपतियों को लेकर कुछ कहा। प्रधानमंत्री ने इशारों में व्यंग्य जरूर किए। बल्कि यह कहा जाए कि उन्होंने तमाम दागदार आरोपों की परवाह ही नहीं की। उन्हें एक तरफ सरका दिया और अपनी सरकार की प्रमुख उपलब्धियों का ही बखान किया। प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार का ठीकरा कांग्रेस पर ही फोड़ा और 2004-मई, 2014 तक यूपीए सरकार के कालखंड को घोटालों का दशक करार दिया। यदि प्रधानमंत्री मोदी राहुल गांधी के सवालिया आरोपों के जवाब देते, तो उससे आरोपों को ही वैधता मिलती। नतीजतन राहुल और कांग्रेस की राजनीति का एक चरण कामयाब हो सकता था। उससे आरोपों का सिलसिला भी बन सकता था और वे चुनावी मुद्दों में तबदील हो सकते थे। उस संभावित दुष्प्रचार का जवाब देते रहना, राजनीतिक तौर पर, मुश्किल होता।

अब न केवल स्पीकर ओम बिरला ने, नियमों के तहत और सबूत पेश न करने के मद्देनजर, राहुल द्वारा चस्पा किए गए आरोपों को लोकसभा के रिकॉर्ड से निकलवा दिया, बल्कि प्रधानमंत्री के भाषण को जस का तस रिकॉर्ड में दर्ज करा दिया। बहरहाल राष्ट्रपति अभिभाषण पर सदन ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित कर दिया, लेकिन विपक्ष की राजनीति में अडानी-अंबानी को लेकर प्रधानमंत्री पर जो सवाल थोपे जाते थे, वह अध्याय भी समाप्त हो गया। विपक्ष की राजनीति का एक अहम पटाक्षेप भी हो गया, क्योंकि इस मुद्दे पर विपक्ष सर्वसम्मत नहीं हो पाया। सिर्फ राहुल गांधी और कांग्रेस 2024 के आम चुनाव तक अडानी अध्याय को खींचते रहेंगे। 2019 के आम चुनाव में राफेल लड़ाकू विमान सौदे के संदर्भ में, कांग्रेस अध्यक्ष के तौर पर, राहुल गांधी ने जमकर प्रचार किया था-चौकीदार चोर है। प्रचार और चुनाव बेहद नाकाम रहे।

संसद में इस बहस के बाद अब प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति के दो कालखंड तय कर दिए हैं। 2004-14 के 10 साल यूपीए सरकार बनाम 2014-24 के 10 साल मोदी सरकार। इस तरह प्रधानमंत्री ने 2024 के चुनाव की आधार-भूमि भी तैयार कर दी है। उन्होंने पार्टी सांसदों, काडर और मंत्रियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि चुनाव प्रचार का फोकस सरकार के कामों और उपलब्धियों पर ही रहना चाहिए। उससे सत्ता-विरोधी लहर नहीं बनेगी। प्रधानमंत्री ने संसद में भी भरपूर विश्वास के साथ दावा किया है कि देश के 140 करोड़ लोगों के 25 करोड़ परिवार उनका सुरक्षा-कवच हैं। उसे कोई नहीं भेद सकता। जिन 81 करोड़ से ज्यादा गरीबों को मुफ्त राशन मिल रहा है, जिन्हें 3 करोड़ से अधिक पक्के घरों की छत नसीब हुई है, जिन महिलाओं के परिवारों में 11 करोड़ से ज्यादा शौचालयों के रूप में इज्जत घर बनाए गए हैं, जिन करोड़ों घरों में नल से जल पहुंचना शुरू हो गया है, जिन गरीबों, पिछड़ों, आदिवासियों के गांवों में बिजली रोशन हुई है, वे मोदी पर भरोसा करेंगे या कांग्रेस परद्ध? इसी से स्पष्ट है कि मोदी और भाजपा का चुनावी जवाब क्या है?

कुछ तो है जिस की पर्दा-दारी है!

रजनीश कपूर

हिंडनबर्ग ने ऐसा ही खुलासा 16 अन्य कंपनियों का भी किया है। वे कंपनियाँ अमरीका, चीन व जापान जैसे देशों की कंपनियाँ हैं। विपक्षी नेताओं का ये सवाल है कि अगर अडानी समूह पर आई इस रिपोर्ट को भारत सरकार भारतीय अर्थव्यवस्था पर हमला मानती है तो फिर वे इस मामले पर चुप्पी क्यों साधे बैठे हैं? एजेंसियों द्वारा इस मामले की जाँच क्यों नहीं की जा रही? देश के नामी उद्योगपति गौतम अडानी और उनकी कंपनियों को लेकर शेयर मार्केट, संसद और टीवी चचाओं में मची अफरा-तफरी ने मिर्जा गालिब के इस मशहूर शेर की पंक्ति की याद दिलाई। अडानी की कंपनियों को लेकर खड़े हुए विवाद पर जिस तरह भारत सरकार की एजेंसियों ने चुप्पी साध रखी है उसे लेकर वे संदेह के घेरे में आती हैं। हर कोई यही सोच रहा है कि इसके पीछे कुछ न कुछ कारण तो है।

जब से न्यूयॉर्क स्थित हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडानी समूह पर 106 पन्नों की रिपोर्ट जारी की है, तब से दुनिया भर में भारत के इस औद्योगिक समूह पर उँगलियाँ उठने लग गई हैं। रिपोर्ट के सार्वजनिक होने के बाद ऐसा होना तो लाजमी था। दुनिया भर के निवेशक अब भारतीय उद्योगपतियों को शक की नजर से देखेंगे। जिस तरह अडानी समूह के शेयर लुढ़कने लगे, उससे निवेशकों के मन में भी भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है। सभी निवेशक सोच रहे हैं कि क्या उनका निवेश सुरक्षित है? क्या जिन सरकारी बैंकों ने अडानी समूह में निवेश किया था वो डूबेंगे तो नहीं? क्या भारतीय जीवन बीमा निगम व भारतीय स्टेट बैंक द्वारा अडानी समूह में लगाया गया जनता का पैसा स्वाहा तो नहीं हो जाएगा?

हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के जवाब में अडानी समूह ने इसे भारत पर हमले का नाम दिया। अडानी ने अपने जवाब में कहा, यह केवल किसी विशिष्ट कंपनी पर एक अवांछित हमला नहीं है, बल्कि एक सोची समझी साजिश है। यह भारत, भारतीय संस्थानों की स्वतंत्रता, अखंडता और गुणवत्ता और भारत की विकास की कहानी और महत्वाकांक्षा पर हमला है ह्व अडानी के इस बयान को देश के विपक्षी नेता बेतुका बता रहे हैं। दरअसल हिंडनबर्ग ने ऐसा ही खुलासा 16 अन्य कंपनियों का भी किया है। वे कंपनियाँ अमरीका, चीन व जापान जैसे देशों की कंपनियाँ हैं। विपक्षी नेताओं का ये सवाल है कि अगर अडानी समूह पर आई इस रिपोर्ट को भारत सरकार भारतीय अर्थव्यवस्था पर हमला मानती है तो फिर वे इस मामले पर चुप्पी क्यों साधे बैठे हैं? एजेंसियों द्वारा इस मामले की जाँच क्यों नहीं की जा रही?

गौरतलब है कि इस रिपोर्ट के आने पर अडानी समूह ने हिंडनबर्ग पर कानूनी कार्यवाही करने की घोषणा कर दी थी। उस घोषणा का स्वागत करते हुए हिंडनबर्ग ने अडानी समूह को ऐसा अमरीका में करने की सलाह दे डाली। हिंडनबर्ग का कहना है कि चूँकि वो अमरीका में स्थापित हैं इसलिए अडानी वहीं आकर उनपर कानूनी कार्यवाही कर सकते हैं। अमरीका में कार्यवाही का मतलब अडानी समूह को वे सभी कागजात कोर्ट के सामने पेश करने होंगे जिन दस्तावेजों में गड़बड़ी की आशंका जताई गई है। जब से हिंडनबर्ग ने ऐसा कहा है तब से अडानी समूह द्वारा कानूनी कार्यवाही की बात पर ज्यादा जोर नहीं दिया गया।

इधर भारत में अडानी समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज के फॉलोऑन पब्लिक ऑफर (एफपीओ) से खुदरा निवेशक बचता रहा। केवल कुछ नामी बड़े निवेशकों ने ही इसमें निवेश किया। पर इस विवाद के चलते गौतम अडानी ने एक वीडियो संदेश के माध्यम से एफपीओ को मार्केट से वापस लेने की घोषणा कर डाली। अडानी के समर्थक इसे नैतिकता के आधार पर लिया हुआ फैसला बता रहे हैं। जबकि विपक्षी दल इस एफपीओ को अधिक मूल्य पर खरीदने पर भी सवाल उठा रहे हैं। इस आरोप पर अडानी समूह की कोई भी औपचारिक घोषणा नहीं आई है। बहरहाल अडानी समूह के शेयरों के दाम निरंतर गिरते जा रहे हैं और दुनिया के तीसरे नंबर पर पहुँचने वाले गौतम अडानी अब बाईसवें नंबर पर पहुँच गये हैं।

अडानी समूह पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में लगे आरोपों पर अगर देश की जाँच एजेंसियों द्वारा कड़ी कार्यवाही की जाती है तो जनता के बीच ऐसा संदेश जाएगा कि भले ही कोई औद्योगिक समूह कितना ही प्रभावशाली क्यों न हो, जाँच एजेंसियाँ अपना काम स्वतंत्रता और निष्पक्ष रूप से ही करेंगी। इन एजेंसियों का सिद्धांत यह होना चाहिये कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। फिर वो चाहे किसी भी राजनैतिक पार्टी का समर्थक ही क्यों न हो। एजेंसियाँ ऐसे किसी भी अपराधी को नहीं बख्शेंगी। ऐसा करने से न सिर्फ.वित्तीय अपराधियों के बीच खौफ का संदेश जाएगा बल्कि देश भर की जनता का भी इन एजेंसियों पर विश्वास बढ़ेगा।

एलआईसी और एसबीआई जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में देश की आम जनता अपने भविष्य को सुरक्षित करने की दृष्टि से अपनी कड़ी मेहनत की कमाई का हिस्सा निवेश करती है। ये संस्थाएँ जिस पैसे को किसी भी औद्योगिक समूह में निवेश करती हैं तो वो आम नागरिक का ही पैसा होता है। यदि वो पैसा किसी दागी कंपनी में निवेश किया जाता है तो जनता के मन में इन संस्थाओं पर भरोसा घटेगा। अडानी समूह का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विवादों में आना देश के लिए अच्छा नहीं माना जा सकता। भारत सरकार को इस मामले में एक उच्च स्तरीय जाँच के आदेश दे देने चाहिए। उधर विपक्षी दल सयुंक्त संसदीय समिति से इस जाँच को करवाने की माँग कर रहे हैं।

विपक्ष की माँग है कि अडानी समूह पर लगे आरोपों कि न सिर्फ.जाँच होनी चाहिए बल्कि यह जाँच योग्य लोगों द्वारा ही की जानी चाहिये।

नये बजट में शिक्षा के लिए प्रावधान नाकाफी हैं...

उथल-पुथल के वर्तमान दौर में वैश्विक स्तर पर आर्थिक दृष्टि से आत्म विश्वास से भरी एक बड़ी हैसियत बनती भारत की अर्थव्यवस्था निश्चय ही चकित करने वाली है। इस परिवर्तन को देख-सुन सभी भारतवासी खुश दिख रहे हैं। विकासशील की श्रेणी से निकल कर विकसित देशों की श्रेणी में पहुँचने के लिए बड़ी छलांग की तैयारी इस बजट में साफ झलक रही है। सबको संतुष्ट करने की चेष्टा के साथ गरीब, मध्य वर्ग, अमीर, किसान, व्यापारी, सरकारी मुलाजिम हर किसी की झोली में कुछ न कुछ पहुँचाने की कवायद इस बजट की एक बड़ी खूबी है। विभिन्न क्षेत्रों में आधार-संरचना (इंफ्रा स्ट्रक्चर) के संवर्धन के लिए प्रयासों में विस्तार और तेजी के संकेत नागरिक जीवन की सुविधाओं को बढ़ाने की दिशा में बड़े कदम हैं। इन सब प्रयासों में कुछ लोगों को आसन्न आम चुनाव की घंटी की गूंज सुनाई पड़ रही हो तो उसे सिरे से खारिज भी नहीं किया जा सकता। मोदी सरकार ने इस बजट में सचमुच सबको साधने की भरपूर कोशिश की है। आय कर में प्रस्तावित छूट का कई सालों से मध्य वर्ग खास तौर पर नौकरीशुदा लोगों को बेसब्री से इंतजार था।

गिरीश्वर मिश्र
लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि वर्धा के पूर्व कुलपति हैं

भारत का वर्ष 23-24 का राष्ट्रीय बजट अमृत-काल में प्रस्तुत हुआ पहला बजट है। इस अवसर का लाभ लेते हुए सरकार ने इसे भविष्य के शक्तिशाली और समर्थ भारत की आधारशिला के रूप में पेश किया है। इसके अंतर्गत जीवन के सभी क्षेत्रों की जरूरतों को स्पर्श करते हुए संसाधन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। उथल-पुथल के वर्तमान दौर में वैश्विक स्तर पर आर्थिक दृष्टि से आत्म विश्वास से भरी एक बड़ी हैसियत बनती भारत की अर्थव्यवस्था निश्चय ही चकित करने वाली है। इस परिवर्तन को देख-सुन सभी भारतवासी खुश दिख रहे हैं।

विकासशील की श्रेणी से निकल कर विकसित देशों की श्रेणी में पहुँचने के लिए बड़ी छलांग की तैयारी इस बजट में साफ झलक रही है। सबको संतुष्ट करने की चेष्टा के साथ गरीब, मध्य वर्ग, अमीर, किसान, व्यापारी, सरकारी मुलाजिम हर किसी की झोली में कुछ न कुछ पहुँचाने की कवायद इस बजट की एक बड़ी खूबी है। विभिन्न क्षेत्रों में आधार-संरचना (इंफ्रा स्ट्रक्चर) के संवर्धन के लिए प्रयासों में विस्तार और तेजी के संकेत नागरिक जीवन की सुविधाओं को बढ़ाने की दिशा में बड़े कदम हैं। इन सब प्रयासों में कुछ लोगों को आसन्न आम चुनाव की घंटी की गूंज सुनाई पड़ रही हो तो उसे सिरे से खारिज भी नहीं किया जा सकता। मोदी सरकार ने इस बजट में सचमुच सबको साधने की भरपूर कोशिश की है। आय कर में प्रस्तावित छूट का कई सालों से मध्य वर्ग खास तौर पर नौकरीशुदा लोगों को बेसब्री से इंतजार था। कृषि-क्षेत्र के लिए की गई घोषणाओं से खेती-किसानी की दुनिया में सकारात्माक परिवर्तन की आशा बंधती है।

विकास अभी भी हमारा मुख्य सरोकार है और दूर राज के गाँव को भी विकसित करने का लक्ष्य बना हुआ है। सारी भौतिक सुविधाएँ जुटा देना उसका ध्येय है। इस मुहिम में टेक्नोलॉजी एक इंजिन की तरह मुख्य भूमिका निभा रही है। व्यापार, वाणिज्य, शिक्षा, पर्यटन, स्वास्थ्य, कृषि प्रत्येक क्षेत्र में इस पर भरोसा करते हुए इसे बड़ी जिम्मेदारी दी जा रही है। इस प्रसंग में आज सब कुछ डिजिटल होने की तैयारी में है। साइबर युग की दहलीज पर खड़े हम सबको डिजिटलीकरण करने में ही आज की हर समस्या की राम-बाण औषधि की झलक मिल रही है। निश्चय ही यह सब मनुष्यता की रक्षा और मानवता की सुख-शांति के संवर्धन के कल्याणकारी उद्देश्य को पाने के लिए किया जा रहा है।

मनुष्य कल्पनाशील है और वह तरह-तरह की कल्पनाएँ करता रहता एलेक्सा पीछे छूट गई। अब तो चैट-जीपीटी से पूछने पर हर समस्या का समाधान और हर प्रश्न का उत्तर मिल जाएगा। मनुष्य एक अंक बनता जा रहा है। उसकी संवेदना, उसके मूल्य, उसकी अस्मिता और उसकी संस्कृति आदि आदि जिसे ले कर मनुष्य होने के गौरव की अनुभूति होती है। वह सब कुछ जिसे लेकर सृष्टि चक्र में मनुष्य की प्राणिगत श्रेष्ठता का अहसास होता था अब अप्रासंगिक होता हुआ दिख रहा है। मनुष्य को निर्जीव चेतनारहित वस्तु या पदार्थ में तबदील करते हुए अनिश्चय, संशय और विकल्पों का दायरा सिमटता सिकुड़ता जा रहा है। सब कुछ पूर्वनिर्धारित और अतिनिश्चित हुआ जा रहा है। यह अलग बात है जो देश इस पद्धति पर आगे बढ़े हैं उनका अनुभव अंततः आत्म घाती ही साबित हो रहा है। आज साल भर से रूस और यूक्रेन के युद्ध की विभीषिका इसी की ओर संकेत कर रही है। इनके चलते जो जीवन, प्रकृति और भौतिक सम्पदा का जान बूझ कर विनाश चल रहा है उसमें डिजिटल युग और कृत्रिम बुद्धि (आर्टीफि शियल इंटेलिजेंस) की बड़ी भूमिका है। विलक्षण बात यह है कि ज्ञान-विज्ञान की वीभत्स और विनाशकारी भूमिका का यह महादृश्य पश्चिम के सभी विकसित देशों के गहन आपसी सहयोग से विश्व रंग-मंच पर मंचित हो रहा है।

यह एक विलक्षण अंतर्विरोध है कि जिस विषय का सम्बन्ध समाज के प्रत्येक वर्ग से हो और जो ज्ञानार्जन, संस्कृति, स्वास्थ्य, न्याय, तथा नागरिक दायित्व आदि के निर्वाह जैसे जीवन के लगभग सभी महत्वपूर्ण पक्षों को स्पर्श करता चलता हो नीतियों और कार्यक्रमों की दृष्टि से वरीयता सूची में कोई जगह ही न पा सके। आज भारत की पूरी शिक्षा प्रणाली के औचित्य और निष्पादन को लेकर चिंता बनी हुई है और शिक्षा पाने के लिए तैयार हो रहे अतिविशाल युवा वर्ग को लेकर व्याकुलता बनी हुई है। ऐसे में शिक्षा एक तदर्थ व्यवस्था यानी एडहाकिज्म की शिकार हुई जा रही है। इससे सक्रिय रूप से जुड़े छात्रों और अध्यापकों अन्य सहयोगी जनों की संख्या के अनुसार जिस अनुपात में ध्यान दिया जाना चहिए वह बहुत दिनों से नहीं हो पा रहा है। इस स्थिति के कई सम्भव कारण हैं। एक बड़ा कारण तो यही है कि शिक्षा में सुधार लाने के लिए धन की आवश्यकता होती है और वह अन्य मदों में चला जाता है। पर यह भी है कि आकस्मिक महत्व की फौरी घटनाएं तत्काल महत्व चाहती हैं और उन पर ध्यान देने के क्रम में सार्वकालिक महत्व की घटना विचार में आने से छूट जाती है। परंतु इस तरह की निरंतर उपेक्षा का संचित परिणाम प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से समाज को ही भोगना पड़ता है।

हमारे स्वीकृत आदर्श, नीति, कथनी और करनी इन सबमें अंतर बढता ही जा रहा है। हम शिक्षालय, शिक्षक और शिक्षार्थी की स्थिति को लेकर वादे करते रहते हैं पर कार्य योजना के स्तर पर दुविधाओं से ग्रस्त हैं। किसी नर्सरी और प्राइमरी स्कूल में प्रवेश से जो युद्ध शुरू होता है जीवन भर चलता रहता है। किसी अच्छे विद्यालय में बिना धन-बल और सिफारिश के बच्चे को दाखिला मिलना लगभग असम्भव हो चुका है और धन की मांग पर कोई प्रतिबंध नहीं है। सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों की तुलना करें तो गैर सरकारी (पब्लिक!) विद्यालयों का ही पलड़ा भारी है। शिक्षा के निजीकरण की मजबूत नींव यहीं पड़ती है। सम्भ्रान्त और सम्पन्न वर्ग के पास अनेक विकल्प होते हैं पर मध्य वर्ग और निम्न आय वर्ग हतप्रभ हो रहा है।

बाल दिवस मनाया जाता है और मध्याह्न भोजन भी दिया जाता है पर क्षणिक सक्रियता के बाद सब कुछ ठंडा पड़ जाता है और मध्याह्न भोजन कितना अखाद्य हो रहा है इसकी कथाएं प्रतिदिन अखबारों में आती हैं। चूँकि दिखावा ही सही पर शिक्षा की उपेक्षा कथित रूप से संभव नहीं है इसलिए कोई न कोई कार्यक्रम चलता रहता है परंतु चूँकि शिक्षा ठीक से न दिए जाने से पैदा होने वाली हानि तत्काल लक्षित नहीं होती है, इसलिए किसी रचनात्मक पहल की जल्दी नहीं रहती है। यदि होती भी है राज्य द्वारा किसी व्यवस्था को आरोपित करने के रूप में होती है जो स्वीकृत और संचालित नहीं हो पाती है। बुरी तरह लड़खड़ाते ढांचे और उपयोगिता की दृष्टि से प्रश्नांकित, भारी भरकम और कालबाह्य विषय वस्तु और पद्धति के साथ जूझने की प्रक्रिया पूरे अध्ययन काल चलती रहती है। उच्च शिक्षा का अनियंत्रित विस्तार का एक परिणाम बेरोजगारों की फौज तैयार होना भी है। शिक्षा से पैदा होने वाले मानसिक तनाव के दुष्परिणामों के बारे में हम अक्सर पढ़ते रहते हैं।

कश्मीर में सरकारी जमीन पर कब्जा

अब उसका एक नया अध्याय खुला है, जम्मू-कश्मीर की सरकारी जमीन को बाप की जमीन समझ कर उस पर कब्जा जमा लेना। पता चला है अब तक लाखों एकड़ सरकारी जमीन पर कुछ प्रभावशाली लोगों, मसलन राजनीतिज्ञों, नौकरशाहों, आतंकवादियों, हुर्रियत वालों और उनके रिश्तेदारों ने कब्जा कर लिया था। इसमें उन्हें किसी का डर भी नहीं था। सरकार भी इन्हीं की और कागजात भी इन्हीं के। सैंया भए कोतवाल तो फिर डर काहे का। अनुच्छेद 370 का कवच तो था ही। उसके पिछवाड़े में जो कुछ मर्जी करते रहो, कोई पूछने वाला नहीं था। लेकिन नौकरशाहों ने सुझाया होगा कि कोई हल्का सा कानूनी कवच भी तैयार कर लेना चाहिए ताकि भविष्य में भी कोई कब्जे में की गई सरकारी जमीन छुड़ा न सके। इसके लिए रोशनी एक्ट पास कर दिया गया। प्रतीकात्मक रूप से सैकड़ों एकड़ सरकारी जमीन के दो पैसे सरकारी खजाने में जमा करवा कर वह जमीन सरकारी रिकार्ड में भी अपने नाम करवा ली गई।

कुलदीप चंद अग्निहोत्री
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री

जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की आड़ में इतने दशकों तक जो कुकर्म होते रहे, उसकी जैसे-जैसे परतें खुल रही हैं तैसे-तैसे कुकर्म करने वालों में बेचैनी बढ़ रही है। इन कुकर्मों की एक लंबी फेहरिस्त है। अब उसका एक नया अध्याय खुला है, जम्मू-कश्मीर की सरकारी जमीन को बाप की जमीन समझ कर उस पर कब्जा जमा लेना। पता चला है अब तक लाखों एकड़ सरकारी जमीन पर कुछ प्रभावशाली लोगों, मसलन राजनीतिज्ञों, नौकरशाहों, आतंकवादियों, हुर्रियत वालों और उनके रिश्तेदारों ने कब्जा कर लिया था। इसमें उन्हें किसी का डर भी नहीं था। सरकार भी इन्हीं की और कागजात भी इन्हीं के। सैंया भए कोतवाल तो फिर डर काहे का। अनुच्छेद 370 का कवच तो था ही। उसके पिछवाड़े में जो कुछ मर्जी करते रहो, कोई पूछने वाला नहीं था। लेकिन नौकरशाहों ने सुझाया होगा कि कोई हल्का सा कानूनी कवच भी तैयार कर लेना चाहिए ताकि भविष्य में भी कोई कब्जे में की गई सरकारी जमीन छुड़ा न सके। इसके लिए रोशनी एक्ट पास कर दिया गया। प्रतीकात्मक रूप से सैकड़ों एकड़ सरकारी जमीन के दो पैसे सरकारी खजाने में जमा करवा कर वह जमीन सरकारी रिकार्ड में भी अपने नाम करवा ली गई। इस सरकारी जमीन पर कब्जा क्या आम कश्मीरियों ने किया? जमीन पर कब्जा करने वाले हांजी, वाजा, सोफी, भंगी, हज्जाम, गिलकर, सिप्पी, गद्दी नहीं थे बल्कि कब्जा करने वाले ज्यादातर सैयद व शेख थे। या फिर नकली शेख थे। देसी मुसलमान कश्मीरी नहीं थे बल्कि विदेशी मूल के अशरफ थे। अजलाफ/पसमान्दा तो इस गुंडागर्दी को केवल देखने वालों में से थे। अलबत्ता अशरफों ने इस सरकारी जमीन कब्जाओ मुहिम में गुज्जरों के नाम का भी दुरुपयोग किया और कई स्थानों पर उनके नाम से भी सरकारी जमीन हड़प ली। लेकिन जैसे कि कहा गया है, सब दिन रहत न एक समान। 2019 में अनुच्छेद 370 का कवच टूट गया। कुछ दिन बाद जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय ने रोशनी एक्ट का कवच भी तार-तार कर दिया। तब कश्मीर के नेताओं का कब्जा अभियान दिन की रोशनी में नंगे चिट्टे रूप में दिखाई देने लगा। सरकार ने इन महानुभावों से सरकारी जमीन छुड़ाने का अभियान शुरू कर दिया। अब तक ह्यसरकारी जमीन कब्जाओह्ल अभियान चल रहा था, अब अचानक ह्यसरकारी जमीन छुड़ाओह्ल अभियान शुरू हो गया। लेकिन अब तक तो सरकारी जमीन पर चार-चार मंजिल के महल बन चुके थे। मार्केट बन चुकी थीं। पहले तो आम कश्मीरी ने सोचा कि फालतू का हो-हल्ला सरकार कर रही है। अब तक अजलाफ/पसमान्दा के नाम पर अपना घर भरते रहे अशरफ समाज के ख्वाजाओं पर कार्रवाई करने की हिम्मत किसी में भी नहीं है। दरअसल आम कश्मीरी का यह सोचना भी सही था। पिछले सत्तर साल से सत्ता पर प्रत्यक्ष या परोक्ष कब्जा उन्हीं का रहा था जिन्होंने सरकारी जमीन कब्जा रखी थी। लेकिन जब सरकारी बुलडोज अवैध कब्जे वाली इमारतों को गिराने लगे तो आम कश्मीरी का विश्वास भी प्रशासन पर जमने लगा। पता चला है कि अब तक प्रशासन ने दो करोड़ एकड़ सरकारी जमीन इन ह्यमाननीयह्ल लोगों के कब्जे से छुड़ा ली है। कब्जा करने वालों में कई पूर्व मंत्री, विधायक और नौकरशाह भी हैं।

ऐसा नहीं कि ये किसी एक राजनीतिक दल या किसी एक आतंकवादी संगठन के लोग ही थे। इसमें लगभग सभी राजनीतिक दलों के लोग शामिल हैं। चुनाव में आपस में लड़ते हैं, लेकिन सरकारी जमीन कब्जाने में सांझा मोर्चा बना कर काम करते हैं। कुछ ने तो हवा का रुख पहचान कर स्वयं ही सरकारी जमीन सरकार को वापस करनी शुरू कर दी है। सरकार के कब्जा छुड़ाओ अभियान के विरोध में सभी गुपकार मोर्चा बना रहे हैं। उमर अब्दुल्ला मानते हैं कि कश्मीर में उस मामले में केवल मुसलमानों पर शिकंजा कसा जा रहा है। वैसे पूछा जा सकता है कि कश्मीर में हिंदू-सिख बचे ही कहां हैं। लेकिन उमर अब्दुल्ला जान बूझ कर इसे मुसलमानों से जोड़ रहे हैं। जबकि असलियत यह है कि घाटी के 98 फीसदी देसी मुसलमानों सा अजलाफ/पसमान्दा का इससे कुछ लेना-देना नहीं है। यह कब्जा एटीएम (अरब-तुर्क-मुगल मंगोल) वालों का है। अलबत्ता इसमें कुछ ऐसे देसी मुसलमान जरूर शामिल हैं जो देसी होते हुए भी अरबी टाईटल शेख/सैयद इत्यादि का प्रयोग करते हैं। वे भी एटीएम के साथ मिल कर कब्जा अभियान का हिस्सा बन गए थे। उमर अब्दुल्ला इसे बखूबी जानते हैं लेकिन संकट की इस घड़ी में एक बार फिर कश्मीर के देसी मुसलमानों को वे कवच की तरह इस्तेमाल करना चाहते हैं, जैसा कि वे अब तक करते आए हैं। वे जीतते देसी कश्मीरी मुसलमानों की वोट से हैं और रक्षा अशरफ के आर्थिक व सामाजिक हितों की करते हैं। महबूबा मुफ्ती का कष्ट और गहरा है। वे समझ चुकी हैं कि जिन्होंने सरकारी जमीन पर कब्जा किया है, वे ज्यादातर उसी के राजनीतिक व सामाजिक कुनबे के लोग हैं। इसलिए वे चिल्ला रही हैं कि कश्मीर को अफगानिस्तान की तरह नष्ट किया जा रहा है। महबूबा जानती हैं कि अफगानिस्तान को पूर्व काल में अरबों और तुर्कों ने नष्ट किया था और आधुनिक काल में गोरों और रूसियों ने नष्ट किया है। भारत ने अफगानिस्तान को कभी नष्ट नहीं किया बल्कि हर संकट में पश्तूनों की सहायता ही की है। महबूबा मुफ्ती क्या बताएंगी कि उनकी बिरादरी आज भी पठान को अशरफ का हिस्सा क्यों नहीं मानती? महबूबा ह्यकब्जा छुड़ाओ अभियानह्ल का विरोध करने के लिए अपनी बिरादरी को लेकर दिल्ली पहुंच गईं। उसका कहना था कि वे संसद को सुनाना चाहती थीं कि हमसे सरकारी जमीन से कब्जा नहीं छुड़ाना चाहिए। यह बहुत बड़ा अत्याचार है। वैसे महबूबा इतना तो जानती ही हैं कि संसद के अंदर जाकर बात करने के लिए पहले हिंदुस्तान के किसी भी इलाके से चुन कर आना पड़ता है। लेकिन वे बिना चुने ही संसद को कुछ सुनाना चाहती हैं। अभी कांग्रेस से छिटक कर गए गुलाम नबी आजाद, जिन्होंने अपनी खुद की पार्टी डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी बना ली है, का कहना है कि बहुत से कब्जाधारी राजस्व विभाग के कर्मचारियों को रिश्वत दे रहे हैं कि उनका नाम किसी तरह से कब्जाधारियों की लिस्ट में से निकाल दिया जाए।

क्या लोकतांत्रिक आस्था में कमी आ रही है....?

ओम प्रकाश मेहता-

आजादी के 75 साल में यह एक चौंकने वाला सवाल सामने आया है कि क्या हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति आस्था में कमी आती जा रही है? भारत का आम मतदाता अपनी निजी उलझनो या स्वार्थ परख कार्यों में इतना उलझ गया है कि उसमें देशभक्ति का लोप हो गया, आज स्वतंत्रता दिवस तथा गणतंत्र दिवस भी केवल औपचारिक बनकर रह गए, फिर एक प्रश्न का सीधा संबंध हम भारतीयों में मतदान के प्रति घटती रुचि से भी उजागर हो रहा है। अब हमारे राष्ट्रीय दिवस और मतदान तिथि केवल अवकाश की मौज-मस्ती तक ही सिमट कर रह गए हैं और राष्ट्रभक्ति के प्रति यह उदासीनता का संचार केवल हम तक ही सीमित नहीं होकर हमारी नई पीढ़ी तक भी हो रहा है, हमने ना तो हमारी नई पीढ़ी को देशभक्ति या हमारे शहीदों का कोई पाठ पढ़ाया ना ही देशभक्ति का कोई ज्ञान दिया, उन्हें सिर्फ उनके भविष्य संवारने तक ही हम सीमित रहे हैं, ऐसे में नई पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति का जज्बा आखिर कैसे पैदा होगा। यह स्थिति काफी चिंतनीय है, आंज ना में देश की चिंता है और ना ही उसके प्रति हमारे कर्तव्य की, हम सिर्फ हमारे अधिकार ही जानते हैं, जिन्हें हम हर स्थिति में हासिल करना चाहते हैं। कुल मिलाकर यदि यह कहा जाए कि हम अपने आप में हर दृष्टि से स्वार्थी हो गए हैं, तो कतई गलत नहीं होगा। प्रजातंत्र की मूल पहचान निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव प्रक्रिया है, क्या हम उसका पालन भी ठीक से कर रहे हैं? आजकल कैसे चुनाव लड़े जाते हैं और कैसे जीते जाते हैं, क्या यह किसी से भी छिपा है, अब तो हमारे राजनेताओं का एकमात्र जीवन उद्देश्य येन-केन-प्रकारेण चुनाव जीत कर सत्ता हासिल करना रह गया है और एक बार सत्ता प्राप्त कर अगली सात पीढ़ियों का मार्ग प्रशस्त करना रह गया है, फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए कुछ भी वाजिब गैर-वाजिब क्यों ना करना पड़े? यहां यदि यह भी कहा जाए कि प्रजातंत्र का मूल आधार प्रजा भी पिछले सात दशकों में प्रजातंत्र के कर्तव्य व अधिकारों के प्रति प्रशिक्षित नहीं हो पाई, इसका भी एक मात्र कारण व्यक्तिगत स्वार्थ रुचि है, आज हमारी प्राथमिकताओं में देश व राष्ट्र सबसे आखिर पायदान पर है, ऐसे में कोई राष्ट्रभक्त कैसे हो सकता है? प्रजातंत्रिय देश में प्रजा की भूमिका अहम होती है, जो वह मतदान के जरिए प्रकट करती है, लेकिन यह कितने दुख की बात है कि हमारे देश में मतदान के प्रति रुचि दिनों-दिन कम होती जा रही है, हमारे देश में आजादी के बाद जब 1952 में पहली बार मतदान हुआ था तो देश के उस समय में कुल 17 करोड़ मतदाताओं मे से साढ़े दस करोड़ ने मतदान किया था, जबकि उस समय साक्षरता का प्रतिशत बहुत कम था और 83 फीसदी जनता अशिक्षित थी, फिर भी पहले मतदान ने सारे विश्व को आश्चर्यचकित कर दिया था, किंतु आज की क्या स्थिति है? आज हमारी शिक्षित दर 1952 की पूरी तरह उलट है, अर्थात उस समय 83 फीसदी लोग अशिक्षित थे तो आज 83 फीसदी शिक्षित है, आज देश में 98 करोड़ मतदाता है और इनमें से 30 करोड़ मतदाता वोट डालने ही नहीं आते अर्थात 32 से 37% वोटरों को अपने मताधिकार का उपयोग करने की फुर्सत ही नहीं है? वे मतदान दिवस के अवकाश की मौज मस्ती में डूबे रहते हैं, यह देश भक्ति के प्रति रुचि का सबसे अहम पैमाना है, अब जब हमारे दिल दिमाग से राष्ट्रभक्ति का लोप ही हो गया है तो फिर देश पर कैसे लोग चुनाव जीतकर देश पर राज करेंगे, यह बताने की जरूरत नहीं रह गई है। आज का यह सबसे अधिक चिंताजनक प्रश्न है।

संक्षिप्त खबरें

शादी समारोह से बाइक चोरी, प्राथमिकी दर्ज

गोपालगंज ।जिले के भोरे थाना क्षेत्र के वैध जैतपुरा गांव में आयोजित शादी समारोह से एक बाइक चोरी हो गई।काफी खोजबीन के बाद भी जब बाइक का कहीं अता-पता नहीं चला, तो स्थानीय थाने में पीड़ित व्यक्ति ने प्राथमिकी दर्ज करा दी। बताया जाता है कि यूपी के देवरिया जिले के खामपार थाना क्षेत्र के सरेयां गांव निवासी हैदर अली अंसारी बीते एक फरवरी को स्थानीय थाने के वैध जैतपुरा गांव के मित्र निजामुद्दीन के यहां आयोजित एक वैवाहिक कार्यक्रम में गए थे। जहां उन्होंने अपनी बाइक खड़ी कर रखी थी।बाहर आकर देखा, तो उनकी बाइक गायब मिली।मामले में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शराब के नशे में दो गिरफ्तार

गोपालगंज ।जिले के भोरे थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के सिसई में कार्रवाई करते हुए शराब के नशे में दो युवक को गिरफ्तार कर लिया। ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच में शराब पीने की पुष्टि होने पर पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश कर दिया। बताया जाता है कि थाना के एएसआई अमरदान तिग्गा गुरुवार की शाम गश्ती कर रहे थे।इसी दौरान सूचना मिली कि सिसई बाजार में दो युवक शराब पीकर कर हंगामा कर रहा है।पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार पियक्कड़ की पहचान बंधवां गांव निवासी मंटू साह एवं भदवही के रघुनंदन यादव के रूप में की गयी है।

कुख्यात अपराधी राजेश साह को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गोपालगंज।जिले के हथुआ थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गोपाल मंदिर के समीप छापेमारी कर कुख्यात अपराधी राजेश साह को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार अपराधी की हत्या, लूट, डकैती सहित कई संगीन मामलों में पुलिस को तालाश थी।इसके साथ ही गिरफ्तार अपराधी पर न्यायालय के द्वारा लाल वारंटनिर्गत किया गया था।इसकी जानकारी एसपी स्वर्ण प्रभात ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होने बताया कि गिरफ्तार अपराधी पर चार मामलों में न्यायालय के द्वारा वारंट निर्गत किया गया था।वही दस मामलों में पुलिस को उसकी तालाश थी। पुलिस गिरफ्तार अपराधी के गिरफ्तार होने पर राहत महसूस कर रही है।

बरौली में वाहन जांच अभियान से मचा हडकंप

बरौली ।बरौली थाने की पुलिस के द्वारा थाना चैक सहित अन्य जगहों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया।पुलिस के द्वारा चलाए गए वाहन जांच अभियान से अवैध वाहन चालकों के बीच हडकंप मची रही। वाहन जांच के दौरान हेलमेट, लाइसेंस, वाहन के कागजात आदि की जांच की गयी।इस दौरान 14 बाइक चालकों से सात हजार रूपया जुमार्ना वसूला गया।इसकी जानकारी थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार तिवारी ने दी।वाहन जांच अभियान मे दरोगा संग्राम सिंह, जयहिंद कुमार आदि शामिल थे।

शनिवार के दिन जमुई सांसद 10 करोड़ की योजनाओं का करेंगे शिलान्यास करेंगे

संग्रामपुर (मुंगेर)।शनिवार को लोजपा(आर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह जमुई लोकसभा क्षेत्र के सांसद चिराग पासवान प्रखंड क्षेत्र में योजनाओं के उद्घाटन के साथ-साथ करीब 10 करोड़ के योजनाओं का शिलान्यास करेंगे।इस संबंध में जानकारी देते हुए लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय सचिव मिथिलेश सिंह ने बताया कि सांसद श्री पासवान शनिवार की सुबह करीब 11 बजे देवघर से सीधे संग्रामपुर आंएगे।यहाँ पहुंचकर पहले प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मकनपुर मोड़ पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बने मकनपुर भिखाडीह सड़क का उद्घाटन करेंगे।इसके बाद वहाँ से सीधे रामपुर गांव जाकर उत्तराखण्ड में राहत कार्य के लिए जोशीमठ जाने के दौरान शहीद हुए सैनिक राहुल कुमार के घर जाकर श्रद्धांजलि के साथ साथ उनके परिजनों से मिलकर सांत्वना देंगे।

ऋण वसूली शिविर का आयोजन

संग्रामपुर (मुंगेर)।जिले के संग्रामपुर प्रखंड के अंतर्गत बिहार दक्षिण ग्रामीण बैंक संग्रामपुर के प्रांगण में ऋण वसूली शिविर किया गया जिस की अध्यक्षता शाखा प्रबंधक विक्रम कुमार ने बताया कि ऋण की वसूली की गई है वापस नहीं करने वाले ऋण धारकों को नीलाम पत्र दायर किया जाएगा 11 फरवरी को लगने वाले लोक अदालत को लेकर कारकों को नोटिस दे दी गई है इसके साथ-साथ उन्होंने यह भी बताया कि यह ऋण लौटा कर नहीं देने वाले लोगों के खिलाफ वारंट जारी करने का निर्देश दिया गया। यह अभियान रोज चलाया जाएगा। यह कार्रवाई डि ओ सी मुंगेर सुनील कुमार के निदेर्शानुसार किया गया।

फुलवरिया में तेज रफ्तार पिकअप ने ले ली कई लोगो की जिंदगी

किसी का उजाड़ा सुहाग कई परिवार हुए बे सहारा, घटनास्थल पर चार लोगो की हुई मौत व तीन लोग हुए घायल

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

जिले के फुलवरिया थाने के सहायक श्रीपुर ओपी क्षेत्र के भोरे-मिरगंज मुख्य पथ के मिश्र बतरहा पेट्रोल पंप के समीप एक अनियंत्रित पिकअप ने कई लोगों की जिंदगी निगल ली। किसी का सुहाग उजड़ दिया तो किसी के परिवार को बेसहारा कर दिया। इस दर्दनाक हादसे को देखने के बाद रोंगटे खड़े हो जा रहे थे। बताया जा रहा है कि इस हादसे में चार लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

घटित घटना के बारे में मिली जानकारी के मुताबिक भोरे की तरफ से पिकअप तेज गति से आ रही थी, उसी दौरान साइकिल सवार दो लोग कहीं शादी समारोह से नेवता कर अपने घर जा रहे थे, जैसे ही सड़क पार करने के लिए सड़क पर चढ़े तभी पिकअप तेज गति होने के कारण चालक पिकअप को नियंत्रण नहीं कर सका और साइकल सवार को रौंदते हुए पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे एक खेत में पलट गई। उसपर सवार दो लोग भी उस पिकअप के नीचे दब गए काफी देर तक छटपटाने के बाद दोनो ने भी दम तोड दिया। इस घटना में चालक सहित दो लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर श्रीपुर ओपी में पदस्थापित एसआई प्रमोद कुमार सिंह और फुलवरिया थाने में पदस्थापित एएसआई महेश मंडल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गोपालगंज भेज दिए साथ ही घायलों को स्थानीय अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया, जहां से डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए गोपालगंज रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक मीरगंज थाना क्षेत्र के कालोपट्टी से किसी तिलक समारोह में पिकअप से भोरे की तरफ लोग गए हुए थे, लौटने के क्रम में यह दर्दनाक हादसा हुआ। मृतकों की पहचान फुलवरिया थाना क्षेत्र के मिश्र बतरहा निवासी स्वर्गीय बंसी गोड़ का पुत्र राकेश गोड़, परमात्मा राम के पुत्र रवि राम तथा मीरगंज थाना क्षेत्र के कालोपट्टी निवासी हरि महतो के पुत्र विश्वनाथ महतो तथा शारदा महतो के पुत्र अमरजीत महतो के रूप में हुई है।

घायलों में कालोपट्टी निवासी राजेंद्र चैहान, शिवनाथ चैधरी तथा संजीव चैहान शामिल है। इस घटना ने सब को झकझोर कर रख दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक राकेश गोड अपने परिवार का कमाऊ सदस्य था जिसके मौत के बाद परिजन बेसहारा हो गए हैं, अभी उसकी और उसके दो बहनों की शादी भी नहीं हुई थी। उसके पिता 5 वर्ष पूर्व ही परिवार को बेसहारा छोड़ कर चले गए थे तो वही माता लकवा ग्रस्त है।

जिसके बाद वह अपने परिवार का भरण पोषण मेहनत मजदूरी कर बहुत मुश्किल से करता था। मृतक रवि राम अंडा बेचकर परिवार का गुजर-बसर करता था। घटना की सूचना के बाद स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि महंत पंडित, पैक्स अध्यक्ष बबलू मिश्र वार्ड सदस्य संतोष कुमार यादव, मंतोष मिश्रा, धनु मिश्रा सहित कई लोग परिजनों को दुख की घडी में ढांढस बंधा रहे थे। वहीं पुलिस ने घटनास्थल से पिकअप को जप्त कर लिया है, साथ ही मामले की छानबीन कर रही है। शुक्रवार को जब घर पर मृतकों का शव पहुंचा तो परिजन दहाड़ मार कर रोने लगे। लोगों की भीड़ वहां देखने के लिए इकट्ठा हो गई।

सर्व जन दवा सेवन अभियान का डीएम ने किया शुभारंभ

85 प्रतिशत आबादी को खिलाई जाएगी फाइलेरिया से बचाव की दवा: डीएम

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

जिले में आबादी के 85 प्रतिशत आबादी को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाई जाएगी। स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर दवा खिलाएंगे। उक्त बातें जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चैधरी ने समाहरणालय सभागार में एमडीए अभियान के मेगा लॉन्चिंग के दौरान कही। उन्होंने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए टीम का गठन कर लिया गया है जिले में कुल 1321 टीम बनाई गई है। एमडीएम अभियान तभी सफल होगा जब इसमें समुदाय के सभी लोग अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। 10 से 14 दिनों तक सर्वजन दवा सेवन अभियान चलेगा। इसको लेकर माइक्रोप्लान तैयार कर लिया गया है। डीएम ने कहा कि इस दवा को कोई भी नुकसान नहीं होता है। सभी लोग इस दवा का सेवन करें। दवा खाने से फाइलेरिया से होने वाली बीमारी से बचा जा सकता है। इस मौके पर सीएस डॉ वीरेंद्र प्रसाद, डीएमओ डॉ. सुषमा शरण, डीपीएम धीरज कुमार, केयर इंडिया के डीपीओ आनंद कश्यप, पीसीआई के आरएमसी बच्चू आलम, सिफार के डीसी नेहा कुमारी, प्रशांत कुमार, अमित कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

उम्र के अनुसार दी जाएगी दवा: डीएम डॉ. नवल किशोर चैधरी ने कहा कि एमडीए अभियान के दौरान दवा की डोज उम्र के अनुसार दी जाएगी। दवा खाली पेट नहीं खानी है और इसे स्वास्थ्यकर्मी के सामने ही खाना आवश्यक है । यह दवाएं निःशुल्क जनसमुदाय को खिलाई जाएंगी और इसका सेवन दो साल से कम उम्र के बच्चों,गर्भवती और गंभीर रोग से पीड़ित लोगों को छोड़ कर सभी को करना है। दवा खाने से जब शरीर में परजीवी मरते हैं तो कई बार सिरदर्द, बुखार, उलटी जैसी प्रतिक्रिया देखने को मिलती है। इनसे घबराना नहीं है और आमतौर पर यह स्वतः ठीक हो जाते हैं। अगर किसी को ज्यादा दिक्कत होती है तो आशा कार्यकर्ता के माध्यम से ब्लॉक रिस्पांस टीम को सूचित कर सकता है।

स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के सामने हीं खांये दवा: सीएस डॉ वीरेंद्र प्रसाद ने जिलेवासियों से भ्रांतियों से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम के दौरान उपलब्ध कराई जाने वाली दवा का सेवन अवश्य करें। उन्होंने कहा कि बिना लक्षण वाले लोगों के शरीर में भी फाइलेरिया रहती है और 14-14 वर्ष बाद भी इसका असर शुरू होता है। उन्होंने कहा कि इससे बचाव के लिए लोगों को लगातार पांच साल तक इस दवा का सेवन करना आवश्यक है। यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है। एमडीए अभियान के दौरान दवा की डोज उम्र के अनुसार दी जाएगी। दवा खाली पेट नहीं खानी है और इसे स्वास्थ्यकर्मी के सामने ही खाना आवश्यक है। यह दवाएं निःशुल्क जनसमुदाय को खिलाई जाएंगी और इसका सेवन दो साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती और गंभीर रोग से पीड़ित लोगों को छोड़ कर सभी को करना है। दवा खाने से जब शरीर में परजीवी मरते हैं तो कई बार सिरदर्द, बुखार, उलटी जैसी प्रतिक्रिया देखने को मिलती है। इनसे घबराना नहीं है और आमतौर पर यह स्वतः ठीक हो जाते हैं। अगर किसी को ज्यादा दिक्कत होती है तो आशा कार्यकर्ता के माध्यम से ब्लॉक रिस्पांस टीम को सूचित कर सकता है।

मुखिया हत्याकांड: फोरेंसिक टीम ने लिया घटनास्थल का जायजा

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

जिले के थावे थाने के फुलगुनी पंचायत के मुखिया की हत्या के बाद हत्यारों की गिरफ्तारी की दिशा में पुलिसिया कार्रवाई तेज हो गई है। हत्यारों का सुराग पता करने के लिए फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड की मदद ली जा रही है। हालांकि अबतक पुलिस के हाथ पूरी तरह खाली हैं। थावे थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के साथ मुज्जफरपुर से पहुंची फोरेंसिक टीम घटनास्थल तक गई वहां का जायजा लिया। टीम में शामिल अधिकारियों ने पूरी बारीकी से मुआयना किया। इस दौरान घटनास्थल से जांच के लिए कई प्रकार का सैंपल उठाया गया। काफी देर तक फोरेंसिक टीम जांच में जुटी रही। इसी बीच डॉग स्क्वायड की टीम भी वहां पहुंची और अपने स्तर पर जांच-पड़ताल की। लेकिन किसी प्रकार का सुराग हाथ नहीं लग सका। फोरेंसिक टीम की जांच रिपोर्ट और पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद जांच में तेजी आने की उम्मीद है। कुल मिलाकर पुलिस अबतक अंधेरे में तीर मार रही है। अबतक मुखिया के हत्या के कारणों तक भी पुलिस नहीं पहुंच सकी है। गौरतलब है कि गुरुवार की सुबह फुलगुनी पंचायत के मुखिया मोहम्मद कुरैश को ईंट भट्ठे पर जाने के दौरान नारायणपुर चंवर में गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल पैदा हो गया है। अब देखना है कि पुलिस प्रशासन कब तक मुखिया के हत्यारों तक पहुंच पाती है।

21 सूत्री मांगों को लेकर आंगनबाड़ी सेविकाओं ने किया धरना प्रदर्शन

सेविकाओं ने दी चेतावनी 28 फरवरी को जिला मुख्यालय में करेंगे धरना प्रदर्शन

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों के बाल विकास परियोजना कार्यालय के मुख्य गेट पर तालाबंदी कर अपनी 21 सूत्री मांगों को लेकर आंगनबाड़ी सेविका व सहायिकाओं ने जमकर हंगामा व प्रदर्शन किया। हंगामा प्रदर्शन के कारण बाल विकास परियोजना परिसर में अफरा-तफरी का माहौल व्याप्त हो गया। हंगामा व प्रदर्शन के कारण कार्यालय में घंटों कर्मी डुबकी लगाएं रहें। इस हंगामा प्रदर्शन की अध्यक्षता आंगनबाड़ी सेविका संघ की प्रखंड अध्यक्ष कर रही थी। जिसमें प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के सेविका व सहायिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा ली। सेविकाओं ने कहा कि बिहार राज्य आंगनबाड़ी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर अपनी 21 सूत्री मांगों के समर्थन में धरना प्रदर्शन किए है। सेविकाओं ने अपनी मांगों को लेकर बताई की केंद्र के सेविका व सहायिकाओं को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देते हुए ग्रेट सी और डी में समायोजित किया जाए। जब तक सरकारी कर्मचारी का दर्जा प्राप्त नहीं हो जाता है तब तक सेविकाओं को 25 हजार एवं सहायिकाओं को 18 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय राशि दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में ग्रेच्युटी भुगतान सुनिश्चित किया जाए। अपनी 21 सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इतना ही नहीं धरना प्रदर्शन कर रहे सेविका व सहायिकाओं ने चेतावनी भरे अंदाज में कहा कि आगामी 28 फरवरी को जिला मुख्यालय एवं 20 मार्च को बिहार विधानसभा के समक्ष धरना प्रदर्शन करेंगी।

बरौली में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान शुरू, घर घर खिलाई जायेगी दवा

बीडीओ ने फीता काट कर किया कार्यक्रम का उद्घाटन

बरौली प्रात : किरण संवाददाता

बरौली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ विनोद कुमार ने फीता काट कर किया। शुक्रवार को पीएचसी परिसर में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम शुरू हुई। इस दौरान वहां मौजूद अधिकारी समेत ग्रामीणों को डीईओ और एल्बेंडाजोल की दवा खिलायी गयी। दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं, अत्यंत बृद्ध व बीमार व्यक्तियों को छोड़कर अन्य सभी को दवा खिलाई जाएगी। वही बरौली पीएचसी प्रभारी डाक्टर विजय पासवान ने बताया कि 10 फरवरी से शुरू होकर 24 फरवरी तक अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान फाइलेरिया दवा का वितरण नही किया जायेगा बल्कि आशा कार्यकर्ता घर घर पहुच कर दवा खिलायेंगी। इसको लेकर 137 टीम बनाई गई है। प्रत्येक टीम में दो आशा कार्यकर्ता शामिल है। जिनके द्वारा निर्धारित क्षेत्र में समय अवधी में दवा खिलायी जानी है। उन्होने बताया कि 2 वर्ष से 5 वर्ष तक के बच्चों को एक डीईसी, 6 वर्ष से 14 वर्ष के बच्चों को दो डीईजी व एक अल्बेंडाजोल तो वही 15 वर्ष व इससे ज्यादा उम्र के लोगो को 3 डीईजी और एक अल्बेंडाजोल की दवा खिलानी है। मौके पर बीडीओ विनोद कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. विजय पासवान, कार्यपालक पदाधिकारी, आशा मैनेजर नीरू कुमारी, मैनेजर अंचल अप्रतीम स्वास्थय कर्मी राजेश कुमार, नागमणी तिवारी, संदीप कुमार, गीता कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

फुलवरिया में अधिकारियों ने एमडीए प्रोग्राम का किया शुभारंभ

अधिकारी व डॉक्टर ने फाइलेरिया रोधी दवा खाकर की जागरूक

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के फुलवरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित मरछियां देवी रेफरल अस्पताल के परिसर में शुक्रवार को एमडीए प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान बीडीओ अजीत कुमार रौशन, सीओ खुशबू खातून, सीडीपीओ पुष्पराज हिमांशु व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन कुमार सहित अन्य अधिकारी व स्वास्थ्य कर्मियों ने फाइलेरिया रोधी दवा की खुराक लेकर एमडीए प्रोग्राम के सफल संचालन हेतु लोगी को जागरूक किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन कुमार ने बताया कि एमडीए कार्यक्रम आगामी 14 दिनों तक चलेगा। इस दौरान पूरे जिले में दो वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाएं और गंभीर रूप से बीमार को छोड़कर सभी को दवा दी जाएगी। एमडीए के तहत लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा निशुल्क खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि बचपन में होने वाला यह फाइलेरिया संक्रमण लिम्फैटिक सिस्टम को नुकसान पहुंचाता है, इससे व्यक्ति के अंगों में असामान्य सूजन होती है। फाइलेरिया से ग्रसित लोगों को भीषण दर्द और सामाजिक भेदभाव भी सहना पड़ता है। जिससे उनकी आजीविका व काम करने की क्षमता भी प्रभावित होती है। महिलाओं और बच्चों की तुलना में, पुरुषों में इस संक्रमण के होने की आशंका दोगुना होती है। मौके पर प्रखंड के अधिकारी व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

शिक्षकों को दिया गया यू-डायस प्लस का प्रशिक्षण

गोपालगंज । जिले के भोरे प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा भवन के सभागार में प्रखंड के सभी प्रधानाध्यापकों को यू-डायस प्लस प्रपत्र भरने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बीइओ लखेन्द्र दास ने डायस प्रपत्र भरने के गुर सिखाए। साथ ही डायस प्रपत्र भरकर 15 फरवरी तक अचूक रूप से बीआरसी में जमा करने का आदेश दिए। शिक्षकों की अनुपस्थिति विवरणी को हर हाल में प्रत्येक माह की 26 तारीख तक जमा कर देने का निर्देश दिया। वहीं एमडीएम बीआरपी सुनील कुमार राय ने 11 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को आईवीआरआई पर रिपोर्ट नही देने को लेकर अंतिम चेतावनी दी। इस बैठक में लेखपाल गोपालजी गोकुल, हरिशंकर सिंह, अजय राय, अनुज कुमार पांडेय, कृष्णकांत सिंह, मनोज मिश्र, अंजनी कुमार, उमेश राम, ललन पांडेय सहित सभी प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियां पूरी जिला जज ने की समीक्षा

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मालवीय के द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा की गई। व्यवहार न्यायालय के नए भवन के ग्राउंड फ्लोर में शनिवार को प्रातः 10:00 बजे राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन जिला एवं सत्र न्यायाधीश के द्वारा अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी में किया जाएगा। समीक्षा के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मालवीय ने कहा कि पक्षकारों से अपील है कि वे अपने नोटिस के साथ ससमय पीठ के समक्ष उपस्थित होकर वाद के निष्पादन कराएं। अगर किसी पक्षकार को राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान किसी प्रकार की असुविधा हो तो वैसे पक्षकार हेल्प डेस्क में प्रतिनिधि पारा विधिक स्वयंसेवक से सहायता प्राप्त कर सकते हैं। पक्षकारों की सुविधा हेतु पीठों के समक्ष निष्पादित होने वाले वाद प्रकृति संबंधी बैनर लगा रहेगा। जिससे पक्षकार आसानी से अपनी पीठ के समक्ष उपस्थित होकर अपने वाद का निष्पादन सुविधा से करा सकते हैं। बिना किसी खर्च का मुकदमा समाप्त कराने का यह एक सुनहरा मौका है। इस मौका को हाथ से न जाने दें। अपने एवं अपने परिवार को मुकदमों के बोझ से हल्का करने का सुनहरा मौका है अतः इस मौके का अधिक से अधिक फायदा उठाएं।

सीएलटी ट्रेनरों में असंतोष व्याप्त, डीएम से की शिकायत

गोपालगंज। विद्यालयी शिक्षा समिति को प्रशिक्षित करने वाले सीएलटी (सामुदायिक प्रतिनिधि प्रशिक्षक) ट्रेनरों में विभाग द्वारा की गई अनदेखी को लेकर काफी असंतोष व्याप्त है। इसे लेकर वरीय प्रशिक्षक डॉ. जैनेंद्र कुमार शुक्ल प्रभात के द्वारा डीएम को पत्र लिख कर पूरे मामले से अवगत कराया गया है। बता दें कि 19-21 दिसंबर तक थावे बीआरसी में सीएलटी ट्रेनर्स का प्रशिक्षण चला। जिसे आवासीय की जगह गैर आवासीय कराया गया। जिसके कारण प्रशिक्षण लेने वालों लोगों को किराये पर कमरा लेकर रहना पड़ा। इस दौरान हुई परेशानी को लेकर विभाग द्वारा शिकायत मिलने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई इधर, विभाग ने विद्यालयी शिक्षा समिति के प्रशिक्षकों में शामिल महिलाओं को गृह प्रखंड न देकर अन्यत्र दे दिया है।

निकाली गयी शिव शंकर एवं लक्ष्मीनारायण की मनमोहक झांकी एवं शोभायात्रा

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के भोरे स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थानीय शाखा द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर कलश सह शोभायात्रा निकाली गयी। इस अवसर पर योग अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भोरे सेवा केंद्र का आठवां वार्षिकोत्सव शिव ध्वजारोहण के साथ केक काटकर शुभारंभ किया। उद्घाटन थाने के एसआई अनिल कुमार पासवान, मुखिया मोहन सिंह, अंगूर बहन, रूबी बहन, सुनीता बहन, कांति बहन आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद स्थानीय सेवा केंद्र से शोभायात्रा थाना रोड़, वायरलेस चैक,काली मोड़ से होते हुए विभिन्न मार्गो से गुजरी। शिव शंकर, लक्ष्मी नारायण, भारत माता की जीवंत मनमोहक झांकी निकाली गयी। सेवा केंद्र इंचार्ज राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी रूबी बहन ने बताया कि विश्व में बढते अत्याचार की समाप्ति को लेकर परमपिता परमात्मा इस धरा पर पधार चूके है। पुरानी कलयुगी दुनिया को स्वर्ग बना रहे हैं। इसलिए ईश्वरीय विश्वविद्यालय नर से नारायण तथा नारी से लक्ष्मी बनाने का सरल ढंग से निशुल्क शिक्षा दे रहे हैं। इस अवसर पर सैकड़ों भाई बहनो ने हाथों में झंडा एवं बैनर के साथ नारा लगाते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए। कार्यक्रम में बीके अंगूर बहन, कांति बहन, सुनीता बहन, अनीता बहन, स्नेहा बहन, उर्मिला बहन, ध्यानती माता, फुलझड़ी माता, रीता माता, डा विनोद भाई, बिपूल भाई, बंतालाल भाई, उमेश भाई आदि लोग मौजूद रहे।

धोखाधड़ी मामले में पुलिस ने तीन के विरुद्ध चिपकाया इश्तेहार

गोपालगंज। जिले के उचकागांव थाना क्षेत्र की महुअवां गांव की एक महिला को नोएडा में जमीन लिखने के नाम पर बहला फुसलाकर धोखाधड़ी से पांच लाख रुपए लेने के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपितों के विरुद्ध कोर्ट से जारी इश्तेहार को पुलिस ने आरोपितों के घरों पर जाकर चिपका दिया। बताया जा रहा है कि वर्ष 2020 में थाना क्षेत्र के महुअवां गांव निवासी नसीमा खातून को कुछ लोगों ने नोएडा में जमीन लिखवाने के नाम पर बहला फुसलाकर कर धोखाधड़ी से पांच लाख रुपए ले लिए गए और जमीन की रजिस्ट्री नहीं की। बाद में पीड़ित महिला को जानकारी मिली कि आरोपित अन्य कई लोगों को भी नोएडा में जमीन रजिस्ट्री करने के नाम पर ठग चुके हैं। जिसके बाद पीड़ित महिला नसीमा खातून के आवेदन पर थाना क्षेत्र के नवादा परसौनी गांव की रिजवाना खातून, मांझागढ़ थाना क्षेत्र के अदमापुर गांव निवासी मोहम्मद असलम और सिवान जिले के जामो थाना क्षेत्र के भलुही गांव निवासी मोहम्मद अयाज हुसैन के विरुद्ध धोखाधड़ी की प्राथमिकी थाने में दर्ज कराई थी। तभी से तीनों आरोपित फरार चल रहे हैं। जिसके बाद कोर्ट से इश्तेहार जारी होने के बाद पुलिस बल के साथ आरोपितों के घरों पर पहुंचकर पुलिस पदाधिकारी मंटू कुमार रजक ने इश्तेहार चिपकाने की कार्रवाई की।

चार बोतल शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

गोपालगंज ।जिले के भोरे थाने की पुलिस ने पड़ौली नहर के पास से चार बोतल शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया। मामले में पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। बताया जाता है कि थाने के एएसआई संजीत कुमार सिंह शराब बरामदगी को लेकर गश्ती में निकले हुए थे। तभी यह गुप्त सूचना मिली थी कि पड़ौली नहर वाले रास्ते पर एक तस्कर शराब बेच रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने नहर पर छापेमारी की। इसी बीच एक व्यक्ति पुलिस को देखते ही भागने लगा, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसकी तलाशी लेने पर लुंगी में छुपा कर रखा चार बोतल देशी शराब बरामद की गयी।

संक्षिप्त खबरें

बीपीएससी की पीटी परीक्षा के लिए जिला प्रशासन ने तैयारी की शुरू

आरा। बीपीएससी की पीटी परीक्षा के लिए जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है।कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन को प्रशासन सख्त है।आगामी 12 फरवरी को शहर के कुल 29 केंद्र पर यह परीक्षा होगी। इनमें कैथोलिक उच्च विद्यालय, जिला स्कूल, एस बी प्लस टू उच्च विद्यालय, हित नारायण क्षत्रिय प्लस टू उच्च विद्यालय, टाउन प्लस टू उच्च विद्यालय, हर प्रसाद दास जैन स्कूल, एचडी जैन कॉलेज, एसबी कॉलेज, डॉक्टर नेमीचंद कन्या प्लस टू उच्च विद्यालय, जैन कन्या पाठशाला उच्च विद्यालय, अमीर चंद प्लस टू उच्च विद्यालय, मॉडल इंस्टिट्यूट, हरखेन कुमार ज्ञानस्थली, राजकीय कन्या प्लस टू उच्च विद्यालय, आदर्श मध्य विद्यालय मीरगंज, ज्ञानोदय प्लस टू बभनौली, आरएनएस दिल्ली पब्लिक स्कूल, ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय और माउंट लिट्रा स्कूल बामपाली को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा छात्रों के बीच कराया गया योगाभ्यास

आरा। सदर प्रखंड आरा के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पैठानपुर में स्वास्थ उपकेन्द्र पैठानपुर के द्वारा छात्र-छत्राओं के बीच योगाभ्यास कराया गया।छात्रों को योगा का प्रशिक्षण दे रही स्वास्थ उपकेंद्र पैठानपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी (उल्ड) तारा गढ़वाल ने कहा कि छात्रों को बौद्धिक शिक्षा के साथ शारिरिक शिक्षा भी बहुत जरूरी है ।जब बच्चे स्वस्थ रहेंगे तभी वो मन से पढ़ाई करेंगे। तारा गढ़वाल ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम स्वास्थ केंद्र सहित अन्य केन्द्रों पर योग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।यदि हमें स्वस्थ रहना है तो नियमित रूप से योगा करना होगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहन राम जी,सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी तारा गढ़वाल ,एएनएम किरण कुमारी,सुनीता चंदन सहित पुरा विद्यालय परिवार की सहयोग सराहनीय रहा।

जदयु प्रदेश महासचिव जागा कुशवाहा ने भोजपुर डीएम, एसपी को दिया ज्ञापन

आरा। जदयू प्रदेश महासचिव जागा कुशवाहा ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक भोजपुर से मिलकर लिखत ज्ञापन दिये और पुलिस महानिर्देशक पुलिस भवन निर्माण पटना बिहार को ईमेल के माध्यम से देते हुए बोले कि कोइलवर प्रखण्ड अन्तर्गत चांदी थाना के भवन के निर्माण करीब 2 साल से अधिक दिनों से चल रहा है, लेकिन ठेकेदार की मनमानी और लापरवाही के चलते आज तक निर्माण पूरा नही हो पाया, कार्य की क़्वालिटी की घटिया किस्म की हो रही है,छड़ में जंग भी लग जा रहा है, भवन निर्माण में हो रही लेट के चलते प्राइवेट भवन में चल रही थाना की स्थिति जंजर है सरकारी फाइल भी बरसात के दिनों में खराब हो रही है ,वहाँ रहने और कार्य करने वाले पदाधिकारी पुलिस कर्मी भी बरसात में जग कर सुबह करते हैं,जब किसी इंसान को खाने और सोने की सही व्यवस्था नही होगा तो उसको कार्य करने में भी मन नही लगता है।

गड़हनी के हेल्थ एंड वेलनेश सेंटर बगवां में आयुष्मान भारत जन आरोग्य समिति का हुआ गठन

गडहनी।शुक्रवार हेल्थ एंड वेलनेश सेंटर बगवां में स्वास्थ्य प्रबंधक अनिल कुमार के नेतृत्व में आयुष्मान भारत जन आरोग्य समिति का गठन किया गया।स्वास्थ्य प्रबंधक ने बताया की जन अयोग्य समिति से गरीब असहाय मरीजों की सहायता किया जाएगा।इस कमिटी का अध्यक्षय पंचायत का मुखिया होंगे।और सदस्यो में आशा,सेविका व जीविका रहेगी।

आरा में छत से गिरकर राजमिस्त्री जख्मी

आरा। शहर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हसनपुरा गांव में शुक्रवार की सुबह छत से गिरकर एक राजमिस्त्री गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसके बाद उसके साथी मजदूर द्वारा इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी राजमिस्त्री मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हसनपुरा गांव निवासी स्व.भोला यादव का पुत्र चंदेश्वर यादव है। इधर जख्मी राजमिस्त्री के भाई मनोज कुमार ने बताया कि वह शुक्रवार की सुबह गांव में ही एक व्यक्ति के घर पर राजमिस्त्री का काम कर रहा था। जहां वह काम करने लिए वह छत पर चढ़ा हुआ था।

बिहार राज्य ऑटो रिक्शा चालक संघ ने अपना 7 वां स्थापना दिवस मनाया

15 फरवरी को लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ रैली में भाग लेने का आह्वान किया-दिलराज प्रीतम

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। बिहार राज्य ऑटो रिक्शा चालक संघ का 7वां स्थापना दिवस टेंपो स्टैंड रेलवे स्टेशन के पास स्थापना कार्यक्रम आयोजित किया गया।स्थापना दिवस के अवसर पर भाकपा-माले नगर सचिव दिलराज प्रीतम बिहार ऑटो रिक्शा चालक संघ के अध्यक्ष गोपाल प्रसाद,सचिव किरण प्रसाद राजू खान,राजू ओझा ने संयुक्त रूप से केक काटकर स्थापना दिवस को मनाया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के बतौर टेंपो चालक को संबोधित करते हुए भाकपा-माले नगर सचिव दिलराज प्रीतम ने कहा कि आरा शहर में टेंपो चालकों के साथ नगर निगम सहित के शहर के पुलिस व असामाजिक तत्वों के द्वारा घोर अत्याचार किया जाता था टेंपो चालकों से पूरे शहर में मनमानी तरीके से अवैध चुंगी की वसूली की जाती थी उनके साथ असामाजिक तत्वों के द्वारा अक्सर मारपीट किया जाता था पुलिस जुर्म भी जारी था ऐसे वक्त में पिछले 7 साल पहले बिहार राज्य ऑटो रिक्शा चालक संघ की स्थापना की गई थी और इस संगठन के बनने के बाद टेंपो चालकों पर जिला प्रशासन हो पुलिस या अपराधियों का तांडव हो इसके खिलाफ यह संगठन पिछले 7 सालों से संघर्ष कर टेंपो चालकों की प्रतिष्ठा को बनाए रखा आगे जारी रहेगा।भाकपा-माले नगर सचिव दिलराज प्रीतम ने आगे कहा कि एक तरफ मोदी की सरकार के द्वारा देश के मजदूरों किसानों छात्र नौजवानों पर महंगाई की मार पड़ी है।

रोजगार के सारे अवसर बंद हो रहे हैं इसके खिलाफ उठ रहे जनता की आवाज को यह सरकार कुचल देना चाहती है,देश के तमाम सरकारी संस्थाओं को अदानी-अंबानी के हाथों सौंप देना चाहती है अभी हाल के दिनों में अडानी का जिस तरह से देश में फर्जी चेहरा सामने आया पूरी दुनिया में भारत के नाम को शर्मसार किया है और इस फजीर्वाड़े पर मोदी सरकार चुप्पी साधे बैठी है।मोदी सरकार अडानी के लिए पूरा सरकारी खाजाना खोल दिया गया है।वहीं दूसरी तरफ इस देश में मोदी की तानाशाही के खिलाफ लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए संघर्ष जारी है उसे यह सरकार दमन के जरिए रोकना चाहती है और देश की जनता हरगिज नहीं करेगी।भाकपा-माले के 15 फरवरी को होने वाले पटना के गांधी मैदान में टेंपो चालकों से लोकतंत्र बचाओ रैली में भाग लेने का आह्वान किया और चालकों ने रैली में चलने का संकल्प लिया।स्थापना दिवस कार्यक्रम में अजय सिंह,अंजनी तिवारी,सुरेश सिंह,बिष्णु प्रसाद,राकेश कुमार,मुसा सिंह,परमात्मा पासवान,रामा सिंह आदि कई लोग मौजूद थे।

नवल किशोर यादव ने केन्द्रीय बजट मे बिहार की हिस्सेदारी को गिनाया

प्रात : किरण संवाददाता

आराः भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सह विधानपार्षद नवल किशोर यादव ने स्थानीय आरा परिसदन सभागार मे प्रेस को संबोधित करते हुए केन्द्रीय बजट के बारे मे विस्तृत वर्णन करते हुए बिहार के लिए उपयोगी बताया।उन्होनें प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यमवर्गीय करदाताओं को सरकार ने बड़ी राहत प्रदान की है। बिहार को केन्द्रीय करो मे से 1,02,735 करोड़ की बड़ी राशि मिली है,जो पूर्व के राशि से लगभग 25 हजार करोड़ ज्यादा है। इसके अलावा बिहार को ब्याज रहित 13 हजार करोड़ रूपए भी मिलेंगे।यह ऋण 50 वर्षो मे बिहार सरकार को चुकाना होगा। केन्द्र सरकार द्वारा किसानों के सार्वभौमिक विकास हेतु 1.25 लाख करोड़ का बजटीय आवंटन किया है।20 लाख करोड़ का कृषि ऋण देने के लिए कार्पस फंड का भी एलान किया गया है।

बिहार मे निषाद समाज के कल्याण के लिए 6000 करोड़ का भी एलान किया गया है।बिहार के 80 लाख किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना से लाभ प्राप्ति होगा।बिहार मे कृषि आधारित अवसंरचनाओं को विकसित करने के लिए केन्द्र सरकार ने एग्रीकल्चर एक्सीलरेटेड फंड की घोषणा की गई है। इससे बिहार के युवाओं को इस कार्यक्रम से लाभ उठाकर भविष्य के बिहार का निर्माण का कार्य करेंगे।कॉपोरेटिव के सेगमेंट मे 50% की कमी कर दी है। प्रेस को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता ने आगे बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 66% की बढोतरी करते हुए 79 हजार करोड़ रूपए का बजटीय आवंटन किया गया है।जिसकी एक बड़ी राशि बिहार मे निवेशित होगी। बिहार के 61 प्रखंडो को जन स्वास्थ्य, महिला एवं बाल पोषण,उच्च श्रेणी की शिक्षा, लाभकारी कृषि, जनपयोगी जल संसाधन एवं कौशल विकास के लिए सतत कार्य किए जाएँगे। बिहार के लिए रेलवे बजट मे अभूतपूर्व 2.41 लाख करोड़ रूपए मिला है,जिसका एक बड़ा हिस्सा रेलवे के आधुनिकीकरण एवं नव निर्माण पर खर्च होंगे। बिहार के 17 स्टेशनो को अमृत भारत स्टेशन मे स्थान मिला है। उन्होने बताया कि देश के 47 लाख युवाओं को अगले तीन वर्षो मे राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन योजना मे भत्ता मिलेगा, जिससे बिहार के युवाओं को भी लाभ प्राप्त होगा।। महिला के सशक्तिकरण के लिए भी बजट मे बिहार को स्थान मिला है।पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, गया जैसे प्रमुख शहरो को राष्ट्रीय स्तर के टेयर 1-2 मे शामिल किया गया है। उन्होने कहा कि इस बार का पूर्ण बजट सर्वांगीण विकास का बजट है जिससे बिहार को बहुत लाभ मिलने वाला है।

आज के प्रेस वार्ता मे प्रदेश प्रवक्ता संजय सिंह टाइगर, जिला उपाध्यक्ष कौशल यादव,लव पांडेय,महामंत्री अभिषेक राय,प्रवक्ता नवीन प्रकाश, मीडिया संयोजक संजय कुमार सिंह,कोषाध्यक्ष दीपक सिंह,व्यापार प्रकोष्ठ जिला संयोजक प्रेम पंकज ललन,आईटी संयोजक कुमार गौतम आदि थे।

भोजपुर में ट्रक व ऑटो की सीधी भिड़ंत में ऑटो पर सवार दंपति समेत तीन की मौत

हादसे में मृतक दंपति के एक पुत्र,दो पुत्री एवं ऑटो चालक समेत चार जख्मी

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। आरा-पटना नेशनल हाईवे पर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया स्थित टोल प्लाजा के समीप शुक्रवार की शाम ट्रक व की सीधी भिड़ंत हो गई। इस हादसे में ऑटो पर सवार दंपति व पुत्री समेत तीन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि ऑटो पर सवार मृतक दंपति के एक पुत्र व दो पुत्री एवं ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद उन्हें स्थानीय लोगों द्वारा इलाज के लिए कोईलवर पीएचसी ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद तीन की हालत को चिंताजनक देखते हुये पटना रेफर कर दिया गया है। वही जख्मी ऑटो चालक का इलाज कोईलवर पीएचसी में कराया जा रहा है। उधर घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे एवं ओवरलोड बालू लदे ट्रकों की आवाज गमन को बंद करने की मांग को लेकर तीनों शव को सड़क के बीचो-बीच रख सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम के दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने आगजनी भी की। सड़क जाम होने के कारण सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी कतारें लगी रही एवं आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। वहीं सड़क जाम एवं घटना की सूचना पाकर कोईलवर थाना इंचार्ज एवं गीधा ओपी इंचार्ज अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझाने बुझाने में जुट गए हैं। वहीं पुलिस ने मौके से उक्त ट्रक को भी जप्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार मृतकों में कोइलवर थाना क्षेत्र के कोइलवर वार्ड नंबर 10 निवासी 40 वर्षीय तारकेश्वर राय,उनकी 35 वर्षीया पत्नी संध्या देवी एवं 16 वर्षीया पुत्री छोटी कुमारी शामिल है। जबकि जख्मियों में उनकी 18 वर्षीया पुत्री खुशी कुमारी,14 वर्षीया पुत्री निक्की कुमारी व 12 वर्षीय पुत्र विश्वकर्मा कुमार एवं एक अन्य ऑटो चालक शामिल है। इधर मृतक तारकेश्वर राय के साला अमर कुमार राय ने बताया कि उनकी भांजी खुशी कुमारी का इंटर का परीक्षा खत्म हो गया था। जिसके बाद उनके जीजा तारकेश्वर राय अपने पूरे परिवार के साथ दो दिन पूर्व गीधा ओपी अंतर्गत गीधा गांव अपने ससुराल घूमने आए थे। शुक्रवार की शाम जब वह ऑटो रिजर्व कर अपने पूरे परिवार के साथ वापस अपने गांव लौट रहे थे। उसी दौरान कुल्हड़िया स्थित टोल प्लाजा के समय विपरीत दिशा से आ रही ट्रक ने सामने से उनके ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ऑटो पर सवार तारकेश्वर राय,उनकी पत्नी संध्या देवी एवं पुत्री छोटी कुमारी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उसी ऑटो पर सवार उनकी दो पुत्रियां खुशी कुमारी,निक्की कुमारी,एक पुत्र विश्वकर्मा कुमार एवं एक अन्य ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें इलाज के लिए कोईलवर पीएचसी ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद खुशी कुमारी, निक्की कुमारी एवं विश्वकर्मा कुमार की हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। जबकि एक अन्य ऑटो चालक का इलाज कोईलवर पीएचसी में कराया जा रहा है। वहीं दूसरी और घटना की सूचना पाकर भोजपुर एएसपी सह सदर एसडीपीओ हिमांशु घटनास्थल पर पहुंचे और मृतकों के परिजनों से मिल घटना की पूरी जानकारी ली। इसके बाद एएसपी हिमांशु लोगों को समझाने बुझाने में जुट गए हैं। घटना के बाद मृतकों के घर में हाहाकार मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतकों के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।

स्वयंसेवी संस्था सृष्टि समाज एवं कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा दो दिवसीय आनंद मेला आयोजित

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। एनटीपीसी कहलगाँव में सृष्टि समाज एवं कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा उत्तरायनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स परिसर में दो दिवसीय आनंद मेला का आयोजन किया गया। आनंद मेला का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुजाता लेडिज क्लब पटना अध्यक्षा डी. रत्ना कुमारी, सृष्टि समाज, कहलगाँव अध्यक्षा रूपाली सिन्हा, एवं कार्यकारी निदेशक कहलगाँव अरिंदम सिन्हा ने संयुक्त रूप से फीता व केक काट कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम भगवान गणेश का पूजन कर मेला का शुभारंभ किया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथियों के द्वारा उल्लास के प्रतीक नीले व सफेद रंग के गुब्बारों को आकाश में छोडा गया। इस दौरान सुजाता लेडिज क्लब ,पटना की अध्यक्षा डी. रत्ना कुमारी, सृष्टि समाज कहलगाँव अध्यक्षा रूपाली सिन्हा, एवं कार्यकारी निदेशक अरिंदम सिन्हा के द्वारा मेले में लगे सभी स्टालों पर बारी-बारी से पहुँच कर उनका निरीक्षण सह भ्रमण कर अवलोकन किया। आयोजित मेले में एनटीपीसी लिमिटेड कहलगांव के नैगम संचार मानव संसाधन विभाग द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी में एनटीपीसी की विकास यात्रा एवं उपलब्धियों के अलावे विषेशकर नैगम सामाजिक सामाजिक दायित्व एवं राख उपयोगिता विषयक में बड़ी संख्या में दर्शको ने रूचि लेते हुए विभिन्न जानकारी प्राप्त की। मेला का मुख्य आकर्षण ह्लसशक्त जनजाति सशक्त भारतह्व की थीम पर आधारित जनजातीय उत्सव स्वदेशी संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए किया जा रहा है। जनजाति संस्कृति के संरक्षण और उनकी पारपंरिक कला को बढ़ावा देने के लिये जनजातिय समुदाय द्वारा विभिन्न आदिवासी नृत्य, नुक्कड़ नाटक इत्यादि कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर एनटीपीसी लिमिटेड कहलगांव के नैगम सामाजिक दायित्व के तहत दिव्याङ्ग व्यक्तियों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु परियोजना के निकटवर्ती गाँव के 06 दिव्याङ्ग को सुजाता लेडिज क्लब ,पटना रत्न ा कुमारी, सृष्टि समाज कहलगाँव अध्यक्षा रूपाली सिन्हा, एवं कार्यकारी निदेशक अरिंदम सिन्हा के द्वारा संयुक्त रूप से तिपहिया साइकिल (ट्राईशन साईकल) का वितरित किया ।

वीडियो वायरल करने की धमकी दे करता रहा गलत काम, अब टूट गई लड़की की शादी

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।जिले के गायघाट क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक युवती के साथ एक ग्रामीण युवक के द्वारा ही नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश करने के बाद लड़की के साथ शारीरिक संबंध बनाते हुए अश्लील वीडियो बना कर उसे वायरल करने की धमकी से जुड़ा हुआ मामला तूल पकड़ लिया है।

मामला गायघाट थानांतर्गत बेनीबाद ओपी क्षेत्र के एक गांव का है। लड़की के साथ उसी गांव के एक लड़के ने गलत काम को अंजाम दिया है। लड़के ने पहले लड़की को जबरदस्ती नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश किया और इसके बाद उसके साथ शारीरिक संबंध बनाते हुए अश्लील वीडियो बना लिया। फिर उसने इस वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर कई महीनों तक यौन शोषण करता रहा। सबसे बड़ी बात उस समय हो गई जब इस लड़की की शादी का रिश्ता किसी और के साथ तय हुआ और शादी करवा दी गई। उसके कुछ महीनों के बाद अब यह लड़का एक बार फिर से अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर अब उसे ससुराल से मायके आने को कहा और जब युवती ने आने से मना किया तो आरोपित ने वीडियो वायरल कर दी। वीडियो युवती के ससुराल में उसके पति व ससुर को भी भेज दिया. इसके बाद ससुराल वालों ने युवती पर चरित्रहीन का आरोप लगाकर रिश्ता तोड़ते हुए उसे मायका भेज दिया।

उसके बाद भी आरोपी युवक को चैन नहीं आया, तो युवती के पिता के मोबाइल पर अश्लील वीडियो व फोटो भेजकर युवती को अपने पास बुलाया। आरोपी युवक लगातार वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर युवती को परेशान करने लगा। इससे तंग आकर युवती ने बेनीबाद ओपी में आवेदन दिया है।

जेड प्लस सुरक्षा के साथ आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पहुंचे, बरारी क्षेत्र के कुप्पाघाट

मोहन भागवत का बड़ा बयान- देश की एकता और अखंडता को बनाए रखें युवा भारत मां के सम्मान में आगे आये

प्रात : किरण ब्यूरो।

भागलपुर। जिले के ऐतिहासिक कुप्पाघाट में शुक्रवार को अखिल भारतीय संतमत सत्संग महासभा महर्षि मेंहीं आश्रम कुप्पाघाट भागलपुर द्वारा भव्य लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में सौंदरीयकृत सदुरू निवास का लोकार्पण किया गया। आरएसएस के प्रमुख सह संचालक मोहन भागवत राजधानी एक्सप्रेस से नवगछिया स्टेशन पहुंचे, उनके नवगछिया स्टेशन पहुंचते ही लोगों ने उनका फूल माला व पुष्प गुच्छ देकर भव्य स्वागत किया। उसके बाद वह नवगछिया से विक्रमशिला पुल होते हुए जिले के बरारी क्षेत्र स्थित कुप्पाघाट परिसर पहुंचे।

जहां लोकार्पण कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता के रूप में आचार्य महर्षि हरिनंदन परमहंस जी महाराज, मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संचालक मोहन भागवत और विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री महावीर स्थान न्यास समिति पटना के आचार्य किशोर कुणाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया।

जेड प्लस सुरक्षा के साथ भागलपुर में मोहन भागवतः कुप्पाघाट के लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर आ रहे आरएसएस के संचालक मोहन भागवत को लेकर सुरक्षा के मद्देनजर पूरी तैयारी की गई थी। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को लेकर जेड प्लस सुरक्षा की व्यवस्था की गयी थी, चप्पे-चप्पे पर 78 सीसीटीवी कैमरे के द्वारा निगरानी रखने के साथ साथ जगह जगह पुलिस बलों की तैनाती कर दी गयी, उनकी सुरक्षा को लेकर तीन सौ अतिरिक्त पुलिस बल की भी तैनाती की गई थी।

***लोकार्पण कार्यक्रम के पूर्व फीता काट व नारियल तोड़ कर की शुरूआतः** निर्धारित समय पर अतिथियों व विशिष्ट अतिथियों का कुप्पाघाट परिसर में आगमन होते ही आश्रम के लोगों द्वारा पुष्पगुच्छ देकर व अंग वस्त्र देकर उनका भव्य स्वागत किया। उसके बाद सौंदर्यकृत सदुरु महर्षि मेंही परमहंस जी महाराज के निवास का लोकार्पण सामूहिक रूप से मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों द्वारा फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया, साथ ही सदुरु महर्षि मेंही परमहंस जी महाराज के जीवन पर आधारित फीचर फिल्म के पोस्टर का अनावरण किया। कार्यक्रम के मौके पर मंचासीन अतिथियों के साथ साथ गणमान्य लोगों ने बारी बारी से उपस्थित लोगों को संबोधित किये।

आरएसएस के प्रमुख भागवत ने कहा- एकता व अखंडता को बनाए रखें, करें भारत मां का सम्मानः आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत ने लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में बड़ा बयान देते हुए कहा कि अपने देश के प्रति एकता व अखंडता को बनाए रखें, साथी भारत मां के सम्मान में युवा अपना समय दें, साथ ही उन्होंने कहा सत्य की परख करने के लिए आध्यात्मिक जरूरी है।

आम श्रद्धालुओं के लिए कुप्पाघाट का मुख्य द्वार रहा बंदः गौरतलब हो कि श्रद्धालुओं के लिए कुप्पाघाट के मुख्य द्वार को पूर्णरूपेण बंद कर दिया गया था। वही स्थानीय पुलिस बल अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई। कुप्पाघाट के प्रवेश द्वार से जो भी अंदर प्रवेश कर रहे सभी श्रद्धालुओं के साथ साथ अन्य अधिकारियों व पदाधिकारियों की जांच कर उन्हें परिसर के अंदर प्रवेश कराया जा रहा था।

बीएसएनएल बकायें भुगतान पर 50 प्रतिशत तक की छूट

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। राष्ट्रीय लोक अदालत में बीएसएनएल बकायें विपत्रों के भुगतान पर 50 प्रतिशत तक की छूट देगी। व्यवहार न्यायालय आरा और बक्सर मे दिनांक 11.फरवरी शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। भारत संचार निगम लिमिटेड (इरठछ) के द्वारा 1045 ग्राहकों को बकाये विपत्र की राशि को जमा करने के लिए नोटिस जारी कर दिया गया है।नोटिस स्थानीय पुलिस थाने एवं बीएसएनएल कर्मचारियों के द्वारा टेलीफोन विपत्र बकायेदारों को भेज गया है।यह नोटिस उन सभी ग्राहकों को दिया गया है जो बीएसएनएल की सेवा का इस्तेमाल कर लिया और विपत्र का भुगतान या निपटारा अभी तक नहीं कराएं है।ग्राहक नोटिस की प्रति लेकर राष्ट्रीय लोक अदालत में 11 फरवरी को व्यवहार न्यायालय आरा और बक्सर मे सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक उपस्थित होकर बीएसएनएल के प्रतिनिधि के साथ समझौता कर लंबित बकाये विपत्रों पर विशेष छूट के साथ मामला का निष्पादन अवश्य कराएं। इस बात की जानकारी बीएसएनएल आरा के प्रचालन क्षेत्र प्रमुख रतीश कुमार ने दी।

परिचय समारोह में नियमित क्लास करने का आह्वान

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। धरीक्षण सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज कुल्हड़िया के सभागार में डीएलएड सत्र 2021-23 के विद्यार्थियों को चार माह तक टीचिंग कार्य करने के लिए विभिन्न उच्च विद्यालयों में भेजा गया। सरकार के निदेर्शानुसार 10 घंटे बच्चों का क्लास प्रत्येक दिन अनिवार्य है। साथ ही साथ सत्र 2022 - 24 के नामांकित विद्यार्थियों का स्वागत सह परिचय समारोह किया गया। संस्था के सचिव सिद्धनाथ सिंह ने विद्यार्थियों ने प्रतिदिन क्लास करने की अपील की। उन्होंने महाविद्यालय में ड्रेस कोड के साथ उपस्थित होकर शिक्षा का लाभ उठाने की बात कहीं।उन्होंने विद्यार्थियो आवंटित विद्यालयों में प्रतिदिन जाने की बात कहीं। साथ ही कहा कि लगन से तैयारी कर छात्र भविष्य में योग्य शिक्षक बन सकते हैं। संचालन करते हुए प्रबंधक लाल बहादुर सिंह ने कहा कि डीएलएड पाठ्यक्रम शिक्षा की गुणवत्ता को सरल, रुचिकर और सार्थक बनाती है। विद्यार्थियों को आई कार्ड और लाइब्रेरी कार्ड भी वितरित किया गया। मौके पर प्रो सुधीर कुमार, प्रो संतोष सिंह, कुमारी लक्ष्मी शुक्ला, अशरफ अली, प्रीति तिवारी सहित अन्य मौजूद थी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रियंका,पूजा सहित अन्य छात्राएं थी।

गड़हनी में 21 सूत्री मांगो के समर्थन में आंगनबाडी सेविका व सहायिका का धरना-प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

गड़हनी।चाहे जो मजबूरी हो- हमारी माँगे पूरी हो।जैसे नारो के साथ शुक्रवार को स्थानीय प्रखण्ड मुख्यालय गड़हनी अवस्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय के समीप मानदेय नहीं वेतन दो सहित 21 सूत्री मांगो को लेकर आंगनबाडी सेविका व सहायिकाओं ने धरना-प्रदर्शन आंगनबाड़ी सेविका संघ गड़हनी के अध्यक्ष आशा सिन्हा के नेतृत्व में किया गया। सैकडो की तयदाद में सेविका व साहायिका सरकार की कार्यशैली पर जमकर बरसे। नियत वेतमान सहित अन्य मांगों को लेकर नारेबाजी भी की। मांगों से संबंधित ज्ञापन परियोजना कार्यालय के प्रधान लिपिक संतोष कुमार को दिया। इस धरना-प्रदर्शन में अध्यक्ष आशा सिन्हा,अर्चना कुमारी,सिमा तिवरी,मीना कुँवर, राजवंशी देवी, रामकुमारी देवी,ललिता देवी,पुतुल देवी,कंचन देवी,चनामुनी देवी,कलावती देवी,शारदा देवी सहित कई आंगनबाडी सेविका व साहायिका प्रमुख रूप से थी।

ट्रैक्टर व बाइक की सीधी भिड़ंत में बाइक सवार तीन राजमिस्त्री जख्मी

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। आरा-बक्सर फोरलेन पर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव के समीप शुक्रवार की सुबह ट्रैक्टर और बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक पर सवार तीन राजमिस्त्री गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

जिसके बाद उन्हें साथी मजदूरों द्वारा इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मियों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सारंगपुर गांव निवासी विश्वनाथ पंडित का पुत्र चंदन कुमार,दशरथ शर्मा का पुत्र रामबाबू शर्मा एवं ताना कुमार शामिल है। इधर जख्मी मजदूरों के साथी लवकुश कुमार ने बताया कि शुक्रवार की सुबह वह बाइक पर सवार होकर राजमिस्त्री का काम करने के लिए अपने गांव से धनुपरा गांव जा रहे थे। उसी दौरान आरा-बक्सर फोरलेन पर कल्याणपुर गांव स्थित फ्लाईओवर पर विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर से सीधी भिड़ंत हो गई। जिससे तीनों बाइक से गिर पड़े और गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। वही इस हादसे में तीनों जख्मी राजमिस्त्री को काफी गंभीर चोटें आई हैं।

सड़क सुरक्षा अभियान का 11 फरवरी को हो रहा समापन

पटना। सड़क सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे हेलमेट लगाइए, सुरक्षित घर आईए अभियान का समापन समापन 11 फरवरी को होगा। न्यूज18 बिहार/झारखंड ने शुक्रवार को इसकी घोषण की। जानकारी के मुताबिक ग्रैंड फिनाले शनिवार 11 फरवरी को शाम 5 बजे होगा। विशेष एपिसोड में प्रमुख अतिथियों के साथ चर्चा, मशहूर हस्तियों द्वारा समर्थन के शब्द और लोक कलाकारों द्वारा संगीतमय प्रदर्शन शामिल होंगे। दर्शकों को दोनों राज्यों के नागरिकों और यातायात अधिकारियों के दृष्टिकोण को प्रदर्शित करने वाले एक खंड के माध्यम से सड़क सुरक्षा अभियान के प्रभाव को देखने का मौका मिलेगा। शो में एक चर्चा पैनल भी होगा जिसमें झारखंड के परिवहन मंत्री चंपई सोरेन, बिहार और झारखंड के परिवहन विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, राघवेंद्र सिंह लोकप्रिय रूप से हेलमेट मैन ऑफ इंडिया और सत्येंद्र संगीत, लोक कलाकार के रूप में जाने जाते हैं, शामिल रहेंगे। संदेश फैलाने में संगीत हमेशा एक शक्तिशाली माध्यम रहा है। सड़क सुरक्षा के महत्व को बताने के लिए, फिनाले में लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी, जो अभियान के संदेश को फैलाते हुए दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। सड़क सुरक्षा सर्वोपरि है।

अनियंत्रित कार ने दो ट्रैफिक पुलिस समेत तीन को मारी ठोकर

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । एक अनियंत्रित कार ने ट्रैफिक जवान समेत तीन लोगो को ठोकर मार दी। घटना शहर के सिकंदरपुर चौक का है। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी की स्तिथि बन गई। लोगो ने हंगामा करना शुरू कर दिया। घटना में बाइक व साइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। कार सवार भी घायल हो गया। सभी को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पर पहुंची नगर थाने की पुलिस ने कार को व बाइक जब्त कर लिया है। घायलों में ट्रैफिक जवान पच्छू पासवान व एक पवन सहनी है।

पुलिस तीसरे के नाम पते की जानकारी में जुट गई है। स्थानीय लोगो के अनुसार, सिकंदरपुर चौक पर ट्रैफिक जवान ड्यूटी कर रहा था। इसी बीच स्टेडियम की ओर से तेज गति में एक स्विफ्ट कार आ रही थी। जबकि, बाइक सवार टावर की ओर से आ रहा था। ट्रैफिक जवान ने उसे रुकने का इशारा किया। लेकिन, कार काफी तेज गति में थी। ट्रैफिक जवान के सामने वह आ गई। वह बचने का कोशिश किया। लेकिन, वह उसकी चपेट में आ गया। इसके बाद कार ने बाइक सवार व साइकिल सवार को ठोका। फिर, घसीटते हुए एक सब्जी दुकान से टकराकर दीवाल में जा टकराई। मौके पर अफरातफरी की स्थिति बन गई। सड़क पर बाइक व साइकिल सवार का खून निकलने लगा। कार सवार भी घायल था। घटना में कार, बाइक व साइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जबकि, सब्जी दुकान टूट गया। सभी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गनीमत रही की दुकान खुली नही थी। हादसा बड़ा हो सकता था। वही, मौके पर पहुंचे नगर पुलिस ने कहा की घटना की जांच की जा रही है। कार सवार का पता लगाया जा रहा है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के आवाहन पर किसान चौपाल का आयोजन, भारत की अर्थव्यवस्था के रीढ़ कृषक: दीपक शर्मा

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल संवाददाताःभारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा सह अरवल विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी दीपक शर्मा के नेतृत्व में किसान चौपाल का आयोजन सदर प्रखंड क्षेत्र के अबगीला में किया गया।इस अवसर पर उन्होंने ने कहा कि भारत गाँव का देश है और गाँव किसानों की आत्मा से बना हुआ है ,भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं कृषक वर्ग भारत के ऋद्ध का मुख्य सहभागी हैं किसान और भारत के विकास के रथ का वो पहिया है जिसके बिना विकास की यात्रा अधूरी है यूँ कह लीजिए भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी ढांचा किसान रूपी नींव पर आधारित है लेकिन आजादी के बाद 70 बरसों तक शासन करने वाली कांग्रेस पार्टी ने भारत की आत्मा के साथ क्रूर मजाक किया ,किसानों को उनके बदहाली पर छोड़ दिया गया ,किसानों के तरफ सरकार का संवेदनहीन रवैया रहा ,और सरकार के संवेदनहीन रवैये ने किसानों को हालत पहले अच्छी नहीं रही लेकिन २०१४ के बाद जब एक गरीब का बेटा भारत का प्रधानमंत्री बना जिसने गरीबी को नजदीक से देखा है जिसने एक किसान के दर्दको न केवल महसूस किया बल्कि किसानों की खुशहाली के लिए मोदी सरकार के प्रत्येक बजट में किसान पर ही फोकस रहा और इस बार की बजट में भी किसान और नौजवान का मुख्य बिंदु रहा।भारत काबजट किसानों के कल्याण के लिए खोल दिया गया किसान इस सरकार के लिये सर्वोच्चता है ,भारत के बजट पर पहला हक किसान के कल्याण का है प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मजबूत संकल्पों ने उन तमाम बंद पहले के कारखानों को फिर से चालू किया गया और जहाँ से आज यूरिया एवं अन्य उर्वरक उत्पादित किए जा रहे हैं ,किसानों को सस्ते दर पर उर्वरक उपलब्ध कराई जा रहे हैं ,किसानों को कमतर दरों पर बीज उपलब्ध कराया जा रहा है ,हर खेतों तक पानी पहुँचे इसके लिए सस्ती दर पर बिजली की बेवस्था की गयी ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी किसानों के कल्याण के लिए समर्पित रहने वाली सरकार है और न्यूनतम मूल्य समर्थन मूल्य किसानों के हित को देखकर बनाया गया है और आज सब्सिडी पर उर्वरक का अमृत कलश किसानों को प्रदान किया जा रहा है ।प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित करेंगी वहीं 10,000 बायो इनपुट रिसर्च सेंटर भी स्थापित किए जाएंगे। बजट में पीएम मत्स्य संपदा योजना 6000 करोड़ राशि मछली पालन और मछली बेचने के काम करने वाले छोटे व्यापारियों के लिए किया गया है इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष जगदीश यादव जी, जिला महामंत्री चंद्रभूषण चंद्रवंशी जी, नगर मंडल के अध्यक्ष शशि भूषण भट्ट जी, बृजेंद्र जी ,किसान फनी भूषण जी ,लैलून चंद्रवंशी इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

कांटी में युवक की हत्या पर बीजेपी अध्यक्ष ने मंत्री इसरायल मंसूरी को बर्खास्त करने की मांग की

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।जिले के कांटी में धरना पर बैठे लोगों पर शूटरों द्वारा गोलीबारी और 18 वर्षीय राहुल कुमार की हत्या पर क्षोभ प्रकट करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मंत्री इसराइल मंसूरी को मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर कारवाई करने की मांग की है।

जायसवाल ने अपने फेसबुक पोस्ट में मुख्यमंत्री से तीखे सवाल करते हुए लिखा है कि नीतीश जी आप तो सुशासन और न्याय के साथ विकास के प्रतीक है न? आप तो जनता की सुनते हैं और जनता, संविधान और कानून के अनुसार चलते हैं न? आप के लिए तो संविधान ही धर्म और संविधान ही कर्म है न? आप तो अपराध और भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टोलेरेंस रखते हैं न? तो कांटी हत्याकांड में आरोपित आइटी मंत्री व राजद नेता इसराइल मंसूरी को मंत्रीमंडल से बर्खास्त कर तुरंत उचित कारवाई कीजिये। जायसवाल ने स्थानीय जनता के बयानों का विडियो पोस्ट के साथ शेयर करते हुए लिखा कि जनता खुद बोल रही है, देखिये। गौरतलब हो कि इस घटना को लेकर कांटी की जनता में काफी आक्रोश है। लोग इसका कारण रंगदारी बताते हुए आईटी मंत्री और राजद नेता इसराइल मंसूरी को दोषी बता रहे हैं।

उन्होंने आगे लिखा कि अगर कार्रवाई नहीं करते हैं तो आप स्वीकार कीजिये कि कुर्सी के मोह में आपको राजद का आतंक दिखायी नहीं देता। स्वीकार कीजिये कि आपके लिए कुर्सीपरमोधर्मः है। स्वीकार कीजिये कि आप सत्तालोलुप और पाखंडी बन चुके हैं। जनता अब आपके लिए कौड़ी भर भी मायने नहीं रखती।

मार्च तक रविवार को भी खुलेंगे रजिस्ट्री कार्यालय

प्रातः किरण संवाददाता , मुजफ्फरपुर। राजस्व संग्रह के लिए निबंधन कार्यालय मार्च महीने तक रविवार को भी खुले रहेंगे।यह जानकारी जिला अवर निबौधक ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है। उन्होने कहा है कि 09 फरवरी को अपर मुख्य सचिव, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में राजस्व एवं अन्य बिन्दुओं की समीक्षा बैठक के क्रम में स्थल निरीक्षण का भी समीक्षा किया गया। यह पाया गया कि सरकारी राजस्व वसूली में बढ़ोतरी के उद्देश्य से समाहर्त्ता -सह- जिला निबंधक के द्वारा अपने अधीनस्थ पदाधिकारियों के माध्यम से प्रत्येक माह स्थल जॉच कराया जा रहा है।

जिले में दिख रहे हैं नकली व रद्दी नोट

प्रातः किरण ब्यूरो। भागलपुर। इन दिनों जिले के आसपास इलाके में लगे कई एटीएम मशीन से नकली व रद्दी नोटों की निकासी होने से आम लोगों को भारी संख्या में आर्थिक रूप से छति हो रही हैं। विगत दिनों कजरैली इलाके के इंडियन नामक एटीएम से पैसे निकासी करने के क्रम में ग्राहक को रद्दी नोट उक्त एटीएम से निकलने के बाद बैंक पहुंचा जहां पर बैंक अधिकारियों ने उसे फटकार कर भगा दिया। वही मामले को लेकर कजरैली थाना पहुंच कर थाना प्रभारी नवनिश कुमार को सभी जानकारी से अवगत करवाया लेकिन उन्होंने उक्त ग्राहक को संबंधित बैंक अधिकारियों से लिखित रूप से आग्रह करने की सलाह दी। वही एक ओर नाथनगर की रहने वाली एक महिला को किराना दुकानदार के द्वारा दो सौ रुपये के नकली नोट दे दिये जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि दस दिन पहले महिला नाथनगर स्थित किराना दुकान से कुछ सामान लाने के लिए गई थी। सामान खरीदारी के क्रम में उनके द्वारा दुकानदार को पांच सौ रुपये दिये गये थे, जिसके बाद दुकानदार ने सामान की रखम कटौती के साथ तीन सौ रुपये वापस किये गये। जिसमें दो सौ रुपये का नोट नकली पाया गया है। जिसे लेकर वह जब अस्पताल पंहुचने पर रास्ते में जब ई रिक्शा वाले को उसने वह नोट दिये तो उनके द्वारा दो सौ रुपये की नोट को नकली बताया है। जिसके बाद महिला नोट को हाथ में लेकर इधर से उधर चक्कर काटती रही।

स्वर्ण व्यवसाई के घर चोरों ने किया हाथ साफ

प्रातः किरण ब्यूरो। भागलपुर। बबरगंज थाना क्षेत्र के मोदीनगर मोहल्ले में देर रात स्वर्ण व्यवसाई अरविंद पोद्दार के घर में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। मामले को लेकर बताया जा रहा है कि चोर द्वारा सोने और चांदी के जेवरात के साथ साथ लाखो रुपये की नगद रखम को चोर उड़ा ले गया है, जिसकी कीमत तीन लाख रुपए बताई जा रही है। वही मामले को लेकर स्वर्ण व्यवसाई का कहना है कि विगत शाम पति पत्नी अपने परिजन के यहां गये हुए थे। वही सुबह पड़ोसियों के द्वारा सूचना प्राप्त हुई की घर का ताला टूटा हुआ है। प्राप्त सूचना पर सभी लोग घर पहुंचे जहां अलमारी सहित दीवान और घर के सारे सामान अस्त-व्यस्त बिखरे पड़े दिखे। वही अज्ञात चोरों के द्वारा सोने और चांदी के आभूषण के साथ-साथ जमीन के कागजात और बैंक के दस्तावेज को भी चोरी कर ले गया है।

ऋचा चड्ढा-अली फजल ने की अपने अगले प्रोडक्शन की घोषणा

ऋचा चड्ढा और अली फज़ल के लिए यह एक बड़ी जीत थी, क्योंकि उनके दूसरे होम प्रोडक्शन, द अंडरबग को लॉस एंजिल्स में स्लैमडांस फिल्म फेस्टिवल में सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। पुशिंग बटन्स स्टूडियोज के बैनर तले बनी इस फिल्म ने इस स्वतंत्र फिल्म समारोह में हिस्सा किया और समीक्षकों और दर्शकों दोनों से शानदार समीक्षा प्राप्त की। फिल्म का निर्देशन शुजात सौदागर ने किया है और इसमें अली और हुसैन दलाल मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म को 2020 के अंत में लॉकडाउन के दौरान शूट किया गया था। फिल्म को बड़े पैमाने पर महाराष्ट्र के लोनावाला में कहीं एक घर में शूट किया गया था। यह एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर है, कहानी दो पात्रों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक परित्यक्त घर में शरण लेते हैं। द अंडरबग उनके प्रोडक्शन हाउस की पहली मनोवैज्ञानिक हॉरर फिल्म है, यह पहले से ही दिलचस्प लग रही है। जिसके कारण इसने वैश्विक दर्शकों के सामने समान शैली की दक्षिण एशियाई फिल्मों के लिए एक कल्ट बनाने में मदद की।

ऋचा कहती हैं, फिल्म को शानदार प्रतिक्रिया मिली और इसके निर्माता के रूप में हम इसे देखने के लिए वहां मौजूद थे। यह हमारे लिए बहुत गर्व का क्षण था, खासकर इसलिए कि इसने इतने बड़े वैश्विक मंच पर भारतीय सिनेमा का प्रतिनिधित्व किया। यह सिनेमा के लिए एक अच्छा समय है क्योंकि भारतीय फिल्में वैश्विक दर्शकों के साथ व्यापक पहुंच प्राप्त कर रही हैं। इस शैली की फिल्में काफी पेचीदा होती हैं क्योंकि इसमें बहुत ही विशिष्ट दर्शक होते हैं, लेकिन चूंकि इसे इतनी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है कि इसका सफलता ये खुद बयान कर रही है। अली कहते हैं, मैंने फिल्म का निर्माण ही नहीं किया है बल्कि इसमें अभिनय भी किया है, इसलिए मैं फिल्म से न सिर्फ शारीरिक रूप से बल्कि भावनात्मक रूप से भी जुड़ा हूं। और इस तरह की प्रतिक्रिया देखकर काफी गर्वित महसूस होता है। यह फिल्म बहुत ही उलझी हुई और तनावपूर्ण परिस्थितियों में बनी है। फिल्म की अतिरिक्त जिम्मेदारियां भी थीं क्योंकि यह इसकी पहली स्क्रीनिंग थी, और पहली प्रतिक्रियाएं सकारात्मक थीं, इसने हमें बहुत आत्मविश्वास दिया। फिल्म शुजात सौदागर, अब्बास दलाल, हुसैन दलाल द्वारा लिखी गई है और विकेश भूटानी, शुजात सौदागर और अमन मान द्वारा निर्मित है। एक्जीक्यूटिव निर्माता शौनक सेन, ऋचा चड्ढा, अली फजल, अब्बास दलाल और हुसैन दलाल हैं।

कृति सेनन ने लिखा क्रिप्टिक पोस्ट

साउथ सुपरस्टार प्रभास और बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन की सगाई की खबर कई दिनों से मीडिया में छाई हुई है। हालांकि प्रभास की टीम ने इसका खंडन करते हुए इसे महज अफवाह बताया है। इन सबके बीच कृति ने सोशल मीडिया स्टोरी पर हॉलीवुड आइकन ओपरा विन्फ्रे की मोटिवेशनल रील शेयर की है, जिसमें चीजों को छोड़ दने की बात हो रही है। अब कृति का ये क्रिप्टिक पोस्ट देखने के बाद लोगों का कहना है कि उन्होंने ये पोस्ट इस सिचुएशन से आगे बड़ने के लिए किया है।

कृति का क्रिप्टिक पोस्ट

कृति इस पोस्ट को शेयर करते हुए लिखती हैं, वर्ड। इस पोस्ट में ओपरा कहती हैं, लोगों से ये उम्मीद करना कि आप किसी सिचुएशन में क्या करेंगे, ये केवल आपको निराशा की ओर ले जाता है। इसलिए लोगों को वो रहने दें, जो वे हैं और आप इसे स्वीकार करें। ऐसा नहीं करने से आप ऐसी सिचुएशन में फंस जाते हैं, जिससे वास्तव में आपका समय और आपकी एनर्जी खर्च होती है।

प्रभास की टीम ने सगाई की अफवाहों को किया खारिज

दरअसल, फिल्म क्रिटिक उमैर संधू ने कुछ दिन पहले ट्विटर पर दावा करते हुए कहा था कि कृति और प्रभास अगले हफ्ते मालदीव में सगाई करने वाले हैं। उनके लिए बहुत खुशी की बात है। उमैर के इस ट्वीट के बाद कुछ सोशल मीडिया यूजर्स इस बात को सच मानने लगे थे। इसके बाद प्रभास की टीम ने इस अफवाह को खारिज करते हुए कहा था, प्रभास और कृति सिर्फ अच्छे दोस्त हैं। उनकी सगाई करने की खबर सच नहीं है।

प्रभास-कृति के रिश्ते को वरुण ने किया कंफर्म

प्रभास और कृति के डेटिंग रूमर्स कई दिनों से उड़ रहे हैं। कुछ महीनों पहले वरुण धवन और कृति सेनन भेड़िया का प्रमोशन करने टीवी रियलिटी शो झलक दिखला जा में पहुंचे थे, जहां फिल्म मेकर करण जौहर ने वरुण से इंडस्ट्री की कुछ सिंगल एक्ट्रेसेस का नाम पूछा तो कृति का नाम उस लिस्ट से गायब था, करण ने पूछा कि सिंगल एक्ट्रेसेस के इस लिस्ट में कृति का नाम क्यों नहीं है? वरुण ने इसके जवाब में कहा था, कृति का नाम इस लिस्ट में इसलिए नहीं है क्योंकि कृति का नाम किसी के दिल में है और वो शख्स इस वक्त मुंबई में नहीं है, वो इस वक्त दीपिका पादुकोण के साथ शूटिंग कर रहा है। हालांकि, इस दौरान वरुण ने प्रभास का नाम नहीं लिया था।

कृति ने बताया था इसे महज अफवाह

वरुण के इस बयान के सुनने के बाद फैंस दोनों की शादी का कयास लगाने लगे थे। फिर उसके बाद कृति ने खुद प्रभास संग अपनी शादी और अफेयर की खबरों पर चुप्पी तोड़ी और सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा था, कृति ने लिखा, न ये प्यार है और न ही क्क...हमारा भेड़िया (वरुण धवन) रियलिटी शो में कुछ ज्यादा ही वाइल्ड हो गया था। उनकी मजाकिया बातों के बाद कई तरह की अफवाहें फैल रही हैं। इससे पहले कि कुछ पोर्टल मेरी वेडिंग डेट की अनाउंसमेंट करें, तो मैं आपकी गलतफहमी दूर कर देती हूं। ये अफवाहें पूरी तरह से गलत हैं। इसमें कोई सच्चाई नहीं है।

बिग बॉस 16 में अपना सफर देखकर भावुक हुए शालिन भनोट

बिग बॉस 16 के ग्रैंड फिनाले में महज चार दिन बचे हैं। ऐसे में कंटेस्टेंट्स के उनकी बीते चार महीने की यात्रा को दिखाया जाएगा। अपकमिंग एपिसोड में, टॉप 5 कंटेस्टेंट्स शालिन भनोट, प्रियंका चौधरी, शिव ठाकरे, एमसी स्टेन और अर्चना गौतम को उनकी जर्नी का थ्रोबैक वीडियो दिखाया जाएगा। एक्टिविटी एरिया में कंटेस्टेंट्स का उनके फैंस द्वारा स्वागत किया जाएगा। जारी किए गए एक नए प्रोमो में, एक्टिविटी एरिया में शालिन का दर्शक तालियों और सीटियों के साथ स्वागत करते हैं। वह एक स्टेज पर खड़े होते हैं और इसके बाद उनकी जर्नी का वीडियो दिखाया जाता है। बिग बॉस में अपनी जर्नी देखते हुए शालिन इमोशनल हो जाते हैं और उनकी आंखों से आंसू निकल आते हैं। दर्शकों के सामने शालिन नतमस्तक हो जाते हैं जिसके बाद प्रोमो वाला वीडियो खत्म हो जाता है।

फ्रेंचाइजी हेलो फ्रेंड्स मुंगेर को टॉप पर रहने के लिए किया गया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। बिहार बीएसएनएल के द्वारा बिहार में ग्राहक को समय पर सर्विस देने एवं टॉप फ्रेंचाइजी को सम्मानित बिहार के सीजीएम के द्वारा किया गया जिसमें मुंगेर लखीसराय, शेखपुरा, जमुई, बेगूसराय एवं खगड़िया से एक मात्र फ्रेंचाइजी हैलो फ्रेंड्स मुंगेर को टॉप पर रहने के लिए सम्मानित किया गया इस खुशी के मौके पर मुंगेर के बीएसएनएल डी जी एम ऑपरेशन हेड ब्रह्मदेव केवट ने खुशी जाहिर करते हुए कहा हैं कि मुंगेर टेलिकॉम जिला के लिए ये गौरव की बात है और आगे भी अन्य फ्रेंचाइजी भी इसी तरह ग्राहक को अच्छी सुविधा देने का काम करेगे बीएसएनएल भारत फाइबर इन्टरनेट में सबसे अच्छी स्पीड के साथ इन्टरनेट सुविधा मुहैया करवा रहे है और बेहतर सर्विस का वायदा करती है एवं लोगों से अपील की बीएसएनएल को अपनाए सभी के सहयोग से आने वाले समय में बीएसएनएल भरोसे के साथ सबसे आगे रहेगा हैलो फ्रेंड्स के प्रतिनिधि विक्की कुमार ने सबसे पहले बीएसएनएल भागलपुर के जी एम सर एवं डी जी एम बीएसएनएल मुंगेर एवं सभी टीम को धन्यवाद दिया और कहा प्राइवेट कम्पनी प्रलोभन देकर ग्राहकों को आकर्षित करने का कोशिश करती है पर बीएसएनएल पर लोग भरोसा करते है और हम लोग भी बेहतर सर्विस देने का कोशिश करते है इसलिए सभी से अपील है कि लोग बीएसएनएल फाइबर को अपनाए बीएसएनएल पूरी सुरक्षा के साथ बेहतर सुविधा देने का काम करेगे।

सोनू सूद का बनाया गया मंदिर एक्टर बोले मैं इसके लायक नहीं

बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद के सम्मान में तेलंगाना की सीमा पर एक और मंदिर बनाया गया। इस पर एक्टर ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं। सेलिब्रिटी पैपराजी विरल भयानी द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में सोनू सूद की एक मूर्ति दिखाई दे रही है, जिसके पीछे एक बैनर लगा हुआ है, इस पर लिखा हुआ है, भारत के असली हीरो सोनू सूद मंदिर। सोनू सूद से उनके सम्मान में बनाए जा रहे मंदिर के बारे में बात की। उन्होंने कहा, हां, अभी अभी एक और मंदिर के बारे में पता चला, जो आंध्र और तेलंगाना की सीमा पर बना है। यह चौथा मंदिर है। इसस पहले तेलंगाना, आंध्र और एक चेन्नई में मंदिर बनाया गया। मैं वास्तव में सम्मानित महसूस कर रहा हूं, मेरे पास कहने के लिए शब्द नहीं हैं। मैं वास्तव में आभारी हूं कि लोग मुझे इतना प्यार करते हैं, लेकिन मैं यह भी कहना चाहता हूं कि मैं इसके लिए पूरी तरह से योग्य नहीं हूं। मैं हमेशा कहानियों या किताबों में पढ़ता था और कभी-कभी खबरों पर भी कि लोग इतना प्यार करते थे। कभी नहीं सोचा था कि मुझे भी इतना प्यार दिया जाएगा, मैं बस हर एक व्यक्ति को धन्यवाद देना चाहता हूं और वे लोग जो मेरा मंदिर बना रहे हैं, अगर कुछ स्कूल और अस्पताल बना सकते हैं जो लोगों को शिक्षा और जरूरतमंदों का इलाज देने में मदद करेगा, इस ओर भी अपना कदम बढ़ाए।

कपिल शर्मा ने किया सिंगिंग डेब्यू पहला गाना अलोन हुआ रिलीज

कॉमेडियन कपिल शर्मा ने एक्टिंग के बाद अब सिंगिंग डेब्यू भी कर लिया है। कपिल शर्मा का पहला गाना अलोन रिलीज हो गया है। इस गाने को कपिल के साथ गुरू रंधाना ने गाया है। गाने की शूटिंग मनाली के पहाड़ों में हुई है। यह गाना दिल टूटे आशिकों पर फिल्माया गया है। गाने में कपिल शर्मा और गुरु रंधावा के साथ योगिता बिहानी नजर आ रही हैं। म्यूजिक वीडियो में कपिल की गर्लफ्रेंड उन्हें तन्हा छोड़कर चली जाती हैं। हमेशा सबकों हंसाने वाले कपिल शर्मा इस गाने में रोते हुए नजर आ रहे हैं। अलोन गाने को कपिल शर्मा और रैपर गुरु रंधावा ने गाया है। गाने के लिरिक्स को गुरु रंधावा ने लिखा है और उन्होंने ही इसे कंपोज भी किया है। इस गाने को गुलशन कुमार और टी सीरीज ने प्रस्तुत किया है।

संक्षिप्त खबरें

याहू 1,600 कर्मचारियों की करेगा छंटनी

सैन फ्रांसिस्को। याहू अपने 1,600 कर्मचारियों को निकालेगा, जिससे कंपनी के विज्ञापन टेक कारोबार का आधा हिस्सा प्रभावित होगा। एक्सियोस के साथ एक बातचीत में याहू के सीईओ जिम लैनजोन ने कहा कि ये बदलाव याहू की समग्र लाभप्रदता के लिए जबरदस्त फायदेमंद साबित होगा। छंटनी कंपनी को लाभदायक व्यवसायों में अधिक निवेश करने में मदद करेगी। कंपनी के मुताबिक शुक्रवार को 12 फीसदी कर्मचारियों (करीब 1,000 कर्मचारियों) की छंटनी की जाएगी। कंपनी ने कहा कि अगले छह महीनों में और 8 फीसदी (600 लोगों) को कंपनी से कार्यमुक्त किया जाएगा। लैनजोन ने कहा कि छंटनी की कुल संख्या विज्ञापन टेक इकाई के मौजूदा कर्मचारियों के 50 प्रतिशत से अधिक और याहू के वर्तमान कर्मचारियों के 20 प्रतिशत से अधिक होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, याहू अपने एसएसपी या सप्लाई-साइड प्लेटफॉर्म नामक अपने विज्ञापन व्यवसाय का एक हिस्सा बंद कर देगा, जो डिजिटल प्रकाशकों को उनकी सामग्री के खिलाफ स्वचालित विज्ञापन बेचने में मदद करता है। कंपनी जेमिनी नामक अपने मूल विज्ञापन प्लेटफॉर्म को भी बंद कर देगी। यह देशी विज्ञापन बेचने के लिए एड टेक जायंट टाबूला के साथ अपनी नवगठित साझेदारी का लाभ उठाएगा। कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा, ह्लकई वर्षों से हमारे विज्ञापन व्यवसाय की रणनीति विज्ञापन तकनीक उद्योग में हमारे डिमांड साइड प्लेटफॉर्म (डीएसपी), सप्लाई साइड प्लेटफॉर्म (एसएसपी) और नेटिव प्लेटफॉर्म से मिलकर ह्यएकीकृत स्टैकह्ल की पेशकश कर प्रतिस्पर्धा करना था।ह्व बयान में कहा गया है, कई वर्षों के प्रयास और निवेश के बावजूद यह रणनीति लाभदायक नहीं थी और पूरे स्टैक में हमारे उच्च मानकों पर खरा उतरने के लिए संघर्षरत थी। याहू टेक कंपनियों की बढ़ती सूची में शामिल हो गया है, जिन्होंने वैश्विक व्यापक आर्थिक परिस्थितियों के बीच हजारों कर्मचारियों को निकाल दिया है।

राजनाथ सिंह ने किया पीएम मोदी का स्वागत, कहा- यूपी अब नाम अनुसार ऊपर ही जाएगा

लखनऊ। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश अपने नाम को सार्थक कर ऊपर ही जाएगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ स्वर्गीय अटल विहारी वाजपेयी की कर्मभूमि रही है। उन्होंने कहा कि बीते कई वर्षों में यहां उद्योगों की हालत खराब थी लेकिन पीएम के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तरक्की के रास्ते पर चल पड़ा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि जैसे गुजरात में विकास पीएम मोदी के कारन ही संभव हुआ वैसे ही उत्तर प्रदेश में भी तरक्की के रास्ते खुल गए हैं। उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की। राजनाथ सिंह ने कहा कि सीएम योगी ने बीते वर्षों में जो सुरक्षा और सुशासन का राज कायम किया है वो अविस्मरणीय है।

ईवी स्टार्टअप रिवियन में फोर्ड ने बहुमत हिस्सेदारी बेची

सैन फ्रांसिस्को। यूएस सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) के अनुसार, यूएस-आधारित फोर्ड मोटर कंपनी ने अधिकांश इलेक्ट्रिक वाहन स्टार्टअप रिवियन शेयर बेचे हैं। टेकक्रंच की रिपोर्ट के अनुसार, ईवी निमार्ता के शेयर मई 2022 से लगातार गिर रहे हैं और अब 1.15 प्रतिशत या 10.5 मिलियन शेयरों पर हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि फोर्ड द्वारा पिछले साल अपने रिवियन निवेश पर 7.3 अरब डॉलर राइट-डाउन का खुलासा करने के ठीक एक हफ्ते बाद यह बिक्री हुई है। फरवरी 2022 से रिवियन का शेयर करीब 70 फीसदी गिर चुका है। रिपोर्ट के अनुसार, इसके अलावा, फोर्ड ने पिछले साल अप्रैल में अपने रिवियन निवेश पर 5.4 अरब डॉलर ह्यमार्क-टू-मार्केट लॉसह्ल की सूचना दी थी, साथ ही ऑटोमेकर ने अगले महीने दो अलग-अलग लेनदेन में 15 मिलियन शेयर बेचे, ईवी निमार्ता में अपनी हिस्सेदारी को घटाकर 10 प्रतिशत से कम कर दिया। रिवियन के साथ फोर्ड की साझेदारी 2019 में होनहार ईवी स्टार्टअप में 500 मिलियन डॉलर के निवेश के साथ शुरू हुई। अमेजन जैसी अन्य कंपनियों ने भी अपने रिवियन स्टॉक में 2.3 अरब डॉलर के वैल्यूएशन लॉस की सूचना दी। इस महीने की शुरूआत में रिवियन ने अपने 6 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी करने की घोषणा की थी।

देश के ग्रोथ इंजन की भूमिका निभाने को तैयार उत्तर प्रदेश : योगी

लखनऊ, एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप ह्यनए भारत का नया उत्तर प्रदेशह्ल देश के ग्रोथ इंजन की बड़ी भूमिका निभाने को तैयार है। उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के शुभारंभ के मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के ह्यरिफॉर्म, परफॉर्म ट्रांसफार्मह्ल के मंत्र को आत्मसात कर उत्तर प्रदेश ने जो प्रयास किए, उसी का परिणाम है कि आज इस निवेश के महाकुंभ के माध्यम से उत्तर प्रदेश को 32 लाख 92 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। सभी के सहयोग से पूरा होगा 1 ट्रिलियन का लक्ष्य- सीएम योगी समिट आयोजन से जुड़ी तैयारियों को साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्वेस्टर्स समिट से पूर्व उत्तर प्रदेश के मंत्रीगणों के समूह द्वारा 16 देशों के 21 शहरों में रोड शो आयोजित किए गए, साथ ही देश के 09 बड़े नगरों में भी रोड शो हुए। इसमें हमें विदेशों में तैनात भारतीय मिशनों, राजदूत गणों, उच्चायुक्तों, व्यापारिक व औद्योगिक संगठनों का सहयोग मिला। इन सभी के सकारात्मक सहयोग से प्रधानमंत्री जी के विजन को आगे बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश की $1 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य सफल होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज इस निवेश महाकुंभ से प्रदेश के सभी 75 जनपद जुड़े हुए हैं। हर जिले में निवेश के कार्यक्रम हो रहे हैं। औद्योगिक विकास के लिए यूपी में है बेहतर पारिस्थितिकी तंत्र प्रदेश की औद्योगिक नीति व सेक्टरोल पॉलिसी से परिचय कराते हुए उन्होंने कहा कि भारत के फूड बास्केट के रूप में जाना जाने वाला उत्तर प्रदेश खाद्यान्न, दूध, गन्ना समेत कई वस्तुओं के उत्पादन में प्रथम स्थान पर है। प्रदेश सरकार ने आईटी/आईटीईएस, डेटा सेंटर, ईएसडीएम, डिफेंस एवं एयरोस्पेस, इलेक्ट्रिक वाहन, वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स, पर्यटन, टेक्सटाइल, एमएसएमई, आदि सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के लिए लगभग 25 नीतियों को तैयार करके नीति संचालित शासन के माध्यम से औद्योगिक विकास के लिए एक समग्र पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की दिशा में अनेक सुधारात्मक कदम उठाए हैं। यमुना एक्सप्रेस-वे के निकट राज्य का पहला मेडिकल डिवाइस पार्क का शुभारंभ किया गया है। इसी प्रकार यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में फिल्म सिटी, टॉय पार्क, अपैरल पार्क, हैंडीक्राफ्ट पार्क, लॉजिस्टिक हब विकसित किए जा रहे हैं। अन्य परियोजनाओं में

ग्रेटर नोएडा में आईआईटी जीएनएल, बरेली में मेगा फूड पार्क, उन्नाव में ट्रांसगंगा सिटी, गोरखपुर में प्लास्टिक पार्क, गोरखपुर में गारमेंट पार्क तथा अनेक फ्लैटेड फैक्ट्री परिसरों को विकसित किया जा रहा है। बीमारू होने का दंश झेलने वाले बुंदेलखंड और पूर्वांचल में 9 लाख करोड़ से अधिक का निवेश प्रदेश के विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर, उद्योग अनुकूल नीतियों और निवेशकों की सुरक्षा के अनुकूल कानून-व्यवस्था की नीतियों के परिचय के साथ वैश्विक औद्योगिक जगत का आह्वान करते हुए मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश में विद्यमान अपार अवसरों का लाभ उठाने तथा नए भारत को समृद्ध एवं शक्तिशाली बनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश की प्रगति यात्रा में सहयात्री बनने के लिए सभी को आमंत्रित किया और निवेश करने वाले औद्योगिक समूहों, उद्यमियों के सरकार की नीतियों के अनुरूप उनके हितों को सुरक्षित रखते हुए हर सम्भव सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा भी दिया। उन्होंने कहा कि बीमारू होने का दंश झेलने वाले बुंदेलखंड और पूर्वांचल जैसे क्षेत्रों में इस ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिये व्यापक निवेश आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक प्राप्त निवेश प्रस्तावों में से 9 लाख करोड़ से अधिक का निवेश पूर्वांचल में और 4 लाख 28 हजार करोड़ का निवेश बुंदेलखंड में होने जा रहा है। यह औद्योगिक निवेश इन क्षेत्रों में विकास की अपार संभावनाओं को आकार देने वाला होगा। सीएम योगी ने कहा यूपी ने अपने परिवेश को औद्योगिक विकास के अनुकूल बनाया -नवीकरणीय ऊर्जा, रियल एस्टेट, शिक्षा, पर्यटन, इलेक्ट्रॉनिक वाहन मैन्युफैक्चरिंग, हाउसिंग, फूड प्रोसेसिंग जैसे अनेक सेक्टरों में अब तक हुए 18645 एमओयू के जरिये होने जा रहा यह निवेश प्रदेश में 92 लाख 50 हजार से अधिक नौकरी व रोजगार के नए अवसर सृजित करने वाला होगा।तीन दिवसीय वैश्विक निवेशक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में प्रधानमंत्री, रक्षामंत्री, राज्यपाल, अनेक केंद्रीय मंत्रीगणों, विश्व स्तर के नीति निर्धारकों, कॉरपोरेट जगत के शीर्ष नेतृत्व, व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों, एकेडेमिया, विचार मंच एवं प्रबुद्धजनों की उपस्थिति के उत्साहजनक माहौल के बीच मुख्यमंत्री ने सभी को उत्तर प्रदेश के विकास में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया।खास मौके पर मुख्यमंत्री ने बीते 6 वर्षों में उत्तर प्रदेश में व्यापक बदलाव की यात्रा को साझा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के विजनरी नेतृत्व के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में बेहतर कानून-व्यवस्था और निवेश को प्रोत्साहित करने वाली 25 सेक्टोरल नीतियों के माध्यम से उत्तर प्रदेश ने अपने परिवेश को औद्योगिक विकास के अनुकूल बनाया है। निवेशकों की सुविधा के लिए समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने एवं उनके कार्यान्वयन की निगरानी के लिए निवेश सारथी आनलाइन प्रणाली है, साथ ही एक ऑनलाइन इंसेंटिव मैनेजमेंट और और कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट पोर्टल (निवेश सारथी) भी उपयोगी सिद्ध हो रहा है।

आने वाले वर्षों में देश को रेलवे का नया रूप मिलेगा : अश्विनी वैष्णव

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि आने वाले वर्षों में देश को रेलवे का एक नया रूप देखने को मिलेगा। भारतीय रेलवे शुक्रवार को देश की 9वीं और 10वीं वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की शुरूआत कर रहा है। इस मौके पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आगे आने वाले वर्षों में देश की जनता को रेलवे का एक नया रूप देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि अगर वंदे भारत ट्रेन की फ्लाइट्स से तुलना की जाए तो वंदे भारत ट्रेन में फ्लाइट से करीब 100 गुना कम ध्वनि प्रदूषण होता है। यह यात्रियों के लिए बेहद आरामदायक और सुखद सफर है। इस ट्रेन में झटकों का आभास नहीं होता है, साथ ही पिकअप भी बहुत अच्छा है। 52 सेकंड में ट्रेन अपनी रफ्तार पकड़ लेती है। दुनियाभर में जो बेहतरीन ट्रेन मानी जाती है उसके मुकाबले में वंदे भारत है और कई मायनों में उनसे बेहतर भी है।रेल मंत्री ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी का जो भरोसा देश के इंजीनियर पर, टेक्नीशियन, वेल्डर्स और फिनिशर्स पर है, वह साबित हो गया है। उन्होंने कहा कि मुंबई-सोलापुर वंदे भारत एक्सप्रेस और मुंबई-शिरडी वंदे भारत एक्सप्रेस के शुरू होने के बाद हजारों यात्रियों को रोज फायदा होगा। इससे मुंबई, सोलापुर, शिरडी, दादर, ठाणे, लोनावाला, पुणे और कुदूवार्डी के आसपास के यात्रियों का सफर सुलभ होगा।गौरतलब है कि पीएम मोदी शुक्रवार को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से दो वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। रेलवे के अनुसार 160 किलोमीटर प्रतिघंटा क्षमता वाली वंदे भारत की मुंबई-शिरडी के बीच औसत स्पीड करीब 60 किलोमीटर प्रतिघंटा होगी। मुंबई से सोलापुर के बीच इस ट्रेन की औसत स्पीड करीब 70 किलोमीटर प्रतिघंटा होगी।

पीएम मोदी ने किया यूपी जीआईएस का शुभारंभ, अंबानी, बिरला समेत उद्योग जगत की कई हस्तियां मौजूद

लखनऊ, एजेंसी

उत्तर प्रदेश में शुक्रवार से तीन दिवसीय यूपी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट (जीआईएस) 2023 का शुभारंभ हो गया। आयोजन के लिए लखनऊ पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिमोट का बटन दबाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान आदित्य बिरला ग्रुप के प्रमुख कुमार मंगलम बिरला ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा कि सरकार ने ईज आफ डूइंग बिजनेस को लेकर कई शानदार कदम उठाए गए हैं जिसके कारण यह निवेशकों के लिए आकर्षक प्रदेश बन गया है। उन्होंने उद्योगपतियों से प्रदेश में निवेश की अपील की है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश से हमारे 70 दशक पुराने संबंध हैं। रेणूकोट में हमारी फ्लेगशिप कंपनी हिंडाल्को की सीमेंट फैक्ट्री है। यूपी में आदित्य बिड़ला ग्रुप के 7 से अधिक बिजनेस

हैं। 13000 लोग काम करते हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा कि कानून व्यवस्था में सुधार और ईज आफ डूइंग बिजनेस में सुधार के कारण यूपी नए भारत के लिए आशा का केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए उद्योग और सहयोग दोनों की आवश्यकता है जिसे यूपी पूरा कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंवेस्टर्स समिट के शुभारंभ के अवसर पर ट्वीट कर कहा कि ह्लनए भारत के ह्यनए उत्तर प्रदेशह्ल में आज से प्रारंभ हो रहे तीन दिवसीय यूपी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में निवेशकों, नीति-निर्धारकों, कॉरपोरेट जगत के प्रतिनिधिमंडलों, शिक्षाविदों एवं सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के इतिहास में यह पहला अवसर है, जब एक साथ सभी 75 जनपदों में निवेश हो रहा है। यूपी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2023 प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के साथ ही देश को 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के संकल्प को पूर्ण करेगा।

समिट के लिए डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में 25 हजार वर्गमीटर में फाइव स्टार होटल की तर्ज पर 5 बड़े पंडाल और टेंट सिटी बसाई गई है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर यूपी पुलिस अलर्ट पर है। नेपाल और पड़ोसी राज्यों की सीमा पर पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है। चप्पे-चप्पे पर खुफिया पुलिस तैनात की गई है

ग्लोबल मार्केट से कमजोर संकेत, एशियाई बाजारों में भी गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी ग्लोबल मार्केट से आज कमजोर संकेत मिल रहे हैं। पिछले कारोबारी सत्र में वॉल स्ट्रीट कमजोरी के साथ बंद हुआ था। वॉल स्ट्रीट के तीनों इंडेक्सों में गिरावट दर्ज की गई। यूएस फ्यूचर भी सपाट स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। हालांकि यूरोपीय बाजार ने पिछले कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ अपने कारोबार का अंत किया था। दूसरी और एशियाई बाजारों में आज शुरू से ही दबाव बना हुआ है। निक्केई इंडेक्स को छोड़ कर शेष सभी सूचकांक गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं। पिछले कारोबारी सत्र के दौरान नैस्डेक 120.94 अंक यानी 1.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 11,789.58 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.88 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 4,081.50 अंक के स्तर पर अपने पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डाओ जोंस भी 249.13 अंक यानी 0.73 प्रतिशत टूट कर 33,699.88 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर यूरोप के बाजारों में पिछले कारोबारी सत्र के दौरान तेजी देखने को मिली। यहां के सभी इंडेक्स बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.33 प्रतिशत मजबूत होकर 7,911.15 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.95 प्रतिशत की उछाल के साथ 7,188.36 अंक के स्तर पर अपने पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 111.37 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की तेजी के साथ 15,523.42 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में आज सुबह से ही दबाव की स्थिति बनी हुई है। निक्केई इंडेक्स को छोड़ कर एशिया के सभी बाजारों में गिरावट का रुख बना हुआ है। एसजीएक्स निफ्टी फिलहाल 113 अंक यानी 0.63 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 17,817.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.28 प्रतिशत टूट कर 3,350.13 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। इसी तरह हैंग सेंग इंडेक्स 387.11 अंक यानी 1.79 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,237.25 अंक के स्तर पर बना हुआ है। अभी तक के कारोबार में ताइवान वेटेड इंडेक्स 0.08 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 15,586.85 अंक के स्तर पर कारोबार करता दिख रहा है। जबकि कोस्पी इंडेक्स 0.69 प्रतिशत लुढ़ककर 2,464.41 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.26 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 1,664.76 अंक के स्तर पर, जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 84.65 अंक यानी 1.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,812.72 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.60 प्रतिशत टूट कर 3,250.85 अंक स्तर पर कारोबार करते नजर आ रहे हैं। दूसरी ओर निक्केई इंडेक्स अभी तक के कारोबार में 70.42 अंक यानी 0.26 प्रतिशत की बढ़त लेकर 27,654.77 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

यूपी में करेंगे 75 हजार करोड़ का अतिरिक्त निवेश: अंबानी

लखनऊ, एजेंसी

उत्तर प्रदेश की एक ट्रिलियन डालर की इकोनामी के सपने को पंख लगाते हुये रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने ऐलान किया कि उनका समूह अगले चार सालों में देश के तीसरे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में 75 हजार करोड़ का अतिरिक्त निवेश करेगा जिससे एक लाख से अधिक रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में यूपी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के उदघाटन सत्र को संबोधित करते हुये श्री अंबानी ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शुमार भारत के नये ग्रोथ इंजन उत्तर प्रदेश में रिलायंस ने अगले चार साल में उत्तर प्रदेश में खुदरा और नवीकरणीय व्यवसायों में अतिरिक्त 75 हजार करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है, जिससे एक लाख से अधिक अतिरिक्त रोजगार के अवसरों का सृजन होगा। उन्होने कहा कि 2018 तक रिलायंस उत्तर प्रदेश में 50 हजार करोड़ रुपए का निवेश कर चुकी है। अगले चार सालों में समूह की 75 हजार करोड़ रुपए के अतिरिक्त निवेश की योजना है जिससे निवेश के लिये अनुकूल परिस्थितियों वाले इस राज्य में समूह का कुल निवेश सवा लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का हो जायेगा। श्री अंबानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को एक नयी पहचान दी है और अगले पांच साल के भीतर ही उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बन सकता है। उन्होने कहा कि रिलायंस समूह उत्तर प्रदेश में 10 गीगावॉट की रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता को स्थापित करेगा। यह उत्तर प्रदेश में अब तक की सबसे बड़ी अक्षय ऊर्जा परियोजना होगी। इसके अलावा उनका समूह जैविक गैस ऊर्जा के क्षेत्र में भी प्रदेश में निवेश करेगा जिससे पर्यावरण में सुधार आने के साथ किसानों को भी सीधे तौर पर फायद होगा। उन्होने कहा, ह्लहमारे किसान अन्नदाता तो हैं ही, अब ऊर्जा दाता भी बनेंगे। श्री अंबानी ने कहा कि इस साल दिसंबर तक उत्तर प्रदेश के सभी जिलों कस्बो में जिओ की 5 जी सेवा का विस्तार कर लिया जायेगा। उन्होने गांवों और छोटे शहरों में किफायती शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के लिए जियो प्लेटफॉर्म्स के जरिये दो पायलट प्रोजेक्ट्स की भी घोषणा की। उन्होने कहा, जैसे आज पूरी दुनिया के लिए भारत आशा का केंद्र बन गया है वैसे ही आज नए भारत के लिए यूपी आशा का केंद्र बन गया है। नोएडा से गोरखपुर तक लोगों में जोश दिख रहा है।

वकिास की गंगा बह रही है। उत्तर प्रदेश ने कानून व्यवस्था की सेहत सुधारने के बाद इंफ्रास्ट्रक्चर और ईज ऑफ डूइंग में काफी प्रगति की है जिसकी बदौलत आज यह प्रदेश निवेश के लिहाज से पहली पसंद बन चुका है

आईओएस 16.4 में नया होमकिट आर्किटेक्च र जारी कर सकता है एप्पल

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी

टेक दिग्गज एप्पल कथित तौर पर आईओएस 16.4 में अपना नया होमकिट आर्किटेक्च र रिलीज करेगा। एप्पलइंसाइडर की रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि यह अपडेट का नया वर्जन होगा या बग फिक्स होगा। सार्वजनिक स्मार्ट होम मानकों में खोजे गए एक कोड से जानकारी का संकेत दिया गया है। टेक दिग्गज ने पिछले साल दिसंबर में अपने उपकरणों पर नए होमकिट आर्किटेक्च र में अपग्रेड करने के विकल्प को अस्थायी रूप से हटा दिया था। आईओएस 16.2 चलाने वाले उपकरणों पर अपग्रेड होने के बाद कई उपयोगकताओं द्वारा होम ऐप के साथ समस्याओं की सूचना देने के बाद आईफोन निमार्ता ने यह बयान दिया। उपयोगकताओं द्वारा रिपोर्ट की गई समस्याओं में होमकिट

डिवाइस शामिल हैं जो अपडेटिंग या कॉन्फिगरेशन स्थिति दिखा रहे हैं, जैसे डिवाइस पूरी तरह से गायब हो रहे हैं, अन्य उपयोगकताओं के साथ होम साझा करने के लिए निमंत्रण विफल हो रहे हैं, होमकिट सिक्योर वीडियो रिकॉर्डिंग काम नहीं कर रही है। बाद में, पिछले महीने, यह बताया गया था कि 16.3 बीटा में अपने होमकिट आर्किटेक्च र को रिलीज करेगी।

रिलायंस उप्र में 5जी सेवा, खुदरा, नये ऊर्जा कारोबार पर 75 हजार करोड़ रुपये निवेश करेगी : अंबानी

लखनऊ, एजेंसी रिलायंस समूह के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने शुक्रवार को कहा कि वह उत्तर प्रदेश में अगले चार वर्षों में 5जी सेवाएं शुरू करने, खुदरा और नये ऊर्जा कारोबार समेत दूरसंचार नेटवर्क के विस्तार के लिए 75,000 करोड़ रुपये का निवेश करेंगे। उन्होंने

ह्यउत्तर प्रदेश वैश्विक निवेशक सम्मेलनह्ल में कहा कि उनके समूह की दूरसंचार इकाई जियो दिसंबर, 2023 तक पूरे राज्य में 5जी सेवाएं शुरू कर देगी। अंबानी ने कहा कि इसके अतिरिक्त, पेट्रोरसायन से दूरसंचार समूह 10 गीगावॉट नवीकरणीय क्षमता स्थापित करेगा और क्षेत्र में एक जैव-ऊर्जा कारोबार शुरू करेगा।

सीएम योगी ने मोदी के विजन को सराहा, बोले- भारत को वैश्विक मंच पर मिली पहचान

लखनऊ, एजेंसी यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन की चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत को पीएम मोदी की वजह से वैश्विक मंच पर पहचान मिली। उन्होंने कहा कि समिट के लिए हमारे मंत्रियों ने 16 देशों के 21 शहरों की यात्रा की। रोड शो के जरिये हमे अपार सहयोग मिला। सीएम योगी ने कहा अब तक हमें 18645 निवेश प्रस्ताव मिले हैं जिसमें तकरीबन 33 लाख करोड़ के निवेश सम्बन्धी प्रस्ताव हैं। सीएम योगी ने कहा कि यूपी को आगे ले जाने के लिए पीएम मोदी ने जो रूपरेखा तय की है हम उसपर लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में नया उत्तर प्रदेश देश की इकोनॉमी में एक ग्रोथ इंजन के रूप में शामिल होने जा रहा है। इस मौके पर सीएम योगी ने सभी निवेशकों का धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि यहां निवेशकों के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

पेटीएम ने जी20-थीम क्यूआर कोड लॉन्च किया, भारत की अध्यक्षता का मनाया जश्न

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रमुख भुगतान और वित्तीय सेवा कंपनी पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने शुक्रवार को जी20 की भारत की अध्यक्षता और मोबाइल भुगतान में देश के नेतृत्व का जश्न मनाने के लिए एक विशेष जी20-थीम, क्यूआर कोड लॉन्च किया। केंद्रीय रेल और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां इंडिया हैबिटेट सेंटर में ह्यडिजिटल पेमेंट्स उत्सवह्ल के दौरान क्यूआर कोड लॉन्च किया। क्यूआर कोड भुगतान के अग्रणी के रूप में पेटीएम ने भारत में मोबाइल भुगतान क्रांति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। क्यूआर कोड में सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के ह्यडिजिधन मिशनह्ल के लोगो के साथ-साथ जी20 2023 और भारत की स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के लोगो शामिल हैं। पेटीएम के संस्थापक और सीईओ विजय शेखर शर्मा ने कहा, ह्लभारत मोबाइल भुगतान क्रांति में सबसे आगे है, और क्यूआर कोड के अग्रणी के रूप में, पेटीएम यूपीआई को देश के कोने-कोने में ले जा रहा है। वित्तीय समावेशन जी20 के केंद्र में है जो हमारे अभिनव भुगतान समाधान के साथ आधे अरब भारतीयों को मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था में लाने के हमारे मिशन के अनुरूप है।ह्व शर्मा ने कहा, ह्लपेटीएम का जी20-थीम क्यूआर कोड अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग के लिए प्रीमियम फोरम की भारत की अध्यक्षता को समर्पित है, जो देश के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है।ह्व ह्यडिजिटल पेमेंट्स उत्सवह्ल के तहत, पेटीएम एक विशेष अभियान का आयोजन कर रहा है, जिसमें एक ब्रांडेड वाहन दिल्ली भर के विभिन्न इलाकों को कवर करेगा, जहां भारी जन उपस्थिति है। कंपनी ने कहा कि जनता द्वारा डिजिटल भुगतान के बारे में जागरूकता और उपयोग बढ़ाने के मकसद से डिजिटल भुगतान पर शैक्षिक वीडियो चलाए जाएंगे। कंपनी के सहयोगी पेटीएम पेमेंट्स बैंक ने भीम यूपीआई लेनदेन में सबसे कम औसत तकनीकी गिरावट (टीडी) को बनाए रखने के लिए सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय का शीर्ष पुरस्कार जीता। पेटीएम के फाउंडर शर्मा ह्यस्टार्टअप20ह्ल के तहत फाइनेंस टास्क फोर्स के अध्यक्ष भी हैं। टास्कफोर्स वैश्विक निवेशकों के लिए जी20 सदस्य देशों में स्टार्टअप्स को फंड देने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं पर एक ढांचा प्रदान करेगा और मॉडल ढांचे के निर्माण में मदद करेगा जिसे निवेश क्षमताओं के निर्माण के लिए उभरते पारिस्थितिक तंत्रों में लागू किया जा सकता है। पेटीएम का 6.1 मिलियन उपकरणों के साथ ऑफलाइन भुगतान पर दबदबा है। पेटीएम पेमेंट्स बैंक जनवरी 2023 में 1,765.87 मिलियन से अधिक लेनदेन के साथ लगातार 20 महीनों तक सबसे बड़ा यूपीआई लाभार्थी बैंक बना रहा, जो देश के अन्य सभी बैंकों से आगे रहा। एनपीसीआई की लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, 389.61 मिलियन रजिस्टर्ड लेनदेन के साथ, बैंक यूपीआई लेनदेन के लिए शीर्ष 10 प्रेषक बैंकों में से एक है।

कच्चा तेल 85 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर

नई दिल्ली, एजेंसी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव लगातार जारी है। फिलहाल ब्रेंट क्रूट 85 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब कारोबार कर रहा है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक शुक्रवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुप

गुलमर्ग में खेलो इंडिया शीतकालीन खेल का अनुराग ठाकुर ने किया उद्घाटन

श्रीनगर, एजेंसी

विश्व प्रसिद्ध स्की रिसार्ट गुलमर्ग में खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2023 की शुक्रवार को शुरूआत हो गई। केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर व जम्मू-कश्मीर केन्द्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इसका उद्घाटन किया। खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 14 फरवरी तक चलेंगे। इनमें देश के 29 राज्यों के 1500 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इस अवसर पर अनुराग ठाकुर ने खिलाड़ियों व दर्शकों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि इससे खिलाड़ियों को तो लाभ होगा ही पर्यटकों की संख्या भी बढ़ेगी।

उन्होंने कहा कि भारी बर्फबारी के बाद भी खेलों के प्रति लोगों का उत्साह देखकर पता चलता है कि फिट इंडिया अभियान को प्रशासन ने गांव-गांव तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि लोगों का उत्साह बता रहा है कि वे शीतकालीन खेल के लिए कितने उत्सुक हैं। दो वर्षों के बाद फिर से गुलमर्ग में इसका आगाज हो गया है। उधर देश भर से आए खिलाड़ी भी पूरे जोश के साथ प्रदर्शन को तैयार हैं। युवा बढ़-चढ़कर खेलों में हिस्सा ले रहे हैं। खुशी है कि कश्मीर में पर्यटन लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार यहां पर और सुविधाएं बढ़ाएगी जिससे टूरिज्म के साथ रोजगार भी बढ़ेगा।

उन्होंने कहा कि दूसरी ओर बर्फबारी के मौसम में लोग रात में स्कीइंग और लेजर शो का आनंद ले रहे हैं। इससे पता चलता है कि जम्मू कश्मीर बदल चुका है। प्रधानमंत्री विकास पैकेज के तहत जम्मू-कश्मीर प्रशासन शानदार काम कर रहा है। इस योजना के तहत खेल की सुविधाएं, मैदान और इंडोर स्टेडियम बनाने का काम अच्छे तरीके से किया गया है। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया एक ऐसा अभियान है, जिसमें युवा खेल, विश्वविद्यालय खेल व शीतकालीन खेल आयोजित होते हैं। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि खेलो इंडिया विंटर गेम्स 14 फरवरी तक चलेंगे। इससे खिलाड़ियों को फायदा होगा और पर्यटकों की संख्या भी बढ़ेगी।

प्रशासन खिलाड़ियों व पर्यटकों की हर सुविधा व सुरक्षा का पूरा ध्यान रख रहा है। जम्मू-कश्मीर अब विकास के साथ-साथ शांति व समृद्धि की ओर बढ़ चला है। उल्लेखनीय है कि देश भर से आये हुए खिलाड़ी स्कीईंग, एल्पाइन स्कीईंग, स्नो रग्बी, आइस स्टाक स्पोर्ट, स्नो बेसबाल, पर्वतारोहण, स्नो शू रनिंग, आइस हाकी, फिगर स्केटिंग और स्पीड स्केटिंग में अपना दम खम दिखायेंगे। इससे पहले गुरुवार को अनुराग ठाकुर ने टंगमर्ग में स्नो क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन किया था और खुद भी बर्फ के बीच क्रिकेट खेलने का मजा लिया।

संक्षिप्त खबरें

प्रासंगिकता, प्रतिस्पर्धा और मैचों का स्तर बनाये रखने की जरूरत : पोलॉक

सेंचुरियन। दक्षिण अफ्रीका के महान तेज गेंदबाज शॉन पोलॉक का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रासंगिकता और प्रतिस्पर्धा बनाये रखने की जरूरत है ताकि इतने ज्यादा मैचों के बीच खेल की कशिश बनी रहे। केन विलियमसन, ग्रीम स्मिथ और स्टीव वॉ भी अतीत में मैचों की शेड्यूलिंग में संतुलन की मांग कर चुके हैं। पोलॉक ने यहां बातचीत में कहा, मुझे लगता है कि मैच की प्रासंगिकता, स्तर और प्रतिस्पर्धा सबसे अहम है। उन्होंने कहा, मिसाल के तौर पर गोल्फ में मास्टर्स बेहतरीन टूनार्मेंट है क्योंकि साल में एक ही बार होता है। विम्बलडन भी। यहां आप लगातार क्रिकेट खेलते ही जा रहे हैं। इतना कि यह बैकग्राउंड संगीत हो गया है, मुख्य सीडी नहीं रह गया। उन्हें टी20 क्रिकेट का मनोरंजन पसंद है लेकिन उनका मानना है कि बल्ले और गेंद में अच्छी प्रतिस्पर्धा होनी चाहिये। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि टी20 क्रिकेट खालिस मनोरंजन है जिसमें क्रिकेट का पुट है लेकिन यह आपकी क्षमता को परखने की सही कसौटी नहीं है। उन्होंने कहा, लोगों को यह पसंद है। कभी कुछ फुतीर्ला प्रदर्शन, कुछ बल्लेबाजी, कुछ गेंदबाजी मजेदार लगती है लेकिन हमेशा इस स्तर की प्रतिस्पर्धा नहीं होती। स्पोटर्स 18 और जियो सिनेमा द्वारा आयोजित संवाद में पोलॉक ने कहा, आंकड़े बताते हैं कि गेंदबाज कितनी गेंदबाजी कर रहे हैं। जैसे भारतीय गेंदबाज सिर्फ आईपीएल खेल सकते हैं लेकिन हमारे गेंदबाज कहीं भी खेल सकते हैं। वे इतना अधिक क्रिकेट खेल रहे हैं। भारतीय तेज गेंदबाजी में आये बदलाव के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि भारत के पास अब तेज गेंदबाजों का बड़ा पूल है। उन्होंने कहा, ह्यह्यआपके पास कुछ शानदार गेंदबाज पहले भी थे। मुझे लगता है कि जवागल श्रीनाथ को वह श्रेय नहीं मिला, जिसके वह हकदार थे। इसके बाद वेंकटेश प्रसाद और फिर डोडा गणेश। अब आपके पास करीब चार तेज गेंदबाज हैं और एक के चोटिल होने पर दूसरा उसकी जगह ले सकता है। कपिल देव या मनोज प्रभाकर के समय ऐसा नहीं था।

एसए20 : मार्करम के शतक से सनराइजर्स कैपिटल्स ने जोबर्ग सुपर किंग्स को 14 रनों से हराया

सेंचुरियन (दक्षिण अफ्रीका)

कप्तान एडन मार्करम के शानदार शतक की मदद से सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने जोबर्ग सुपर किंग्स को 14 रनों से हरा दिया और फाइनल में जगह बनाने में कामयाब रहे। सनराइजर्स के कप्तान ने इस अवसर को अपनाया और सेंचुरियन में जोबर्ग सुपर किंग्स के खिलाफ दूसरे एसए20 सेमीफाइनल में सिर्फ 58 गेंदों पर 100 रनों की शानदार पारी खेली, जिसने ईस्टर्न केप की टीम को पांच विकेट के नुकसान पर 213 रन पर पहुंचा दिया। मार्करम ने शानदार प्रदर्शन किया। साथ ही जोबर्ग के गेंदबाज लिजाद विलियम्स ने 41 रन देकर चार विकेट झटके, जिसमें दोनों सलामी बल्लेबाज टेम्बा बावुमा (0), एडम रॉसिंगटन (6), मार्करम (100) और स्टब्बस (20) का विकेट शामिल है।

संक्षिप्त स्कोरः

सनराइजर्स ईस्टर्न केप : 213/5 (एडन मार्करम 100, जॉर्डन हरमन 48; लिजाद विलियम्स 4-36)।

जोबर्ग सुपर किंग्स : 20 ओवर में 199/6 (रीजा हेंड्रिक्स 96, रोमारियो शेफर्ड 36 नाबाद; रूलोफ वैन डेर मेरवे 2-23)।

नागपुर टेस्ट में शून्य पर आउट होने के लिए मैथ्यू रेनशॉ को माफ कर दूंगा : पोंटिंग

नागपुर, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि वह बाएं हाथ के बल्लेबाज मैथ्यू रेनशॉ को नागपुर टेस्ट की पहली पारी में शून्य पर आउट होने के लिए माफ कर देंगे। रेनशॉ, रवींद्र जडेजा की बायें हाथ की स्पिन पर गोल्डन डक पर एलबीडब्ल्यू आउट हुए, उससे पहले स्पिनर ने मार्नस लाबुसेन को ड्रेसिंग रूम में वापस भेजा था।

यह उस पहेली का एक हिस्सा था जिसके बारे में मैं बात कर रहा था कि ट्रैविस इस टेस्ट मैच में क्यों नहीं थे। मुझे पता है कि ऑस्ट्रेलियाई चयनकताओं ने मैट रेनशॉ को चुना है, उनका मानना है कि वह स्पिन गेंदबाजी के बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं,₹ पोंटिंग ने कहा। जब आप ऑस्ट्रेलिया में खेल रहे हों तो एक अच्छे स्पिन गेंदबाजी खिलाड़ी के रूप में जाना और पहचाना जाना एक बात है। लेकिन जब आप भारत आते हैं और आप ऐसी विदेशी परिस्थितियों के खिलाफ खेल रहे हैं, तो ये अलग बात है।

आज भी, आप जानते हैं यह टेस्ट मैच का पहला दिन है और आप ऐसी स्थिति देख रहे हैं, जो हमारे अधिकांश खिलाड़ियों ने शायद पहले दिन पहले कभी नहीं देखी होगी। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू शो के एक एपिसोड में कहा, मुझे पता है कि वह आज वो पहली ही गेंद पर आउट हो गए। मैं उन्हें इसके लिए माफ कर दूंगा। पीटर हैंड्सकॉम्ब के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 2019 के बाद से वह अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे हैं और बाएं हाथ के ट्रेविस हेड के बजाय छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 31 रन बनाकर कड़ी टक्कर दी।

टेनिस : शीर्ष वरीयता प्राप्त श्वार्जमैन कॉडरेबा ओपन से बाहर

कॉडोर्बा (अर्जेंटीना), एजेंसी। अर्जेंटीना के शीर्ष वरीय टेनिस खिलाड़ी डिएगो श्वार्जमैन राउंड ऑफ 16 में हमवतन जुआन मैनुअल सेरुंडोलो से सीधे सेटों में हारकर कॉडरेबा ओपन से बाहर हो गए। वर्ल्ड नंबर 28 श्वार्ट्जमैन ने गुरुवार को अपने पहले सर्विस पॉइंट्स में से सिर्फ 61 प्रतिशत अंक जीते और कॉडोर्बा में पोलो डेपोर्टिवो केम्प्स कॉम्प्लेक्स के आउटडोर क्ले पर चार ब्रेक प्वाइंट प्रयासों में से केवल एक को बदला। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सेरुंडोलो ने मैच को एक घंटे 40 मिनट में अपने पहले सर्व पर 67 प्रतिशत अंक हासिल किए। बोलीविया के ह्यूगो डेलियन ने अर्जेंटीना के गुइडो पेला को 6-3, 6-4 से पराजित करने के बाद शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में उनका सामना ह्यूगो डेलियन से होगा।

रवींद्र जडेजा पर उठे सवालों के बीच भारतीय टीम प्रबंधन ने मैच रैफरी को भेजा संदेश

नागपुर, एजेंसी

भारतीय टीम प्रबंधन ने आईसीसी मैच रैफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को सूचित किया है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नागपुर टेस्ट के पहले दिन सोशल मीडिया पर वायरल हुई वीडियो रिकॉर्डिंग में स्टार स्पिनर रवींद्र जडेजा अपने गेंदबाजी हाथ की उंगली पर दर्द निवारक क्रीम का इस्तेमाल कर रहे थे।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में पहले टेस्ट के पहले दिन जडेजा मोहम्मद सिराज से कुछ पदार्थ लेकर अपनी गेंदबाजी की उंगली पर रगड़ रहे थे, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद जडेजा ने स्टीव स्मिथ, मैट रेनशॉ और मार्नस लाबुशेन को आउट कर दिया था।

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इस बात की मैच रेफरी से कोई शिकायत नहीं की है। हालाँकि मैच रेफरी बिना किसी शिकायत के परिस्थितियों के आधार पर ऐसी घटनाओं की स्वतंत्र रूप से जांच कर सकता है। इसके अलावा, यह गारंटी देने के लिए कि गेंद की स्थिति प्रभावित नहीं होती है, गेंदबाज को अपने हाथों पर किसी भी प्रकार की सामग्री लगाने से पहले अंपायर की स्वीकृति लेनी होती है। जडेजा ने नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच विकेट लेकर शानदार वापसी की थी, लेकिन बाएं हाथ के स्पिनर की वापसी गेंद से छेड़छाड़ के आरोपों के बाद विवादों में आ गई है। जडेजा के (5/47) शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 177 रनों पर समेट दिया। जडेजा के अलावा रविचंद्रन अश्विन ने भी तीन विकेट लिए, जबकि मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में, भारतीय बल्लेबाजों ने दूसरे दिन समाचार लिखे जाने तक 4 विकेट पर 159 रन बना लिए हैं। कप्तान रोहित शर्मा 87 और सूर्यकुमार यादव 6 रन बनाकर खेल रहे हैं।

अपनी सर्वश्रेष्ठ एकादश चुनो, वॉर्नर के खराब फॉर्म के मद्देनजर बोले पोंटिंग

मेलबर्न। आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने अपने देश के चयनकताओं को संकेत दिया है कि डेविड वॉर्नर अगर लगातार नाकाम रहते हैं तो अंतिम एकादश में उनकी जगह पर पुनर्विचार किया जा सकता है। वॉर्नर भारत के खिलाफ नागपुर में पहले टेस्ट में सस्ते में आउट हो गए। भारत में उनका टेस्ट रिकॉर्ड बहुत खराब रहा है और वह 22.88 की औसत से ही रन बना सके हैं। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा, मुझे लगता है कि भारत में उसका औसत आठ टेस्ट मैचों में 24 है। एक बार फिर वह नाकाम रहा। वह उन खिलाड़ियों में से है जो कह रहे हैं कि भारत में जीतना एशेज श्रृंखला से भी बड़ा है। उन्होंने कहा कि आस्ट्रेलिया को टेस्ट श्रृंखला जीतनी है तो अपनी सर्वश्रेष्ठ एकादश उतारनी होगी। उन्होंने कहा, अगर चयनकर्ता, कोच और कप्तान को भारत में यह श्रृंखला जीतनी ही है तो उन्हें सर्वश्रेष्ठ अंतिम एकादश उतारनी होगी। अगर कुछ बल्लेबाज नहीं चल रहे हैं तो उनकी जगह पर पुनर्विचार करना होगा। पोंटिंग ने कहा कि अगर एशेज 2021.22 के प्लेयर आफ द सीरिज ट्रेविस हेड को बाहर रखा जा सकता है तो वॉर्नर को क्यो नहीं। उन्होंने कहा, हेड को उपमहाद्वीप में उसके रिकॉर्ड के कारण बाहर रखा गया। इसके अलावा आस्ट्रेलियाई टीम में बायें हाथ के बल्लेबाजों का बाहुल्य भी उनके बाहर होने का कारण था। यही बात डेविड वॉर्नर पर भी लागू होती है।

तीनों प्रारूपों में शतक बनाने वाले पहले भारतीय कप्तान बने रोहित

नागपुर। इंडियन टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने 10 फरवरी 2023 को टेस्ट क्रिकेट में अपना 9वां शतक पूरा कर लिया, इसके साथ ही रोहित शर्मा टेस्ट, एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और टी20 इंटरनेशनल में बतौर कप्तान शतक लगाने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बने। यही नहीं, रोहित शर्मा तीनों फॉर्मेट में बतौर बल्लेबाज और बतौर कप्तान शतक लगाने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। रोहित शर्मा बतौर कप्तान तीनों फॉर्मेट (टेस्ट, वनडे और टी20 इंटरनेशनल) में शतक लगाने वाले दुनिया के चौथे और एशिया के तीसरे क्रिकेटर हैं। रोहित से पहले श्रीलंका के तिलकरत्ने दिलशान, साउथ अफ्रीका के फाफ डुप्लेसिस, पाकिस्तान के बाबर आजम यह उपलब्धि अपने नाम कर चुके हैं। रोहित शर्मा ने 17 महीने बाद टेस्ट क्रिकेट में शतक लगाया है, रोहित शर्मा के बल्ले से पिछला टेस्ट शतक सितंबर 2021 में द ओवल के मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ मैच में आया था। रोहित ने उस मैच की दूसरी पारी में 127 रन बनाए थे।

रोहित शर्मा का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 43वां शतक

रोहित शर्मा ने यह शतक लगाने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ, श्रीलंका के सनत जयसूर्या और वेस्टइंडीज के क्रिस गेल को पीछे छोड़ दिया। रोहित शर्मा का यह 43वां अंतरराष्ट्रीय शतक है। वहीं, स्टीव स्मिथ, सनत जयसूर्या और क्रिस गेल ने अब तक 42 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाए हैं। सनत जयसूर्या ने 586 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 34.14 के औसत से 21032 रन बनाए हैं। क्रिस गेल ने 483 अंतरराष्ट्रीय मैच में 37.97 के औसत से 19593 रन बनाए हैं। स्टीव स्मिथ अब तक 294 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 50.07 के औसत से 14572 रन बना चुके हैं। रोहित शर्मा ने अब तक 435 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 43 के ज्यादा की औसत से 16880 से ज्यादा रन बनाए हैं।

मुरली विजय ने संजय मांजरेकर की आलोचना की

नई दिल्ली। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज मुरली विजय ने खिलाड़ी से कमेंटेटर बने संजय मांजरेकर की आलोचना की। यह घटना भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वीसीए स्टेडियम नागपुर में पहले टेस्ट के दूसरे दिन हुई जब टेलीविजन पर टेस्ट क्रिकेट में एक आंकड़ा दिखाया गया था। विजय भारत में भारतीय बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं, इसके बाद मोहम्मद अजहरुद्दीन, पोली उमरीगर, रोहित शर्मा और विराट कोहली हैं। सबसे ऊपर विजय का नाम देखकर मांजरेकर थोड़ा हैरान हुए और जवाब में पूर्व दाएं हाथ के बल्लेबाज ने ट्विटर के जरिए उनकी खिंचाई कर दी। विजय ने ट्वीट किया, मुंबई के कुछ पूर्व खिलाड़ी कभी भी दक्षिणी खिलाड़ी की सराहना नहीं कर सकते! इसके बाद मांजरेकर ने हैरानी जताते हुए कहा, वाह, विजय का एक और ट्वीट पढ़ा। विजय ने पिछले महीने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की थी। भारत के लिए अपने 61 टेस्ट में, विजय ने 38.29 की औसत से 3982 रन बनाए, जिसमें 12 शतक और 15 अर्धशतक शामिल थे। 2014 के इंग्लैंड के टेस्ट दौरे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी थे। उन्होंने भारत के लिए 17 वनडे और नौ टी20 में भी भाग लिया, जिसमें क्रमशः केवल 339 और 169 रन बनाए। अपने प्रथम श्रेणी करियर में, विजय ने 135 मैच खेले, जिसमें 9205 रन बनाए, जिसमें 25 शतक और 38 अर्धशतक शामिल थे। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में, विजय 2010, 2011 और 2018 में ट्रॉफी जीतने वाली चेन्नई सुपर किंग्स की टीम के अभिन्न सदस्य थे।

शतक रोहित 207 गेंदों पर 15 चौकों और दो छक्कों की मदद से 118 रन बना चुके हैं...

रोहित का शतक, भारत ने चाय से पहले बढ़त बनायी

नागपुर, एजेंसी

भारत ने कप्तान रोहित शर्मा (118 नाबाद) के शतक के दम पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट की पहली पारी में दूसरे दिन चाय तक शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया पर 49 रन की बढ़त बना ली। कप्तानी पारी खेलते हुए रोहित 207 गेंदों पर 15 चौकों और दो छक्कों की मदद से 118 रन बना चुके हैं। रवींद्र जडेजा 34 रन बनाकर रोहित के साथ क्रीज पर मौजूद हैं। भारत के लिये दिन की शुरूआत अच्छी नहीं रही और टॉड मर्फी ने पहले सत्र में ही नाइट वॉचमैन रविचंद्रन अश्विन (22) एवं चेतेश्वर पुजारा (सात रन) को पवेलियन भेज दिया। लंच के बाद भी मर्फी ने कसी हुई गेंदबाजी जारी रखी और विराट कोहली (12) उनकी गेंद पर विकेटकीपर एलेक्स कैरी को कैच थमी बैठे। टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर रहे सूर्यकुमार यादव भी ज्यादा कुछ नहीं कर सके और नौ रन के स्कोर पर नेथन लायन का शिकार हो गये। इसके बाद हालांकि रोहित और जडेजा ने भारतीय पारी को संभाल लिया। रोहित ने इसी बीच अपनी पारी की 171वीं गेंद पर टॉड मर्फी को चौका लगाकर अपना शतक पूरा किया। रोहित-जडेजा के बीच 58 रन की नाबाद साझेदारी हो चुकी है।

अमेरिका को रूस के साथ भारत के संबंधों, उसके गिरते लोकतांत्रिक मूल्यों पर ध्यान देना जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

सीनेट की विदेश मामलों से संबंधित समिति की डेमोक्रेटिक पार्टी की एक रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन को रूस के साथ भारत के संबंधों और उसके लोकतांत्रिक मूल्यों और संस्थानों में आ रही गिरावट पर ध्यान देने की जरूरत है, खासकर तब, जब अमेरिका हिंद-प्रशांत और क्वाड (चतुष्क्षीय संवाद समूह) पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। रिपोर्ट में एक मजबूत और लोकतांत्रिक भारत का समर्थन करने का आह्वान किया गया है। सीनेट के विदेश मामलों के अध्यक्ष सीनेटर रॉबर्ट मेनेंडेज ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका को सभी संसाधनों और सरकार के पूर्ण समर्थन के साथ हिंद-प्रशांत (रणनीति) की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। ह्यस्ट्रेटेजी एलाइनमेंटः द इम्पेरेटिव ऑफ रिसॉर्सिंग द इंडो-पैसिफिक स्ट्रेटेजी नामक रिपोर्ट बृहस्पतिवार को जारी की गई। रिपोर्ट के अनुसार, बाइडन प्रशासन अपनी हिंद-प्रशांत रणनीति को पूरी तरह से चीन के खिलाफ न रखने को लेकर सही है। हालांकि इसमें सफलता पाने के लिए अमेरिका को इस प्रतिस्पर्धा की वास्तविकताओं से जूझना होगा और अपने क्षेत्रीय सहयोगियों तथा भागीदारों की चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। अपनी सातवीं एवं आखिरी सिफारिश में मेजर स्टाफ रिपोर्ट ने एक मजबूत और लोकतांत्रिक भारत का समर्थन करने का आह्वान किया है। रिपोर्ट में कहा गया है, भले ही प्रशासन का भारत को एक महत्वपूर्ण सुरक्षा भागीदार मानना सही है, लेकिन उसे रक्षा उपकरणों के लिए रूस के साथ भारत के निरंतर संबंधों और निर्भरता की वास्तविक जटिलताओं और हाल ही में उसके लोकतांत्रिक मूल्यों तथा संस्थानों में आई गिरावट को दूर करने के लिए काम करना होगा। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका और चीन भारत के सबसे बड़े व्यापारिक भागीदार बनने की होड़ करते हैं। भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जून 2022 में बताया था कि अमेरिका के साथ व्यापार चीन से अधिक हो गया है, जो अमेरिका और भारत के बीच बढ़ते घनिष्ठ संबंधों को दशार्ता है। रिपोर्ट में कहा गया, दरअसल, दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्रों के बीच संबंध दो दशकों से अधिक समय से काफी बेहतर स्थिति में हैं। दोनों देशों के संबंध शीतयुद्ध की दुश्मनी, भारत के परमाणु कार्यक्रम और 1998 में परमाणु परीक्षण को लेकर उत्पन्न मतभेद से ऊपर उठ चुके हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि हाल के वर्षों में सुरक्षा संबंध नाटकीय रूप से गहरे हुए हैं, क्योंकि दोनों देश चीन के कदमों को लेकर अधिक चिंतित हैं। इसमें कहा गया है, अमेरिका और भारत अब प्रमुख रक्षा साझेदार हैं और दोनों देशों ने क्वांटम कंप्यूटिंग, 5जी और 6जी नेटवर्क, अंतरिक्ष, सेमीकंडक्टर, बायोटेक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर सहयोग बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण तथा उभरती प्रौद्योगिकियों की दिशा में एक नई पहल की है।

मेनेंडेज ने कहा

मेरा मानना है कि राष्ट्रपति बाइडन की एक साल पहले जारी की गयी हिंद-प्रशांत रणनीति इस सरकार के समग्र दृष्टिकोण को अपनाती है। यदि यह रणनीति सफल हुई तो इससे 21वीं सदी में दुनिया के सबसे अधिक परिणामी और गतिशील क्षेत्र में अमेरिका का नेतृत्व मजबूत होगा।

यूरोपीय संघ ने यूक्रेन को समर्थन जारी रहने का दिया आश्वासन

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने यूक्रेन के राष्ट्रपति ब्लादिमिर जेलेंस्की को यूरोपीय संघ के निरंतर समर्थन का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि रूस के खिलाफ प्रतिबंधों के 10वें दौर की तैयारी चल रही है। लेयेन ने कहा कि यूक्रेन और यूरोपीय संघ एक परिवार हैं। रूस के खिलाफ अपनी लड़ाई में उसे यूरोप का समर्थन मिलता रहेगा। यूरोपीय संघ के नेताओं की बैठक को संबोधित करने के बाद जेलेंस्की ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, आप हम पर भरोसा कर सकते हैं। हम अपना पूरा समर्थन देना जारी रखेंगे। बेल्जियम की राजधानी यूक्रेन के राष्ट्रपति के यूरोप दौरे का तीसरा पड़ाव थी। वह संसद को संबोधित करने और यूके के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मिलने के लिए बुधवार को लंदन गए थे। उन्होंने बकिंघम पैलेस में किंग चार्ल्स तृतीय से भी मुलाकात की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इसके बाद वह फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन और जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज के साथ राष्ट्रपति एलिसी पैलेस में आयोजित एक त्रि-पक्षीय रात्रिभोज के दौरान पेरिस गए। जेलेंस्की ने गुरुवार को मैक्रॉन के साथ ब्रसेल्स की यात्रा की, जहां उन्होंने यूरोपीय सांसदों को संबोधित किया और बाद में यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के सभी 27 नेताओं के विशेष शिखर सम्मेलन में भी भाषण दिया। 01 मार्च, 2022 को के बाद जेलेंस्की की यूरोपीय संसद (ईपी) की यह पहली आधिकारिक यात्रा थी। ईपी को संबोधित करते हुए, जेलेंस्की ने कहा कि एक यूक्रेन जो जीत रहा है, वह यूरोपीय संघ का सदस्य बनने जा रहा है। ईपी के अध्यक्ष रॉबर्टा मेट्सोला ने जेलेंस्की से कहा कि यूक्रेन यूरोप है और आपके देश का भविष्य यूरोपीय संघ में है। बाद में उन्होंने वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह इस साल अपने देश के यूरोपीय संघ में शामिल होने पर चर्चा शुरू करने की उम्मीद करते हैं और लंबी दूरी की मिसाइलों सहित अधिक हथियारों के लिए अपने अनुरोध को दोहराया। वॉन डेर लेयेन ने कहा कि यूरोपीय संघ ने पिछले साल यूक्रेन की मदद के लिए 67 बिलियन यूरो (72 बिलियन डॉलर) जुटाए थे। उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ आने वाले दिनों में रूस के खिलाफ प्रतिबंधों के 10वें पैकेज का प्रस्ताव करेगा, जिसमें 10 अरब यूरो से अधिक मूल्य के अतिरिक्त निर्यात प्रतिबंध शामिल होंगे।

संक्षिप्त

हिंद-प्रशांत देशों की बढ़ती सैन्य क्षमता से चीन बेचैन, कर रहा जासूसी

हिंद-प्रशांत पर सीनेट की विदेश मामलों की उपसमिति की अध्यक्ष यंग किम ने चीन पर कांग्रेस में चर्चा के दौरान दावा किया कि चीन ने अपने जासूसी गुब्बारों से भारत और अन्य देशों निशाना बनाया है। यह गुब्बारे चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) के बड़े अभियान का हिस्सा हैं। इनके जरिए ताइवान, जापान, भारत और फिलीपीन जैसे हिंद-प्रशांत देशों की सैन्य क्षमता की जानकारी एकत्र की गई है। इस दौरान हिंद-प्रशांत सुरक्षा मामलों के रक्षा सहायक मंत्री एली रैटनर ने कहा कि अमेरिका, भारत के साथ रक्षा संबंधों को मजबूत कर रहा है। इससे चीन द्वारा पेश की जा रही चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा अमेरिका सरकार ने भारत के साथ महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी पहल की शुरुआत की है। रैटनर ने कहा कि भारत और अमेरिका हिंद-प्रशांत क्षेत्र में ताकत के उचित संतुलन को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अमेरिका की उप विदेश मंत्री वेंडी शर्मन ने कहा कि अमेरिका ने भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान के साथ ह्यक्वाडह्न (चतुष्पक्षीय समूह) साझेदारी में निवेश किया है। हम अपने साझा हितों और मूल्यों जैसे लोकतंत्र, स्पष्टता और निष्पक्षता को मजबूत करने और चीन की चुनौतियों से निपटने के लिए समान विचारधारा वाले देशों को एकसाथ ला रहे हैं। सीनेट की विदेश संबंधों से जुड़ी समिति के अध्यक्ष सीनेटर रोजर विकर ने कहा कि चीन दशकों से क्षेत्र में अपने दावों को मजबूत करने में सक्रिय है और आक्रामकता दिखा रहा है। इस संबंध में पेंटागन के एक शीर्ष अधिकारी ने गुरुवार को सांसदों से कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में ताकत का उचित संतुलन बनाए रखने के लिए अमेरिका, भारत के साथ रक्षा संबंधों को मजबूत कर रहा है।

रूस की आवासीय इमारत में धमाका, दो साल के बच्चे सहित 12 की मौत

रूस की एक आवासीय इमारत में हुए धमाके से दो साल के बच्चे सहित 12 लोगों की मौत हो गई। धमाके से इमारत के तीस फ्लैट क्षतिग्रस्त हुए हैं। दो बच्चों सहित दस लोगों की जानकारी नहीं मिलने के कारण मृतक संख्या बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक दक्षिण मध्य रूस के नोवोसिबिर्स्क शहर में स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजकर 43 मिनट पर अचानक एक विस्फोट हुआ। विस्फोट इतना भयावह था कि पांच मंजिला इमारत के दो प्रवेश द्वार ढह गये। इस कारण इमारत भीषण आग की चपेट में आ गयी। आग लगने से इमारत के तीस फ्लैट क्षतिग्रस्त हो गए। आग की सूचना पर पहुंचे अग्निशमन दस्ते ने आग बुझाने की मशक्कत शुरू की तब तक पूरे क्षेत्र में दहशत का वातावरण बन चुका था। बचाव दल ने आग के शिकार लोगों को निकालना शुरू किया तो पता चला कि दो साल के एक बच्चे सहित 12 लोगों की मौत हो चुकी थी।

पाकिस्तान में बिना इंधन के कई पेट्रोल पंप

पर्याप्त उपलब्धता के दावों और जमाखोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की पाकिस्तान सरकार की चेतावनी के बीच, पंजाब प्रांत में पेट्रोल की कमी बड़े पैमाने पर जनता के दैनिक जीवन को प्रभावित कर रही है। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, दूरदराज के इलाकों में स्थिति बेहद खराब है, जहां एक महीने से आपूर्ति नहीं है। दूसरी ओर, पाकिस्तान पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन (पीपीडीए) ने सभी तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) को मांग के अनुसार पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित नहीं करने के लिए जिम्मेदार ठहराया है, जिससे पंप सूख रहे हैं और मोटर चालक शहरों में पेट्रोल खोजने के लिए भटक रहे हैं। दावे को खारिज करते हुए, ओएमसी एसोसिएशन ऑफ पाकिस्तान (ओएमएपी) ने कहा कि कुछ पंप पेट्रोल की जमाखोरी में शामिल थे और पेट्रोलियम की कीमतों में अपेक्षित वृद्धि को ध्यान में रखते हुए अधिक मुनाफा कमाने के लिए आर्टिफिशियल कमी पैदा कर रहे थे। पीपीपीडीए पंजाब के सूचना सचिव ख्वाजा आतिफ ने दावा किया, ह्लवर्तमान में, लाहौर और उसके बाहरी इलाकों में कुल 450 पंपों में से 30 से 40 प्रतिशत के पास सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी कंपनी और दो अंतरराष्ट्रीय फर्मों सहित ओएमसी से कम आपूर्ति के कारण पेट्रोल नहीं है। पहले इन तीन कंपनियों को कथित तौर पर इस तरह की प्रथाओं में शामिल नहीं होना था। लेकिन अब वे औरों की तरह इस तरह के हथकंडे अपनाने लगे हैं। डॉन के अनुसार, उन्होंने कहा कि इसी तरह, गुजरांवाला, फैसलाबाद, शेखुप्रा, सरगोधा, साहीवाल, कसूर और अन्य जिलों में कई पंप कई दिनों से बंद हैं। आतिफ ने कहा, हालांकि, विभिन्न जिलों के दूरदराज के इलाकों में स्थिति काफी खराब है, जहां पंप लगभग एक महीने से बंद हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अगर पेट्रोल पंप जमाखोरी में शामिल होते हैं तो उन पर संबंधित जिला प्रशासन द्वारा जुमार्ना लगाया जाएगा।

रूस 2030 तक प्रतिवर्ष 360 उपग्रहों तक बढ़ाने में सक्षम होगा: बोरिसोव

नई दिल्ली, एजेंसी

रूस की अंतरिक्ष एजेंसी रोसकोसमोस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) यूरी बोरिसोव ने कहा कि देश 2030 तक अपने कक्षीय समूह को 360 उपग्रहों तक बढ़ाने में सक्षम होगा, लेकिन इसके लिए हमें उत्पादन में बढाना होगा। श्री बोरिसोव ने यह जानकारी रूसी समाचार एजेंसी को दी है। कि यदि उन्होंने कहा लेकिन हम अंतरिक्ष सेवाओं के वैश्विक बाजार में आज के 3.5 प्रतिशत की तुलना में घटकर 0.5 प्रतिशत पर पहुंच जाएंगे। भारत, जो आज वास्तव में रूस से बहुत पीछे है, लेकिन वह उपग्रहों की संख्या में हमसे पांच गुना आगे निकल जाएगा। उन्होंने इसके बारे में अमेरिका, यूरोप और चीन का कोई उल्लेख नहीं किया। श्री बोरिसोव ने कहा कि रूस एक साल में 42 उपग्रहों का उत्पादन कर सकता है, जबकि अमेरिका 1,000 उपग्रहों का उत्पादन करता है और चीन 450 उपग्रहों का उत्पादन करता है। रूस उपग्रह उत्पादन के औद्योगिक मॉडल में पारगमन से चूक गया है। अंतरिक्ष एजेंसी के सीईओ ने कहा कि आज उत्पादन को बढ़ाने की आवश्यकता है जिससे हम 2025 तक प्रति वर्ष 250 उपग्रहों और 2030 तक एक दिन में एक उपग्रह तक पहुंच सकें। श्री बोरिसोव ने कहा कि 2030 तक रूस के कक्षीय समूह में कम से कम 1000-1200 उपग्रह शामिल होने चाहिए।

श्री बोरिसोव ने कहा

हम इसमें कुछ बदलाव नहीं करते हैं तो हमारे पास 2030 तक लगभग 360 उपग्रहों का एक समूह होगा, जो कि आज के 190 की तुलना में बहुत ज्यादा है।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उचित संतुलन के लिए भारत के साथ संबंधों में निवेश कर रहे: अमेरिका

- भारत और अन्य देश चीन के जासूसी गुब्बारों का निशाना हैं।
- भारत के साथ अपने रक्षा संबंधों में महत्वपूर्ण निवेश कर रहे हैं।

नई दिल्ली, एजेंसी



अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन के एक शीर्ष अधिकारी ने बृहस्पतिवार को सांसदों से कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में ताकत का उचित संतुलन बनाए रखने के लिए अमेरिका भारत के साथ रक्षा संबंधों में निवेश कर रहा है। हिंद-प्रशांत सुरक्षा मामलों के रक्षा सहायक मंत्री एली रैटनर ने चीन पर कांग्रेस में चर्चा के दौरान सीनेट की विदेशी संबंधों से जुड़ी समिति से कहा कि भारत के साथ संबंधों को मजबूत करना चीन द्वारा पेश की जा रही चुनौतियों से निपटने के महत्वपूर्ण कारकों में से एक है। उन्होंने कहा, इस महीने की शुरूआत में, अमेरिका सरकार ने भारत के साथ महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी पहल की शुरूआत की, जिसमें प्रमुख रक्षा मंचों के सह-निर्माण के अवसरों पर गहन चर्चा शामिल है। रैटनर ने कहा, हम हिंद-प्रशांत क्षेत्र में ताकत के उचित संतुलन को बनाए रखने के लिए भारत के साथ अपने रक्षा संबंधों में महत्वपूर्ण निवेश कर रहे हैं। अमेरिका की उप विदेश मंत्री वेंडी शर्मन ने कहा कि अमेरिका ने भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान के साथ क्वाड (चतुष्पक्षीय समूह) साझेदारी में निवेश किया है। सीनेट की विदेश संबंधों से जुड़ी समिति के अध्यक्ष सीनेटर रोजर विकर ने कहा कि चीन दशकों से क्षेत्र में अपने दावों को मजबूत करने में सक्रिय है और आक्रामकता दिखा रहा है। उन्होंने कहा, पिछले 60 वर्षों में, चीन ने सोवियत संघ के साथ एक परमाणु संघर्ष का लगभग जोखिम उठाया, वियतनाम के साथ युद्ध लड़ा और हाल में भारत के साथ कई हिंसक झड़पें कीं ताकि अपने क्षेत्रीय दावे को मजबूत कर सके। विकर ने कहा कि वह चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी की पहुंच बढ़ाने के नाम पर दक्षिण और पूर्वी चीन सागर में आक्रामक क्षेत्रीय दावे करना जारी रखता है। हिंद-प्रशांत पर सदन की विदेश मामलों की उपसमिति की अध्यक्ष यंग किम ने दावा किया कि भारत और अन्य देश चीन के जासूसी गुब्बारों का निशाना हैं। किम ने कहा कि जासूसी गुब्बारे चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) के एक बड़े अभियान का हिस्सा हैं, जिसके जरिए ताइवान, जापान, भारत और फिलीपीन जैसे हिंद-प्रशांत देशों में सैन्य संपत्ति की जानकारी एकत्र की गई।

अमेरिका सरकार

हम अपने साझा हितों व मूल्यों जैसे लोकतंत्र, स्पष्टता और निष्पक्षता को मजबूत करने के लिए और पीआरसी (पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना) द्वारा पेश की जा रही चुनौतियों से निपटने के लिए दुनिया भर में समान विचारधारा वाले भागीदारों को एकसाथ ला रहे हैं।

इस्लामिक स्टेट चरमपंथियों से खतरा अब भी कायम : संरा

संयुक्त राष्ट्र के आतंकवाद-रोधी मामलों के प्रमुख ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस्लामिक स्टेट चरमपंथियों का खतरा अब भी कायम है और संघर्ष वाले क्षेत्रों के आसपास यह और बढ़ गया है। साथ ही अफ्रीका के मध्य, दक्षिण और सहेल क्षेत्रों में इसका विस्तार विशेष रूप से चिंताजनक है। अवर महासचिव व्लादिमीर वोरोन्कोव ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया कि दाएश नाम से पहचाना जाने वाला यह समूह इंटरनेट, सोशल मीडिया, वीडियो गेम और गेमिंग मंच का इस्तेमाल ह्यह्यलोगों को कट्टरपंथी बनाने और भर्ती करने के लिए कर रहा है। उन्होंने निगरानी और टोही के लिए डिजिटल मंच के साथ-साथ पैसे जुटाने के लिए ड्रोन के निरंतर इस्तेमाल का जिक्र करते हुए कहा, ह्यह्यदाएश का नई और उभरती प्रौद्योगिकियां का इस्तेमाल करना चिंता का एक प्रमुख कारण बना हुआ है।वोरोन्कोव ने कहा कि इस्लामिक स्टेट और उसके सहयोगियों से उच्च जोखिम का खतरा कायम है, जिसमें अफ्रीका के कुछ हिस्सों में उसका निरंतर विस्तार शामिल है। यह इससे निपटने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता को रेखांकित करता है, जो न केवल सुरक्षा पर, बल्कि संघर्षों को रोकने के उपायों पर भी केंद्रित हो। इस्लामिक स्टेट ने सीरिया और इराक में एक बड़े क्षेत्र में विद्रोह छेड़ दिया था, जहां उसने 2014 में कब्जा कर लिया था। तीन साल के खूनी संघर्ष के बाद 2017 में चरमपंथी समूह को औपचारिक रूप से इराक में पराजित किया गया। इस संघर्ष में कई हजार लोग मारे गए थे और कई शहर बर्बाद हो गए थे, लेकिन इसके ह्यस्लीपर सेलह्न दोनों देशों में बने हुए हैं। ूमन राइट्स वॉचह्न की दिसंबर में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, करीब 65,600 संदिग्ध इस्लामिक स्टेट के सदस्य और उनके परिवार अब भी अमेरिकी सहयोगी कुर्द समूहों के द्वारा संचालित पूर्वोत्तर सीरिया के शिविरों और जेलों में बंद हैं।

दक्षिण अफ्रीका में बिजली संकट के कारण आपदा की स्थिति की घोषणा

नई दिल्ली, एजेंसी

- नया मंत्री राष्ट्रीय ऊर्जा संकट समिति के काम देखने के साथ-साथ बिजली संकट से निपटने के लिए सभी पहलुओं पर गौर करेगा।

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने केप टाउन में अपने वार्षिक स्टेट ऑफ द नेशन (एसओटीएन) संबोधन के दौरान देश में बिजली संकट के कारण आपदा की स्थिति की घोषणा की। कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण देश में घोषित आपदा की स्थिति को हटाए जाने के 10 महीने बाद यह घोषणा की गई है। रामाफोसा ने घोषणा की कि इस मामले से अधिक प्रभावी ढंग से और तत्काल निपटने के लिए एक बिजली मंत्री नियुक्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नया मंत्री राष्ट्रीय ऊर्जा संकट समिति के काम देखने के साथ-साथ बिजली संकट से निपटने के लिए सभी पहलुओं पर गौर करेगा। उन्होंने कहा, ऊर्जा संकट हमारी अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने के लिए एक संभावित खतरा है। हमें इन उपायों को बिना विलंब के तुरंत लागू करना चाहिए। उन्होंने बृहस्पतिवार शाम अपने संबोधन में बिजली आपूर्ति संकट के अलावा बेरोजगारी, अपराध और हिंसा समेत कई चुनौतियों का जिक्र किया। राष्ट्रपति ने अपने स्टेट ऑफ द नेशन संबोधन में यह भी स्वीकार किया कि एक समय था जब वह पद छोड़ने पर विचार कर रहे थे, लेकिन पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला के प्रयासों से उन्हें पद पर बने रहने की प्रेरणा मिली। रामाफोसा ने कहा कि उनकी सरकार और उनकी पार्टी अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी) जिन संकटों का सामना कर रही थी, उनके बीच उनकी अंतरात्मा ने उन्हें पद पर बने रहने को कहा। उन्होंने कहा, मेरी अंतरात्मा हमेशा कहती है कि नेल्सन मंडेला के नक्शेकदम पर चलो, क्योंकि उन्होंने महान बलिदान दिएह्न मंडेला दक्षिण अफ्रीका के पहले लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति थे। इससे पहले रंगभेदी सरकार के राजनीतिक कैदी के रूप में 27 साल उन्होंने जेल में बिताए थे। रामाफोसा ने अपना संबोधन समाप्त करते हुए कहा, मेरी अंतरात्मा मुझे कहती थी कि इस देश को महान बनाने के लिए आप जो कुछ भी कर सकते हैं करें..और मैं ठीक वहीं कर रहा हूं। हमारे सामने आने वाली सभी चुनौतियों के बावजूद मैं हम सभी से दक्षिण अफ्रीका के लोगों की सेवा करने के लिए यथासंभव योगदान देने का आह्वान करता हूं।

तुर्की व सीरिया में भूकंप से मरने वालों की संख्या 21 हजार के पार

नई दिल्ली, एजेंसी

तुर्की और सीरिया में चार दिन पहले आए विनाशकारी भूकंप में मरने वालों की संख्या 21 हजार से अधिक हो गई है। तुर्की के उप राष्ट्रपति फुअत ओकटे ने गुरुवार को कहा कि भूकंप से मरने वालों की संख्या तुर्की में 17,674 हो गई। 72,879 लोग घायल हुए हैं। मीडिया रिपोटरें के अनुसार सीरिया में सरकार के कब्जे वाले क्षेत्रों में 1,678 लोग मारे गए, और विपक्ष के कब्जे वाले क्षेत्रों में मरने वालों की संख्या 2,190 तह पहुंच गई। भारत व चीन समेत दुनिया भर के देश भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्य में लगे हैं।

तुर्की में मलबे में दबे लोगों के बचने की संभावना होती जा रही धूमिल

बचाव दल भूकंप से ढही इमारतों के मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए हरसंभव कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अब उनके बचने की संभावना बहुत धूमिल होती जा रही है। तुर्की के आपदा और आपातकालीन प्रबंधन प्राधिकरण (एएफएडी) के अनुसार विनाशकारी भूकंप से देश में मरने वालों की संख्या गुरुवार तक 17,134 हो गई। 10 प्रांतों में खोज के प्रयास समाप्त होने के बाद हताहतों की संख्या में और वृद्धि होने की उम्मीद है। विशेषज्ञों ने कहा है कि देश में सोमवार को आए भूकंप के 72 घंटों के बाद मलबे में दबे लोगों के बचने की संभावना बहुत कम हो गई है। फिर भी कुछ जीवित लोग मलबे से बाहर निकाले गए हैं, जो किसी चमत्कार से कम नहीं है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार गुरुवार को तुर्की की बचाव टीमों ने मेराल नकीर नाम की 60 वर्षीय महिला को मलत्या में एक अपॉर्टमेंट के मलबे से बाहर निकाला। घायल महिला को प्रशिक्षित कुत्ते कोपुक की मदद से छह मंजिला इमारत के मलबे से निकाला गया। गोल्डन रेट्रिवर रेस्क्यू डॉग ने उसी साइट पर दो दिनों तक सेवा की और छह लोगों को बचाया। अंताक्या, हटे में चीनी और तुर्की के बचावकर्मियों ने अपने संयुक्त अभियान के जरिए गुरुवार को ढही इमारतों के मलबे से तीन महिलाओं को बचाया, इस दौरान दो शव भी बरामद किए गए। उधर, तुर्की की संसद ने गुरुवार को तीन महीने के आपातकाल को लागू करने की मंजूरी दे दी। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने कहा था, कि राज्य इस अधिकार का उपयोग कुछ लोगों के दुर्भावनापूर्ण कृत्यों को रोकने के लिए करेगा। भूकंप प्रभावित प्रांतों में से एक, दक्षिणी गजियांटेप में राष्ट्रपति ने कहा कि भूकंप के कारण घरों को खोने वालों के लिए अस्थायी आवास के लिए कंटेनर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जबकि एक वर्ष में तीन या चार मंजिला इमारतें बनाने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने भूकंप पीड़ितों में से प्रत्येक को 10,000 तुर्की लीरा (530 डॉलर) आवंटित करने का भी वादा किया। एर्दोगन ने स्वीकार किया कि आपदा के पहले दिन तत्काल कार्रवाई में कमियां थीं। आपदा क्षेत्रों में बड़ी संख्या में लोग बेघर हो गए हैं। इन इलाकों में जिन बच्चों के परिवार और रिश्तेदारों से संपर्क नहीं हो पाता, उनके लिए कॉल सेंटर स्थापित किया गया। भूकंप प्रभावित इलाकों से सैकड़ों लोगों को अन्य प्रांतों के अस्पतालों में भेजा गया। पीड़ितों की मदद के लिए कई स्वयंसेवक भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में आए। बचाव प्रयासों में सहायता के लिए 82 सदस्यीय चीनी बचाव दल और कई नागरिक टीमों सहित अंतर्राष्ट्रीय खोज और बचाव दल तुर्की पहुंचे हैं।

खालिस्तान | **खालिस्तान समर्थक समूहों द्वारा फैलाए जा रहे झूठे आख्यान के खिलाफ भी चेतावनी.....**

कश्मीर, खालिस्तानी समर्थक अतिवाद पर भारत विरोधी बयानबाजी के खिलाफ सचेत किया

- रोकथाम रणनीति में समीक्षा की सभी सिफारिशों को तेजी से लागू करने का इरादा रखती हैं।

नई दिल्ली, एजेंसी

आतंकवाद को रोकने संबंधी ब्रिटेन सरकार की एक योजना की समीक्षा में देश के लिए प्राथमिक खतरे के रूप में इस्लामी अतिवाद से निपटने में सुधार की सिफारिशें की गई हैं और कश्मीर को लेकर ब्रिटेन के मुसलमानों के कट्टर रवैये और खालिस्तान समर्थक अतिवाद समेत बढ़ती चिंताओं के अन्य क्षेत्रों को भी चिह्नित किया गया है। सरकार की आतंकवाद-रोधी शुरूआती हस्तक्षेप रोकथाम रणनीति की इस सप्ताह प्रकाशित समीक्षा में चेतावनी दी गई कि विशेष रूप से कश्मीर के विषय में भारत विरोधी भावना को भड़काने के संदर्भ में पाकिस्तान की बयानबाजी ब्रिटेन के मुस्लिम समुदायों को प्रभावित कर रही है। इसमें ब्रिटेन में एक छोटी संख्या में सक्रिय खालिस्तान समर्थक समूहों द्वारा फैलाए जा रहे झूठे आख्यान के खिलाफ भी चेतावनी दी गई है। समीक्षा में कहा गया, मैंने ब्रिटेन के चरमपंथी समूहों से जुड़े साक्ष्य देखे हैं। साथ ही मैंने कश्मीर में हिंसा का आह्वान करने वाले एक पाकिस्तानी मौलवी के ब्रिटेन में समर्थक देखे हैं। मैंने ऐसे साक्ष्य भी देखे हैं, जो दिखाते हैं कि कश्मीर से संबंधित उकसावे में ब्रितानी इस्लामियों की बहुत रुचि होती है। समीक्षा में कहा गया कि इस बात पर विश्वास करने की कोई वजह मौजूद नहीं है कि यह मुद्दा ऐसे ही समाप्त हो जाएगा, क्योंकि इस्लामवादी आने वाले वर्षों में इसका फायदा उठाना चाहेंगे। इसमें कहा गया, इसकी रोकथाम संभवतः प्रासंगिक है, क्योंकि ब्रिटेन में आतंकवाद के अपराधों के कई ऐसे दोषी पाए गए हैं जिन्होंने पहले कश्मीर में लड़ाई लड़ी थी। इसमें वे लोग भी शामिल हैं जो बाद में अल-कायदा में शामिल हो गए। रिपोर्ट में खालिस्तान समर्थक अतिवाद के मुद्दे पर कहा गया, ब्रिटेन के सिख समुदायों में उत्पन्न हो रहे खालिस्तान समर्थक चरमपंथ के प्रति भी सावधान रहना चाहिए। ब्रिटेन में सक्रिय खालिस्तान समर्थक समूहों की एक छोटी संख्या द्वारा यह झूठा आख्यान फैलाया जा रहा है कि सरकार सिखों को परेशान करने के लिए भारत में अपने समकक्ष के साथ मिलीभगत कर रही है। इसमें कहा गया, ऐसे समूहों के आख्यान भारत में खालिस्तान समर्थक आंदोलन के दौरान की गई हिंसा का महिमामंडन करते हैं। वर्तमान में अभी खतरा कम है, लेकिन विदेशों में हुई हिंसा की प्रशंसा करना और साथ ही घरेलू स्तर पर सरकार की अगुवाई में दमन के अभियान में विश्वास करना भविष्य के लिए संभवतः खतरनाक हो सकता है। समीक्षा में पाया गया कि इस्लामी चरमपंथ ब्रिटेन के लिए ह्यह्यआतंकवादी खतरे का प्राथमिक कारण हैं। ब्रिटेन की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने बुधवार को हाउस ऑफ कॉमन्स में कहा कि वह रोकथाम रणनीति में समीक्षा की सभी सिफारिशों को तेजी से लागू करने का इरादा रखती हैं। भारतीय मूल की मंत्री ने सांसदों से कहा, सच यह है कि इस्लामवाद से निपटने का अर्थ मुस्लिम विरोधी होना नहीं है और यदि हमें इसे प्रभावी तरीके से करना है, तो हमें मुस्लिम समुदायों के साथ मिलकर काम करना जारी रखना चाहिए।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555